तापमान
अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 82,429.90
निफ्टी 24,924.70
सोना 95,812
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 13 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 121 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 14 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### अमेरिका व चीन में बनी ट्रेड डील पर सहमति

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### मुझे वो आंसू याद रहेंगे, जो तुमने कभी नहीं दिखाए: अनुष्का

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### 32 नागरिक हवाई अड्डों पर विमान संचालन शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हिंडन, श्रीनगर, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट और भुज समेत देश के 32 हवाई अड्डों को नागरिक विमान परिचालन के लिए फिर से खोल दिया है। सरकार ने पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर इन हवाई अड्डों पर संचालन 15 मई 2025 को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। अब इस पाबंदी को हटा लिया है। ये हवाई अड्डे अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान परिचालन के लिए उपलब्ध हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे एयरलाइनों से सीधे उड़ान की स्थिति की जांच करें।

## सिंधु जल संधि पर मोदी का साफ इशारा

# पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान के साथ ही दुनिया को सीधा संदेश दे दिया है। उन्होंने कहा है कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते हैं। टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते, अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान से बात होगी, तो पीओके पर होगी।

कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। सीजफायर के 51 घंटे बाद पीएम मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। सीजफायर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से न्यूक्लियर धमकी सहन नहीं की जाएगी। भारत की तीनों सेनाएं सभी हालात से निपटने के लिए तैयार हैं। मोदी बोले कि हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता की सबसे बड़ी शक्ति है। निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युग आतंकवाद का भी नहीं है। टेररिज्म के खिलाफ जीरो टालरेंस एक बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है, तो उसे अपने टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा, इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है। भारत का मत एकदम स्पष्ट है, टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते हैं, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता। विश्व समुदाय से भी कहूंगा हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो टेररिज्म पर ही होगी, अगर बात होगी, तो पीओके पर ही होगी। मैं एक बार फिर भारत की सेना -**शेष पृष्ठ दो पर**

### राष्ट्र के नाम पीएम का संबोधन

- मोदी बोले न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा
- अपनी शर्तों पर देंगे करारा जवाब, पाक के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित, तीनों सेनाएं अलर्ट पर
- पाकिस्तान से बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी
- पाकिस्तान से बात होगी, तो पीओके पर होगी
- जिन आतंकियों ने मां- बहनों का सिंदूर मिटाया, उन्हें मिटा दिया, 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए
- पीएम मोदी बोले- पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को हमारी सेना ने नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था



## विराट ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। विराट कोहली के इस फैसले सभी को चौंका दिया है। कोहली ने अपने सोशल मीडिया मंच पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की जानकारी देते हुए लिखा कि 14 साल बीत गए, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनी थी। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा। इसने मुझे परखा, गढ़ा और जिंदगी भर साथ रहने वाले सबक सिखाए। सफेद जर्सी में खेलना बहुत विशेष होता है।

### आईपीएल के शेष कार्यक्रम का ऐलान

**नई दिल्ली।** आईपीएल की दोबारा शुरुआत 17 मई से होगी। सभी मुकाबले छह मैदानों पर खेले जाएंगे फाइनल मैच तीन जून को खेला जाएगा। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स 24 को जयपुर में भिड़ेंगी। बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 सत्र के शेष 17 मैचों के कार्यक्रम की घोषणा की, छह मैदानों बंगलुरू, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद पर मुकाबले खेले जाएंगे।

# भारत और पाकिस्तान के DGMO ने दूसरी बार की वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सोमवार को आपस में बातचीत की।

ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों डीजीएमओ ने सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच 10 मई को बनी सहमति के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। भारत की ओर से डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बात की। बता दें कि हॉटलाइन पर यह बातचीत पहले दोपहर 12 बजे होनी थी, लेकिन यह बातचीत शाम पांच बजे शुरू हुई। बातचीत के परिणाम के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। इस पर भारत ने बदला लेने के लिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला बोला था। 6 मई की देर रात शुरू हुई भारत की कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचा। इसके बाद उसने शांति का प्रस्ताव रखा। तब पहली बार पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को फोन पर बात कर संघर्ष विराम करने की अपील की थी।

### हमारा निशाना आतंकवादी थे, पाकिस्तानी सेना ने इसे अपनी लड़ाई बनाया




Lt Gen Rajiv Ghai Air Marshal AK Bharti

**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने सोमवार को कहा कि उनकी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों से थी और पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के पक्ष में लड़ाई में उतरने के कारण भारत को उसके सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना पड़ा जिसके लिए पाकिस्तानी सेना खुद जिम्मेदार है। भारतीय वायुसेना, नौसेना एवं थल सेना के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तुर्की के ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र तकनीक हो, हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली, प्रशिक्षित योद्धा उससे मुकाबले के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारा नुकसान बेहद मामूली रहा है।




xmart *Price indicated is Ex-Showroom price of MX1 petrol variant (All India). Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

DEHRADUN PREMIER MOTORS
DEHRADUN 9711614830 9634091119 | RISHIKESH 9711614830 | KOTDWAR 9711614830 | VIKASH NAGAR 9711614830 | TEHRI 9711614830 | RUDRAPRAYAG 9711614830 | UTTARKASHI 9711614830 | CHAMOLI 9711614830 | CHAMBA 9711614830 | SRINAGAR 9711614830

MIGHTY MOTORS
HARIDWAR 9711615062 7055009890 | ROORKEE 9711615062 | BHAGWANPUR 9711615062

# भारत ने आतंक के खिलाफ दिया सख्त संदेश

## ऑपरेशन सिंदूर से विश्व को सशक्त और निर्णायक संदेश पहुंचा: बीजेपी

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि सेना ने देश की रक्षा करने के साथ ही आतंकवादी ठिकानों को तबाह करके समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश दे दिया है।



भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद डा. संबित पात्रा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान ने 22 अप्रैल को आतंकवादी घटना के माध्यम से भारत की वीरता और संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस किया। इस पर भारतीय सेना अद्भुत साहस का परिचय देते हुए आतंकवाद के गढ़ में घुसी और न केवल देश की रक्षा की, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ सशक्त प्रहार भी किया। डा. पात्रा ने कहा कि बीते कुछ दिनों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को समाप्त किया है, वह अपने आप में न केवल भारत के भीतर बल्कि समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अभियान में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। यह केवल एक सैन्य ऑपरेशन नहीं था, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की सेना, वायुसेना, नौसेना और उन सभी जांबाज जवानों का हृदय से आभार प्रकट किया, जिनकी बहादुरी के कारण यह संभव हो पाया।

भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अभियान महानिदेशकों ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में देश को बताया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अब पूरी शक्ति और प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। भारत किसी भी चुनौती का सामना करने में संकोच नहीं करता, बल्कि उसका उत्तर निर्णायक और ऐतिहासिक रूप में देता है। आज का भारत आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक भूमिका निभा रहा है और पूरी दुनिया भारत के इस नए आत्मविश्वास को देख रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि 22 अप्रैल की तारीख को देश कभी नहीं भूल सकता। यह दिन एक दुर्भाग्यपूर्ण दिन था, जब पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की गई। यह कायराना हमला उन आतंकवादियों द्वारा किया गया, जो पाकिस्तान से भेजे गए थे, जिन्हें पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। इस आतंकी हमले में 25 भारतीय नागरिकों के साथ एक नेपाली नागरिक भी शहीद हुए। घटना के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के आधिकारिक दौरे पर थे, लेकिन जैसे ही उन्हें इस आतंकी हमले की सूचना मिली, वह तत्काल भारत लौटे और जनता की भावनाओं को समझा। देशभर की जनता ने एक स्वर में मांग की कि अब आतंकवाद पर निर्णायक हमला होना चाहिए। श्री मोदी ने उसी समय बिहार की धरती से जनता को आश्वासन दिया, हम इस हमले का बदला लेंगे।

# प्रियंका ने संघर्ष में सैनिकों की शहादत पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आतंकवादी के विरुद्ध सेना की करवाई के दौरान शाहिद सैनिकों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ति परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वाड्रा ने सोमवार को कहा कि आतंकवादियों के विरुद्ध भारतीय सेना की कार्रवाई और पाकिस्तान से सैन्य टकराव के दौरान हमारे कई जवानों की शहादत अत्यंत दुखद है। हमारी सेना के जांबाज सूबेदार पवन कुमार, सिपाही एम मुरली नाइक, लांस नायक दिनेश कुमार, बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज, सार्जेंट सुरेंद्र कुमार मोगा, राइफलमैन सुनील कुमार और राजौरी के पुलिस अधिकारी राज कुमार थापा ने देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। इसके अलावा कई आम नागरिकों ने भी जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि शोकाकुल परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। इस मुश्किल घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है। हम सब अपने शहीदों और उनके परिवारों के सदैव ऋणी रहेंगे।

# मुसलमानों के विकास के बिना देश की तरक्की संभव नहीं

**■ अखिल भारतीय कौमी तंजीम ने सरकार का ध्यान आकर्षित कराया**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कौमी तंजीम ने कहा है कि मुसलमानों के शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता और सरकार को इस संबंध में ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए।

तंजीम के अध्यक्ष एवं सांसद तारिक अनवर ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि इन्हीं सब मुद्दों पर चर्चा करने के लिये राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक 25 मई को यहां बुलाई गई है। इस बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा देश के प्रमुख राजनेता, आमंत्रित बुद्धिजीवी, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थिति में लोगों के व्यापक हित में यह आवश्यक है कि देश के राजनेता, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और कानूनी विशेषज्ञ एक साथ बैठकर देश की जनता के समक्ष उपस्थित विभिन्न समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में सभी का दायित्व है कि वे इन समस्याओं के समाधान में अपनी भूमिका निभायें। अखिल भारतीय कौमी तंघीम के महासचिव एवं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी मुहम्मद हिदायतुल्ला ने कहा कि देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे हैं और सरकार भी देश की जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने में प्रयासरत दिखती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने बुद्ध के आदर्शों पर चलाई सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा है कि बसपा ने भगवान बुद्ध के आदर्शों पर सरकार चलाई है। बुद्ध के अप्प दीपो भव: अर्थात शिक्षित बनो, खुद ऊपर उठो व अपना प्रकाश स्वयं बनो के सिद्धांत पर ही देश आत्मनिर्भर व महान बनेगा। इसी सिद्धांत पर चलकर बसपा ने पहली बार यूपी में कानून द्वारा कानून का राज स्थापित करके सभी को न्याय दिलाया था, जबकि अन्य सरकारों के कार्यकाल में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है।

### सड़क हादसे में 13 की मौत, 14 घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत सारागांव के पास खरोरा क्षेत्र में रविवार रात सड़क हादसा हुआ, जिसमें 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 14 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बंगोली गांव के पास उस वक्त हुआ जब माजदा वाहन और ट्रेलर की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। मृतकों में चार बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग बाना गांव में एक छठी कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गांव आरंग के चटौद लौट रहे थे। माजदा वाहन में करीब 50 लोग सवार थे।

### पत्नी और बेटियों की हत्या के बाद लगाई फांसी

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अचलगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित रूप से अपनी पत्नी और दो बेटियों की हत्या करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि अचलगंज थाने पर सुबह करीब सात बजे सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के साहब खेड़ा गांव निवासी अमित (35) ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घर के एक कमरे में अमित की पत्नी गीता द्ध30ऋ और दो बेटियां उम्र करीब 10 व 06 वर्ष के शव मिले हैं। मृतकों के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नही पाये गये है। प्रथम दृष्टया अमित ने पत्नी व दोनो बच्चियों की हत्या कर स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। घटना के सही तथ्यों की जानकारी के लिये शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

# पहलगाम घटना से घाटी हो गई वीरान: उमर

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों की कमर टूट गई, लेकिन इन दोनों घटनाओं का कुछ हद तक पाकिस्तान ने भी फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से घाटी वीरान हो गई है और कश्मीर के पर्यटन को भारी नुकसान हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम की आतंकवादी घटना ने कश्मीर को भारी नुकसान पहुंचाया है। सालों से कूटनीति और आर्थिक स्तर पर हुई कोशिश से यह उपलब्धि हासिल की गई थी, वो सब एक झटके में तबाह हो गई। कश्मीर का पर्यटन उद्योग बर्बाद हो गया। यह सालों की कोशिश के बाद पटरी पर आया था। इस घटना से सब कुछ बदल गया। कुछ भी नहीं बचा। उन्होंने कहा कि इन दिनों घाटी की वादियां पर्यटकों से भरी रहती थी। अर्थव्यवस्था फल-फुल रही होती। बच्चे स्कूल जा रहे होते। एयरपोर्ट पर रोज 50-60 फ्लाइट्स उड़ाने भर रही होती, लेकिन सब बर्बाद हो गया। इस सब में पाकिस्तान ने फायदा उठाया है। उसने पहलगाम हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के बहाने कश्मीर के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण कर दिया।



**■ कश्मीर के पर्यटन को हुआ भारी नुकसान**

### पुनर्वास योजना पर भी चर्चा की

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को सीमा पार से होने वाली गोलीबा. री की घटनाओं से निपटने और पुनर्वास योजना के लिए भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि पुंछ में विभिन्न समुदायों के नागरिक समाज के लोगों से बातचीत की और उनके साहस की कहानियां सुनी, मैं उनके हौसले को सलाम करता हूं। मुख्यमंत्री ने एक और पोस्ट में कहा कि हमने इन घटनाओं और पुनर्वास योजनाओं के लिए भविष्य की रणनीति पर चर्चा की।

## सीएम योगी का बड़ा तोहफा, इसी सत्र से पढ़ाई शुरू

# यूपी में एक साथ खुलेंगे 71 नए कॉलेज

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार शिक्षा के क्षेत्र में कदम उठा रही है और शिक्षा व्यवस्था का बेहतर बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। इसी क्रम में सीएम योगी ने बड़ा फैसला लेते हुए कहा है कि इस शैक्षणिक सत्र 2025-56 में जुलाई महीने से प्रदेश में एक साथ 71 नए राजकीय महाविद्यालय खुलने जा रहे हैं। ये पहली बार जब प्रदेश में इतनी बड़ी संख्या में एक साथ नए महाविद्यालय खोले जाएंगे। उच्च शिक्षा निदेशालय ने अब तक 40 कॉलेजों को हस्तांतरित भी कर दिया है।

इन सभी कॉलेजों के हस्तांतरण को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है, ताकि इस सत्र से ही इन कॉलेजों में पाठ्यक्रम की शुरुआत हो सके। शिक्षा निदेशालय की ओर से अधिकारी छात्रों के बेंच व अन्य साजो-सामान समेत तमाम सुविधाएं जुटाने में लगे हुए हैं। इन महाविद्यालयों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर के 1065 पदों के साथ कुल 1562 पदों पर सीधी भर्ती को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इसके आदेश भी जारी हो जाएंगे। यूपी में जो नए कॉलेज शुरू होने जा रहे हैं, इनमें सबसे ज्यादा बरेली जनपद में हैं। यहां कुल 13 नए कॉलेज शुरू होंगे। इसके बाद दूसरे नंबर पर राजधानी लखनऊ है। यहां 12 महाविद्यालय शुरू होंगे। मेरठ में दस, आगरा और झांसी में 9-9 और गोरखपुर में 4 महाविद्यालय खुलेंगे। इनके अलावा प्रयागराज में दो, सिराथू में एक महाविद्यालय स्थापित किया जाएगा। इन सभी कॉलेजों को सरकार ही चलाएगी। प्रदेश में अभी तक 172 राजकीय महाविद्यालय संचालित हैं, जिनमें से ज्यादातर कॉलेजों में एक या दो वर्ग ही संचालित होते हैं, लेकिन नए कॉलेजों में तीनों आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस वर्ग की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर पढ़ाई कराई जाएगी। इसका मतलब है कि अगर साइंस का छात्र संस्कृत की पढ़ाई करना चाहता है, उसे मौका दिया जाएगा। शिक्षा निदेशक के मुताबिक मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद 2025-26 के सत्र में एक साथ 71 महाविद्यालयों का संचालन शुरू होगा। ये अपने आप में ऐतिहासिक है।



**■ सबसे ज्यादा बरेली में 13 कॉलेज खोले जाएंगे, जबकि मेरठ में दस कॉलेजों का निर्माण होगा, राजधानी में 12 कॉलेज शुरू किए जाएंगे**

### आईएफजे के अध्यक्ष डा. के. विक्रम राव का निधन, योगी ने जताया शोक

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (आईएफडब्ल्यूजे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के. विक्रम राव का सोमवार सुबह निधन हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे। डा. राव सांस संबंधी समस्या से ग्रसित थे। हालत गंभीर होने पर आज सुबह उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्होने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर 703, पैलेस कोर्ट अपार्टमेंट माल एवन्यू में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है, जहां बड़ी संख्या में पत्रकारों, राजनेताओं का पहुंचना जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारिता के पुरोधा डा. राव के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। डा. राव रविवार को ही मुख्यमंत्री से मिले थे।

### संवाद से ही हासिल होगा कारोबारी और जीवन सुगमता का लक्ष्य: सीएम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद और संवाद के माध्यम से ही समस्याओं का निराकरण कर कारोबारी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और जीवन सुगमता, ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। योगी सोमवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में बने नगरीय सेवा केंद्र अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हम जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं दे सकें। कॉमनमैन, आमजन की अधिक से अधिक सुनवाई कर सकें, यही लोकतंत्र की सफलता का मूल है। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत 14.22 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सिर्फ सामान्य नागरिक के तौर पर नहीं देखा जाता है बल्किजनता जनार्दन कहकर संबोधित किया जाता है। हमें लोकतंत्र की इसी भावना को अंगीकार कर आगे बढ़ना होगा।

योगी ने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृत वर्ष में इसने 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव हासिल किया था और अब यह जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश की समृद्धि हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिए। पहले गोरखपुर की स्थिति एक नगर पंचायत जैसी रही होगी। विकास यात्रा में अब नगर निगम के स्वरूप में इसकी गिनती प्रदेश के बड़े महानगरों में होती है। रोड, रेल, एयर कनेक्टिविटी, पर्यटन विकास, सफाई-स्वच्छता वंचितों के लिए बेहतरीन सुविधाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के पांच करोड़ लोगों के लिए शिक्षाए चिकित्साए कारोबार और रोजगार का केंद्र है।

## अर्थ व्यापार

# युद्धविराम से शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**

भारत-पाकिस्तान के युद्धविराम समझौते से दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स जून 2024 के बाद की सबसे बड़ी 2975.43 अंक अर्थात 3.74 प्रतिशत की तेजी के साथ पांच महीने के उच्चतम स्तर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,429.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 13 दिसंबर 2024 को यह 82,133.12 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 916.70 अंक यानी 3.82 प्रतिशत की छलांग लगाकर 24924.70 अंक हो गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 3.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ 43,731.60 अंक और स्मॉलकैप 4.18 प्रतिशत उछलकर 48,693.75 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4254 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3545 में लिवाली जबकि 576 में बिकवाली हुई, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3010 कंपनियों के शेयरों में से 2612 में तेजी जबकि 329 में गिरावट रही वहीं 67 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार हाल के दिनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर खरीददारी प्रमुख पहचान बनकर उभरी है। 08 मई को समाप्त हुए 16 कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने एक्सचेंजों के माध्यम से कुल 48,533 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। हालांकि 9 मई को भारत.पाक तनाव के चलते 3,798 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई। लेकिन अब जबकि युद्धविराम की घोषणा हो चुकी है, तो बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि एफआईआई द्वारा भारत में इक्विटी निवेश की गति एक बार फिर तेज हो सकती है। गौरतलब है कि वर्ष 2025 की शुरुआत में एफआईआई का रुख बिक्री की ओर था।



### 'माइनस 5 - प्लस 10' के सूत्र के साथ होगी धान की खेती

**नई दिल्ली।** देश में प्रमुख खाद्यान्न धान की खेती के लिए 'माईनस 5 - प्लस 10' के सूत्र के साथ एक योजना तैयार की गई है जिसमें रकबा घटाया और उत्पादन बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'माइनस 5 और प्लस 10' फॉर्मूला भी पेश किया है जिसमें कहा गया धान की खेती के क्षेत्र को पांच मिलियन हेक्टेयर कम करते हुए उसी क्षेत्र में चावल उत्पादन को 10 मिलियन टन बढ़ाना शामिल है। अधिकारियों और कृषि विज्ञानियों ने बताया कि इस योजना दलहन एवं तिलहन की खेती के लिए खाली जगह प्राप्त होगी। धान का रकबा 50 लाख हक्टेयर घटना और उत्पादन एक करोड़ टन बढ़ाना है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 18 रिंगिट बढ़कर 3790 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.75 सेंट उबलकर 50.32 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।



दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।

इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पानी और खून...**

और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं। मैं भारतवासियों के हौसले, एकजुटता, संकल्प को नमन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींच दी है। न्यू नॉर्मल कर दिया है। पहला, आतंकी हमला हुआ, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का घिनौना सच देखा है जब मारे गए आतंकियों को विदाई देना पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर आतंकवाद का ये बड़ा सबूत है। हम भारत और नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने न्यू एज वॉरफेयर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई। दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वॉरफेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट का समय आ चुका है। पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वॉर की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। भारत के ड्रोंस, मिसाइलों ने सटीकता के साथ हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था। पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा, पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद किसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ को संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा चुके थे, आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था, आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, जब भारत ने उस पर विचार किया। मैं फिर दोहरा रहा हूं हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों को जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है, आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो आगे क्या रवैया अपनाता है। भारत की एयरफोर्स, आर्मी और नौ सेना, बीएसएफ, अर्धसैनिक बल अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। साथियों भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया, आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला, तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकानें एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं।

दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं चाहे 9/11हो चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या फिर भारत में बड़े आतंकी हमले हों, उन सबके तार इन्हीं आतंक के ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए। इन हमलों में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है ,तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनी. तिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को। पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को सशस्त्र बलों को हमारी खुफिया एजेंसियों को वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं, हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# व्यक्ति की सिर कटी लाश मिलने से फैली सनसनी

**टिटोडा फाटक के पास हुआ हादसा, हुई पहचान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** देर रात टिटोडा फाटक पर एक व्यक्ति की सर कटी लाश मिलने से राहगिरों और ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। शव की सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान होने के बाद उसके परि. जनों में कोहराम मचा हुआ था।

सोमवार को टिटोडा और भंगेला गांव के लोगों में उस समय सनसनी फैल गई जब रविवार देर रात कुछ लोग अपने गांव टिटोडा लौट रहे थे तो उनकी नजर फाटक के समीप पड़ी एक सिर कटी लाश पर पड़ी जिसे देख लोगों के खेमे में हड़कंप मच गया। लोगों ने घटना की जानकारी भंगेला पुलिस चौकी को दी जिसके बाद चौकी इंचार्ज पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुँचे और शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान करने का प्रयास किया।

रेलवे ट्रैक पर व्यक्ति की सिर कटी लाश मिलने की सूचना के बाद टिटोडा और भंगेला गांव के सैकड़ों लोग मौके पर पहुँचे थे, लेकिन शव का सिर न होने के कारण उसकी पहचान नही हो पाई थी जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मृतक कर सिर की तलाश की जिसके बाद व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक के पास नाले में पड़ा मिला जिसे देख टिटोडा के ग्रामीणों ने उसकी पहचान लोकेश पुत्र सुक्का के रूप में की।

पुलिस द्वारा घटना की जांच पड़ताल में पता चला कि उक्त मृतक शराब पीने का आदि था जो कि कई घँटों से घर से गायब था और देर रात अपने गांव लौटते समय वह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया था जिसकारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। व्यक्ति की मौत कर बाद उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।

# भोपा रोड़ पर पेपर मिल में लगी भीषण आग

## तेज हवा के चलते विकराल हुई आग, आस-पास से बुलाई गई फायर ब्रिगेड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर की नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भोपा रोड़ स्थित सिलवर टोन पल्प एण्ड पेपर मिल के वेस्ट पेपर में भीषण आग लग जाने के कारण लाखों रूपयें का नुकसान बताया गया है। आग ने तेज हवा के चलते विकराल रूप धारण किया है। जिससे मौके पर पहुंची दमकल विभाग की पांच गाड़िया व दस टैंकरों को कई घंटे तक आग बुझाने में मशक्कत करनी पड़ी। अभी तक आग लगने का कारण सामने नहीं आ सका। दमकल विभाग का कहना है कि घटना की जानकारी के संबंध में जांच पडताल की जा रही है। दोपहर बाद तक भी यहां अफरा-तफरी का माहौल रहा। सोमवार को भोपा रोड स्थित सिलवर टोन पेपर में मिल में उस समय अफरा-तफरी व भगदड मच गई जब यहां के गोदाम में रखे वेस्ट पेपर में अचानक ही आग लग गई। गंभीर बात यह है कि इस समय हवा के झोके से आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया था। घटना की सूचना के बाद दमकल विभाग की गाडिया मौके पर पहुंची। इस दौरान क्षेत्रीय पुलिस ग्रामीण व फायर ब्रिगेड के आदमी भी मौके पर पहुंच चुके थे। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग की लपटो पर पानी डालकर उसको बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग की लपटे भढती जा रही थी। चारो ओर फैली आग को देखते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियोंक आदेश पर जानसठ, बुढ़ाना की दमकल विभाग की गाडियों को भी मौके पर बुलाना पड़ा। काफी देर तक दमकल विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आग की लपटों से लडते रहे कई घंटो बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन इस समय तक लाखों का नुकसान हो चुका था। घटना के समय यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आग किस कारणें से लगी। दमकल विभगा के अधिकारियों का कहना था कि जांच के बाद ही क्षति होने के कारण व आग लगने के कारण की जानकारी हो पाएगी।

### सिलेण्डर में लगी आग से कर्मचारी झुलसा

**मुजफ्फरनगर।** दमकल विभाग अभी आग की लपटो से जूझ रहा था कि इसी बीच मंडी क्षेत्र के ही भोपा रोड पर एक ढाबे के सिलेण्डर ने आग पकड ली। आग बुझाते समय ढाबे का कर्मचारी आग में झुलस गया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कुछ देर बाद ही आग पर काबू पाया लिया। भोपा रोड पर मित्रता दा ढाबा के नाम से एक भोजनालय है यहां पर सोमवार को अचानक ही सिलेण्डर ने आग पकड ली जब यहां के कर्मचारी ने आग बुझाने का प्रयास किया तो वह लपटों की चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलस गया। दमकल विभाग ने आग बुझाई और झुलसे कर्मचारी का इलाज कराया।

### सपा सांसद ने खालापार में किया सड़क निर्माण का उद्घाटन

**मुजफ्फरनगर।** सपा सांसद हरेन्द्र मलिक के प्रयास से मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा खालापार में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त 40 फूट रोड का निर्माण शुरू कराया गया है। सोमवार को सपा सांसद ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सपा सांसद ने कहा कि बिना भेदभाव के समान रूप से सभी क्षेत्र में विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनता के उत्पीडन तथा अवैध उगाही रोकने के लिए अधिका. रियों को सजग रहकर प्रयास करने चाहिए। जनता का उत्पीडन, अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यहां पर सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एड., सोमपाल सिंह कोरी, सपा सभासद अन्नू कुरैशी, शहजाद चीकू, सभासद हसीब राणा, नौशाद पहलवान, इमलाक प्रधान मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: पेपर मिल में लगी आग को बुझाने में जुटे फायर ब्रिगेड के कर्मचारी।

# मृतक महिला के कान से सोने के कुंडल गायब, जांच शुरू

**पुलिस ने परिजनों को सौंपे 43 हजार रूपये व मोबाइल फोन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गत दिवस तितावी थाना क्षेत्र के धौलरा के निकट वाहन की चपेट में आने से मां व बेटा-बेटी सहित तीन की मौत हो गई थी। इस मामले में सोमवार को मृतक महिला के कान से सोने के कुंडल गायब होने का मामला सामने आया है। तितावी पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार बाबरी थाना क्षेत्र के गांव बुटराडा से एक विवाह कार्यक्रम से चरथावल वापस लौटते वक्त रविवार की देर सांय बाइक सवार युवक सरताज पुत्र शमशाद की बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। बाइक में टक्कर लगने से 26 वर्षीय सरताज, मां शाहजहां और बहन 22 वर्षीय सना की मौके पर मौत हो गयी थी। बताया जाता है कि हादसे में मारे गए मृतकों के परिवार के ही खालिद ने तितावी पुलिस से 43,000 रुपये की नगदी व मोबाइल प्राप्त करते हुए बताया कि हादसे के दौरान भाई शमशाद की पत्नी मृतका शाहजहां के कानों के डेढ तौले के सोने के कुंडल किसी ने गायब कर दिए। इसकी जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी डा. मानवेन्द्र सिंह भाटी ने जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है।



मुजफ्फरनगर: कलश यात्रा में शामिल हुए राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल।

# माँ-बेटे व बेटी के नम आंखों से एक साथ उठे तीन जनाजे

**हर कोई हो गया गमगीन, शाम के समय जनाजे सुपुर्दे-ए-खाक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/तितावी।** एक ही परिवार के बेटा, मां व पुत्री के तीन जनाजे एक साथ एक ही आँगन से उठते तो हर कोई गमगीन हो गया सभी की आंखे नम थी और दफीने में आम-ओखास समेत तमाम लोगों ने शिकरत की, तत्पश्चात गमगीन माहौल मे तीनो शवो को सुपुर्दे खाक किया गया।

### शवों के गांव पहुंचते ही ग्रामीणों का लगा तांता

सड़क हादसे मे एक ही परिवार के तीन लोगो की हुई मौत के बाद जब तीनो लोगो के शव गांव मे पहुंचे तो ग्रामीणों का बड़ी संख्या मे मृतक के आवास पर ताँता लग गया था। तथा सभी ग्रामीणों द्वारा एक साथ तीन शवो को देखकर सभी की आँखे नम हों गई। शवो को देखते ही परिवार मे मचा कोहराम। पोस्टमार्टम के बाद जब तीन शव गांव मे पहुंचे तो स्वजनों मे कोहराम मच गया, इस दौरान ग्रामीणों द्वारा सभी दुखी स्वजनों का ढान्ढस बँधाते हुए शांत किया गया फिर भी परिवार की महिलाओं का रो रो कर बुरा हाल था।

### बकरीद के बाद होनी थीं दोनों की शादी

ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सरताज व सना दोनों बहन भाइयो की शादी तय हों चुकी थीं जो बकरीद के बाद होनी थीं,लेकिन उससे पहले ही दोनों बहन भाइयो की सड़क हादसे मे हुई मौत से स्वजन दुखी नजर आये। जानकारी के अनुसार शनिवार को गांव खानपुर मे सवेज पुत्र वकील की शादी गांव बघरा से हुई थीं, शादी के बाद गांव मे रविवार को दावत का प्रोग्राम वकील द्वारा किया गया था, जिसमे सभी रिश्तेदार व घर वाले शामिल हुए थे।

जिसमे शामिल होने के लिए सरताज 22वर्ष पुत्र शमशाद मूल निवासी गांव खानपुर हाल निवासी आलम नगर थाना चरथावल मुजफ्फरनगर अपनी माता शाहजहां 48वर्ष व बहन सना 18 वर्ष बाईक द्वारा आलम नगर से शादी के बाद हुई दावत मे बाइक द्वारा आये थे, दावत के बाद देर शाम को बाईक द्वारा ही तीनो वापस अपने घर के लिए जा रहे थे जब तीनो लोग थाना तितावी क्षेत्र के पानीपत खटीमा नेशनल हाइवे पर बस स्टेण्ड धोलरा से आगे हिंडन नदी पुल के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेक्टर की जबरदस्त टक्कर से तीनो लोग गंभीर रूप से घायल हों गए थे। डायल 112 व तितावी पुलिस द्वारा गंभीर हालत मे तीनो को सी एच सी बघरा मे भर्ती कराया था जहां पर डॉक्टरों द्वारा तीनो को मृत घोषित कर दिया था, सोमवार को तीनो के शवो को पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांव खानपुर मे लाया गया तथा शाम के समय गमगीन माहौल मे सुपुर्दखाक किया गया।



# श्री श्यामा श्याम मंदिर से निकाली कलशयात्रा

**श्री रामकथा का हुआ शुभारंभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गांधीनगर स्थित श्री श्यामा श्याम मंदिर में श्रीराम कथा के शुभारंभ के उपलक्ष्य में सोमवार की सुबह कलशयात्रा निक. ाली गई।

कलशयात्रा में 251 महिलाओं अपने सिर पर कलश धारण कर चल रही थी। कलशयात्रा में उप्र के कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी अन्नू अग्रवाल अपने सिर श्रीराम चरित मानस लेकर चल रहे थे। कलशयात्रा का विभिन्न मार्गों में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सोमवार को श्री श्यामा श्याम मंदिर में प्रसिद्ध कथा वचक पंडित गोविंद बृजवासी द्वारा श्रीराम कथा का शुभारंभकलश यात्रा के साथ हुआ। प्रथम दिन कथावाचक ने कहा कि श्री राम कथा असत्य पर सत्य की विजय, संस्कार, त्याग की कथा है।

सभी को श्री राम कथा सुनना चाहिए। श्री राम कथा आगामी 20 मई तक दोपहर 3 बजे से सायं 6:30 बजे होगी। कथा के आयोजन में पंडित हंसराज भारद्वाज, हरीश गोयल, ललित अग्रवाल, अभय शंकर उपाध्याय, कुलदीप शर्मा, पं. जगमोहन भारद्वाज, अमरनाथ, विशाल गर्ग, संजय गर्ग, ब्रह्मप्रकाश, निशांत गर्ग, देवी प्रसाद मिश्रा, नवनीत गुप्ता, मयंक, मनोज अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, चंद्र प्रकाश आदि का सहयोग रहा।

# चोरी के आरोपी से नकदी व सामान बरामद

**नई मंडी पुलिस ने विगत दिवस किया था मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जानसठ रोड निवासी नितिन मित्तल ने दस मई को मंडी थाने में एक तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होने बताया था कि सात मई की रात्रि अज्ञात बदमाशों ने एटूजेड रोड स्थित उनकी दुकान के शटर का ताला तोडकर नगदी व जरूरी काग. जात चोरी कर लिए है। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया था औरे घटना के दिन से बदमाशों की तलाश की जा रही थी। पुलिस का कहना है कि इस दौरान आयुष बालियान पुत्र नरेश बालियान निवासी अंकित विहार प्रकाश में आया जिसको गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से सोलह हजार की नगदी, पेन कार्ड व अन्य जरूरी कागजात बरामद करने का दावा किया है। मंडी पुलिस का कहना है कि मित्तल मार्बल के शोरूम का ताला तोड़कर चोरी की वारदात की गई थी और गिरफ्तार किए गए आरोपी ने कागजात को पास के ही खेत में छिपा दिया था और कुछ पैसा आरोपी ने अपनी मौज मस्ती में खर्च कर दिया है लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।



मुजफ्फरनगर:गर्मी से निजात पाने हेतू ठंडे पानी से नहाते बच्चों की टोली।

# ईओ के फर्जी हस्ताक्षर प्रकरण में कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस

**आरोपी कर्मचारी मौहम्मद सालिम पहले भी रह चुका है दागदार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका ईओ के फर्जी हस्ताक्षर के प्रकरण में नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने मुख्य कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी मो. सालिम को कारण बताओ नोटिस भेजा है। जिसमें उन्होंने मो. सालिम से पूछा है कि नोटशीट पर ईओ के हस्ताक्षर कब और कैसे कराए गए है। इस संबंध में उन्होंने लिखित में जवाब देने के लिए कहा है। अभी कुछ दिन पूर्व ईओ डा. प्रज्ञा सिंह के अवकाश पर जाते ही नगर पालिका में उनके फर्जी साइन कर बडा खेल रच दिया गया। पत्रावली के साइड नोट पर ईओ के फर्जरी साइन कर दिए गए। जिसके आधार पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अतुल कुमार ने सफाई कर्मचारी रमाकांत की कार्यवाहक सफाई नायक के पद पर नियुक्ति करते हुए आदेश जारी कर दिया।

बाद में फर्जीवाडा सामने आया तो नगर स्वास्थ्य आधिकारी ने तत्काल प्रभाव से इस आदेश को निरस्त कर दिया। इस संबंध में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अतुल कुमार ने कर्मचारी मा ` . सालिक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

डा. अतुल कुमार ने बताया कि उक्त पत्रावली ईओ के साइन कराकर स्वयं मो. सालिम ने दी है। उस दौरान मो. सालिम ने बताया था कि ईओ ने अवकाश पर जाने से पूर्व पत्रावली के साइड नोट पर साइन किए है। डा. अतुल कुमार ने मो. सालिम को जवाब देने के लिए कहा है कि उन्होंने ईओ के साइन कब और कैसे कराए हैं।

मौहम्मद सालिम नगर पालिका स्कूल में रहते हुए बैंक के फर्जी हस्ताक्षर कर नगदी हड़पनें का आरोपी भी रह चुका है। ईओ ने बताया कि उसकी पूर्व की फाइले भी खंगाली जा रही है।

# शौचालय से वंचित न रहे कोई भी पात्र व्यक्तिः वि. सोमन्ना

**रेलमंत्री के आगमन से बदला हुआ नजर आया शहर का रेलवे स्टेशन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रेलवे एवं जल शक्ती राज्य मंत्री भारत सरकार वि. सोमन्ना एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में आज स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बैठक विकास भवन में आयोजित हुई।

मंत्री रेलवे एवं जल शक्ती राज्य मंत्री भारत सरकार वि. सोमन्ना एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल की



अध्यक्षता में आज स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बैठक विकास भवन में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने मंत्री रेलवे एवं जल शक्ती राज्य मंत्री भारत सरकार वि. सोमन्ना एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। मंत्री रेलवे एवं जल शक्ती राज्य मंत्री भारत सरकार वि. सोमन्ना ने सभी बैठक में उपस्थित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से परिचय किया।

मंत्री रेलवे एवं जल शक्ती राज्य मंत्री भारत सरकार को मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के शहर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों एवं नगर क्षेत्र में बनाए गए कम्युनिटी शौचालयों से अवगत कराया। मंत्री रेलवे एवं जल शक्ती राज्य मंत्री भारत सरकार ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति शौचालय से वांछित न रहे ऐसे परिवार जिनके पास शौचालय नहीं मिल सकें, उनको चिन्हित कर शौचालय अवश्य दिया जाए, इस पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

रेलवे एवं जल शक्ती राज्य मंत्री भारत सरकार को माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास उत्तर प्रदेश शासन ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद में कराया गए विकास कार्यों से अवगत कराया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, जिला पंचायत राज अधिकारी, ई ओ नगर पालिका, सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### फ्लोरेंस नाइटिंगेल को याद करते हुए मना नर्सिंग दिवस

**मुजफ्फरनगर।** अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस पर जिला अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ ने मिलकर दुनिया की पहली नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का याद किया। इस दौरान नर्सों से एक-दूसरे के सहयोग में हमेशा खडध्े रहने के साथ मरीजों की देखभाल में आगे आकर सेवा करने की शपथ ली। अस्पताल के अधिकारियों ने नर्सों के कार्य की सरहाना करते हुए उन्हें प्रेरित किया। जिला अस्पताल में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दुनिया की पहली नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का याद करते हुए उनके रोगी के प्रति समर्पन भावना का प्रकट कर सभी नर्सों को प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे सीएमएस डा. संजय वर्मा, वरिष्ठ फिजीशियन डा. योगेंद्र त्रिखा ने सभी नर्सों को मिठाई खिलाकर उन्हें प्रेरित किया। राजकीय नर्सिंग संघ की जिलाध्यक्ष सरिता देवी सहित अन्य नर्सों ने अपने कार्य और दायित्व से सभी को परिचित कराते हुए एक-दूसरे के सहयोग में खडे रहने को कहा। इस अवसर पर नीशू, उपासना, सुनैना, शालू, स्वीटी, अनुराधा, ममतेश, रोमीपाल, सिमरन सहित फार्मासिस्ट मनोज त्यागी, अनिल कुमार, मौ. हारुन, कंचन बाला, रजत आदि मौजूद रहे।


डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# नजर चुकी और जोखिम में जान : खुले नाले बने मुसीबत



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कस्बे में नाले लंबे समय से खुले पड़े होने के कारण आए दिन न केवल पशुओं व वाहनों के गिरने की घटनाएं हो रही है, बल्कि इन खुले नालों से दुर्गंध के कारण बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। कस्बे में नगरपालिका की ओर से बरसात के पानी की निकासी के लिए नालों का निर्माण करवाया गया था। निर्माण के बाद कुछ जगहों पर नालों को ढका गया, लेकिन सीमेंट के ढक्कन टूटकर बिखर जाने के कारण नाले दोबारा खुले हो गए। कस्बे में कई नालों की लंबाई एक किलोमीटर से भी अधिक है और चौड़ाई दो से तीन फीट तक व गहराई पांच से आठ फीट तक है। पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते कस्बे में कई जगहों पर नाले खुले पड़े है जिस कारण वाहन चालक और पशु समेत राहगीर नालों में गिर कर घायल हो रहे है। ऐसी ही स्तिथि खतौली कोतवाली के मेन गेट पर है जहां सालों से नाला खुला पड़ा है और एक साइड टूटी पड़ी है यही नही कभी कभी तो चलते वाहन इस नाले में समा जाते है। जान लेवा बने इस नाले को ठीक कराने को लेकर आम जन और खुद पुलिस अधिकारियों द्वारा पालिका प्रशासन से शिकायत कर चुके है लेकिन पालिका प्रशासन पर पुलिस अधिकारियों की शिकायत का कोई असर नही हो रहा है। सोमवार को भी कोतवाली गेट के पास खुले नाले में एक कार गिर गई थी जिसमे कार सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।

# बीआईटी कॉलेज में नर्सिंग छात्रों ने धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

**मीरापुर।** बीआईटी कॉलेज के मेडिकल विभाग में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, चित्र प्रदर्शनी, क्विज तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर विजया डी द्वारा फ्ला. रेंस नाइटेंगल के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर की गई। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर इस दिन को यादगार बना दिया। नर्सिंग की जननी मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटेंगल के योगदान को याद करते हुए छात्रों ने सेवा भावना और समर्पण की प्रेरणा ली। इस विशेष अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉक्टर अनुराग विजय अग्रवाल, उप निदेशक डॉक्टर अजय गुप्ता, सह निदेशक पुष्पनील वर्मा, जीएम फाइनेंस ऑफिसर दुष्यंत कुमार, डॉ. कावेन्द्र कुमार, इंजी. निकुल चौधरी, ब्रह्मपाल सिंह प्रजापति, अभय वैश्य आदि ने छात्रों को सेवा भाव, समर्पण और कड़ी मेहनत के महत्व के बारे में बताया। वक्ताओं ने छात्रों को नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन मिस रेहाना और सार्थक ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम की सफलता में शालिनी कपूर, उर्वशी, विजेंद्र सिंह, राजेंद्र जांगिड़, राकेश सैनी, कलावती बिष्ट, रमा मलिक, राजा चौधरी, रिया चौहान, ब्वी तनु चौहान, नितिन शर्मा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान



**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर गंगा में स्नान कर पुण्य अर्जित करने के लिए क्षेत्र व दूरदराज से आये श्रद्धालुओं ने गंगा मे स्नान किया व मंदिरों मे पूजा अर्चना की वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी सपरिवार गंगा मे स्नान किया।सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पौराणिक तीर्थनगरी शुकतीर्थ में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मां गंगा के अंचल में भारी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए उमड़ पड़े। हर हर गंगे की जयकारे संग श्रद्धालुओं ने गोता लगाया और गंगा घाट पर विराजमान पुरोहितों को दान दक्षिणा देकर पुण्य लाभ भी कमाया। गंगा घाट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने शुकदेव मंदिर, हनुमद्धाम, गणेश धाम, शिव धाम, दुर्गा धाम, गंगा मंदिर, अखंड धाम, नव ग्रह शनि धाम आदि में पूजा-अर्चना की तथा प्राचीन अक्षय वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा। प्राचीन दंडी आश्रम, श्री माहेश्वर आश्रम, महाशक्ति सिद्धपीठ, रामानुज कोट आश्रम, मां पूर्णागिरि सिद्धपीठ, मां पीतांबरा धाम, साकेत धाम, गीता धाम, उदासीन निर्वाण आश्रम, खिचडी वाले बाबा का आश्रम आदि में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं के भारी संख्या में आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर नगरी के गंगा घाट व विभिन्न मंदिरों में पुलिस की डड्यूटी लगाई गई। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, शुकतीर्थ चौकी प्रभारी एसआई रणवीर सिंह, रामप्रकाश कुन्तल, विनीत यादव पुलिस बल के साथ नगरी में घूमते रहे।



मीरांपुर: बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध को श्रद्धांजलि अर्पित करते अतिथिगण।

# बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**■ बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर थाने के पास स्थित अंबेडकर भवन को विशेष रूप से सजाया गया और भगवान गौतम बुद्ध व भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

भगवान बुद्ध का 2588वां जन्मोत्सव पूरे श्रद्धा, सादगी और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा एवं कस्बा इंचार्ज वीरेंद्र सिंह द्वारा भगवान बुद्ध और बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर की गई।

इसके उपरांत उपस्थित लोगों ने दीप प्रज्वलन कर शांति, करुणा, समता और अहिंसा का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, बुद्ध अनुयायी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने महात्मा बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करने और उन्हें समाज में प्रचारित करने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में भगवान बुद्ध के उपदेश सत्य, करुणा, अहिंसा और बंधुत्व मानवता के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में मास्टर दयाचंद भारती, हाजी अनवर कुरैशी, डॉ. बृजेश, एडवोकेट संजय कुमार, डॉ. अमित, सुबोध कुमार, दीपक कुमार, मोनू और सचिन सहित कई गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# मुखबिरी के शक में फोन पर दी हत्या की धमकी

**बुढ़ाना।** मुखबिरी के शक में मोबाइल फोन पर एक ग्रामीण को हत्या की धमकी दी गयी है। पीड़ित ने बुढाना पुलिस को तहरीर देकर आरा. पी के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर बुढाना पुलिस ने तहरीर मिलते ही उक्त मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस को धमकी की दो ओडियो भी सौंपी गयी है जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी रवि कुमार पुत्र शोभाराम कश्यप ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसको गांव का ही भीम उर्फ अश्वनी कश्यप पुत्र सहम्बर कश्यप जो कि एक अपराधिक किस्म का व्यक्ति है आये दिन बिना बात ही जान से मारने की धमकी देता रहता है। पूछताछ के लिए जब भी इसको पुलिस किसी केस में उठाकर ले जाती है तो यह मेरा नाम ही लेता है कि तूने मुखबिरी करके उसे पकडवाया है और मेरे साथ गाली गलौच करता रहता है। बीते दिन पुलिस इसे कहीं से पकडकर ले गयी तो अगले दिन यह उसके घर पर आकर गाली गलौच करने लगा। उस वक्त वह अपने घर पर मौजूद नहीं था। फिर इसने उसे फोन पर गाली गलौच व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को जान से मारने की धमकी के दो ओडियो भी सौंपे हैं।

# कराटे के 30 छात्र-छात्राओं ने लिया प्रशिक्षण, सर्टिफिकेट व ट्राफी वितरित

**मुजफ्फरनगर।** अवध बिहार में संचालित नीरज कराटे क्लासेस में सोतोकान करांटे बैल्ट टेक्स एग्जामिनेशन 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें जोली रोड से सूर्य देव इंटरनेशनल स्कूल से प्रधानाचार्य शिव कुमार और करांटे कोंच सेंसेई नीरज सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित कर बैल्ट टेस्ट का शुभारंभ किया।

करांटे कोच सेंसेई नीरज सैनी ने बताया कि इस प्रशिक्षण कैम्प में लगभग 30 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें येलो बेल्ट में आरव वर्मा, विराट, सारंग, आरव त्यागी, विराज कुमार, आकृति, तेजस त्यागी, गुनीत कौर, लक्ष्य भारद्वाज, अर्णव सैनी, ऑरेंज बेल्ट में हुज्जत अब्बास, युवान, युग, अनमोल सैनी, समर्थ पाल, ग्रीन बेल्ट में चार्वी, परस चौधरी, अक्षत राठौर, सात्विक, ब्ल्यू बेल्ट में विधान, शक्षम गोयल, पर्पल बेल्ट में शुभ बालियान, देव तोमर, ब्राउन 3 मैं निधि राठी, ब्राउन 2 में मनन भारद्वाज आदि छात्रों ने प्रतिभाग किया, सभी बच्चों को जापान की अद्भुत टैक्निक के साथ-साथ आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रधानाचार्य शिव कुमार ने सभी छात्रों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए कहा कि आज के समय में अपने बच्चों को अपनी अपनी रूचि के अनुसार स्पोर्ट में भी भेजना चाहिए, जिससे बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत रहकर अपने देश का नाम रोशन कर सकें। इस मौके पर आशा सैनी, श्रीपाल सैनी, राजकुमारी सैनी उपस्थित रहे।

# जैन समाज के लोगों ने इन्द्रों की शुद्धि के बाद किया वृक्षारोपण

**मुजफ्फरनगर।** श्री 108 सुज्ञानमति माता, दयामति माता, कुमुद मति माता, एवं क्षुलिका अक्षत मति माता के सानिध्य में माता श्री सुज्ञानमति द्वारा सर्वप्रथम जल शुद्धि, अभिषेक और शांति धारा करने वाले सभी इन्द्रों की शुद्धि कराई गई। प्रथम अभिषेक एवं शान्तिधारा अरुण बिहारी के द्वारा कराई गई। मुनीम कालोनी स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सोमवार को समाज के लोगों ने अभिषेक किया। इसके बाद प्रतिमा का परिमार्जन हुआ फिर माता श्री का सम्बोधन हुआ। शाम को अशोक जैन के घर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अशोक कुमार जैन, प्रमोद जैन, नवनीत जैन, दीपक जैन, स्वदेश जैन, अखिलेश जैन, अजय जैन, सुबा. ध जैन, साधना जैन, रुपाली जैन, प्रणिता जैन, पूरन सागर, विभोर जैन, जितेन्द्र टोनी, संजय जैनआदि उपस्थित रहे।

# राजपूत महासभा ने महाराणा प्रताप जयंती समारोह का किया आयोजन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा महाराणा प्रताप जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके जरिए राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान का संदेश दिया जाएगा। सोमवार को फ़हीमपुर श्री गणेश दूधाधारी जी महाराज समाधि स्थल पर राजपूत समाज की बैठक आयोजित की गई जिसमें महाराणा प्रताप की जयंती पर नगर में विशाल भव्य शोभा यात्रा निक. ालने पर विचार विमर्श किया गया।

वीरता और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए। फ़हीमपुर गांव स्थित श्री गणेश दूधाधारी गिरी जी महाराज समाधि स्थल पर क्षत्रिय राजपूत महासभा की बैठक बुलाई गई। जिसमें सैकड़ों समाज के लोग मौजूद रहे। बैठक में समाज के लोगों ने देश की सुरक्षा में तैनात भारतीय सेना के साहस और समर्पण को भी नमन किया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा को विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से स्मरण किया गया। इस अवसर पर सारण विकास मंच के संयोजक विनोद ठाकुर और सुधीश पुंडीर ने महाराणा प्रताप की आत्मबल और स्वतंत्रता के प्रति अटूट निष्ठा को याद करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप ने संघर्षशील मृत्यु को अपमानित जीवन से श्रेष्ठ माना। वही बैठक में मौजूद क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजव. ीर सिंह वर्मा उर्फ टीटू ने कहा कि उनका जीवन हमें सिखाता है कि आत्मसम्मान और देश की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। उन्होंने वर्तमान समय में भारत पर पड़ोसी देश पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे आतंकी हमलों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय सेना प्रतिदिन दुश्मनों की नापाक मंशा को नाकाम कर रही है, ठीक उसी तरह जैसे महाराणा प्रताप ने मुगलों के आगे झुकने से इंकार कर दिया था। श्री सिंह ने यह भी याद दिलाया कि महाराणा प्रताप की संघर्ष यात्रा में भामा शाह जैसे निष्ठावान सहयोगी और भील समाज जैसे समर्पित साथी शामिल थे। भामा शाह ने अपना पूरा धन राणा की सेना के पुनर्गठन में अर्पित कर दिया था, जिससे वर्षों तक हजारों सैनिकों का वेतन दिया गया। उन्होंने कहा कि आगामी 29 मई को खतौली में कस्बे में महाराणा प्रताप की विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी शोभायात्रा मीरापुर मार्ग से शुरू होकर हाइवे स्तिथ टीटोडा मोड़ पर समाप्त होगी। यात्रा के दौरान जंगह जंगह भंडारों का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में विनोद चौहान, भीम सिंह, दीपक तोमर, राहुल, अमित, रणबीर, रामभूल, मनोज, मुकेश, विपिन कुमार, अंकुश चौहान, आदि मौजूद रहे।



**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र योगेश व उसकी पत्नी श्रीमती नीलम मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गए हैं। इसलिए मैंने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**महिपाल पुत्र श्री बलजीत**
**निवासी-ग्राम अकबरगढ़**
**थाना चरथावल**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# आपरेशन चक्रव्यूह में 104 गिरफ्तार, 184 विवेचनाओं का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आपरेशन चक्रव्यूह के तहत जिलेभर में पुलिस ने वांछित व वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ अभियान चलाया। एक ही रात में 104 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 184 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। पिछले चार दिनों में नौ मुठभेड़ में 11 बदमाश घायल हुए, जिन्हें जेल भेजा जा चुका है। शनिवार को एसएसपी के आदेश पर आपरेशन चक्रव्यूह पूरे जिले में चलाया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य वारंटी, वांछित व विवेचनाओं के निस्तारण का था। आपरेशन चक्रव्यूह का परिणाम यह रहा कि पूरे जिले की पुलिस ने एक ही रात में 95 वारंटियों को गिरफ्तार किया। 16 आरोपितों को वारंट तामील कराए और छह रिकाल कराए। अभियान के दौरान पुलिस को तीन आरोपित मृत पाए गए। इसी तरह पुलिस ने नौ वांछितों को गिरफ्तार किया। अभियान के दौरान पुलिस ने 184 विवेचनाओं का निस्तारण किया। यह अभियान एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत व एसपी देहात आदित्य बंसल के नेतृत्व में चला। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि अपराध व अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## हरियाणा पुलिस का डेरा

**मुजफ्फरनगर।** दो दिन से हरियाणा पुलिस ने खालापार क्षेत्र में डेरा डाल रखा है, जो मादक पदार्थ की तस्करी संलिप्त है। हरियाणा पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ लगातार आरो. पित की तलाश में दबिश दे रही है लेकिन अभी आरोपित पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उसके परिजन पर दबाव भी बना रही है। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया, रविवार को हरियाणा के यमुनानगर थाने की पुलिस ने थाने में आकर आमद दर्ज कराई थी। एनडीपीसी एक्ट का आरोपित आकिब निवासी अंबा विहार की उनको तलाश है। उन्होंने बताया यमुनानगर के इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने पुलिस को साथ लेकर अंबा बिहार में आकिब के घर दबिश दी लेकिन वह नहीं मिला।

# कोचिंग सैंटर संचालक की मौत की गुत्थी उलझी

**भोपा।** बीते सोमवार को लापता हुए कोचिंग सैंटर संचालक अन्नू चौधरी की मौत की गुत्थी उलझ गयी है। सोमवार को आई पोस्ट मार्टम रिपोर्ट मे मृतक के शव पर गोली का घाव होना बताया गया है। जिसके बाद अन्नू की आत्म हत्या का मामला हत्या का संकेत देता नजर आ रहा है। अन्नू चौधरी की मौत अथवा हत्या क्यूँ किस प्रकार हुई है। इसे लेकर अनेक सवाल पैदा हो गये हैँ। भोपा थाना क्षेत्र के गांव यूसुफपुर निवासी अनिरुद्ध उर्फ़ अन्नू चौधरी वर्तमान मे मुज़फ्फरनगर के शान्ति नगर कॉलोनी मे परिवार संग निवास करते थे। अन्नू चौधरी भोपा के निकट यूसुफपुर गांव मे अन्नू क्लासेस के नाम से कोचिंग सेंटर संचालित करते थे। बीते पांच मई की दोपहर अन्नू चौधरी सेंटर पर जाने के लिये मुज़फ्फरनगर से निकले थे। शाम पांच बजे के लगभग उनकी बाइक, मोबाईल, जूते व बुक्स आदि क्षेत्र के निरगाजनी झाल के पास गंगनहर पटरी के पुरकाजी मार्ग पर पड़े मिले थे। जहां खेत मे काम कर रहे किसान ने इसकी सूचना पुलिस को दी।जहां पुलिस को बाइक व एक थैले मे रखा मोबाइल व किताबें तथा जूते रखे मिले। डूब जाने की आशंका को लेकर पुलिस ने परिजनों संग पीएसी के गोताखोरों के साथ गंगनहर में युवक की तलाश शुरू कर दी थी।

# लंबे समय से नहीं हुई मरम्मत

**खतौली।** कस्बे में निर्मित नाले बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके है, इनकी सफाई किया जाना मुश्किल हो रहा है। इसी तरह कई बड़े नालों में यहां के वाशिंदों ने बिना नगरपालिका की स्वीकृति के अपने शौचालय के पाइप जोड़ दिए है, जिसके कारण इन नालों में मानव मल के ढेर लग गए है। ऐसे में ये नाले बुरी तरह से न केवल बदबू मार रहे है, बल्कि आसपास क्षेत्र में बीमारी को निमंत्रण दे रहे है। नालों में से अधिकांश नाले आबादी क्षेत्र में स्थित होने के कारण आए दिन इन नालों में पशुओं व छोटे बड़े वाहनों के साथ ही कई बार इंसानों के गिरने से भी दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। उसके बावजूद भी जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझा है, जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है और लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ रही है।

# युद्ध विराम मोदी सरकार का निराशाजनक कदम : ललित मोहन



**मुज़फ्फरनगर।** शिवसेना / क्रांतिसेना ने भारत पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध विराम को मोदी सरकार का निराशाजनक कदम बताते हुए कहा कि जहाँ पहलगाम में हुई हिन्दुओ की सामूहिक हत्या पर देश भर में गुस्से का माहौल हैँ सभी देशवासी सरकार से हत्या कांड के जिम्मेदार पाकिस्तान को सबक सिखाने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन सरकर द्वारा युद्ध से पहले ही युद्ध विराम के फैसले से देश की राष्ट्रभक्त जनता स्वम् को ठगा सा महसूस कर रही हैँ।

आज पैर में फेक्चर होने के कारण बेडरेस्ट कर रहे क्रांतिसेना अध्यक्ष व शिवसेना शिंदे के वेस्ट यूपी प्रमुख ललित मोहन शर्मा के आवास पर आयोजित प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक में ललित मोहन शर्मा ने कहा कि मोदी जी का पाकिस्तान से युद्ध विराम के फैसले ने जनता को निराश किया हैँ, उन्होंने कहा कि एक के बदले 10 सर लाने की घोषणा जुमला ही साबित हुई हैँ, अब तो ऐसा लग रहा हैँ साहेब के पास जुमलों के अलावा कुछ हैँ ही नहीं, उन्होंने कहा की साहेब के युद्ध विराम के फैसले के दूरगामी परिणाम होंगे, इस अवसर पर महासचिव पंडित संजीव शंकर ने हाल ही में शिवसेना व शामिल हुए युवाओं को सक्रिय रूप से हिंदुत्व व जनहित के मुद्दों पर कार्य करने के निर्देश दिये, इस अवसर पर मंडल प्रमुख शरद कपूर ने कहा कि अनेक दलों की धूल फांक कर एक कथित हिन्दू मोर्चे का संस्थापक बना तिल. कधारी हिन्दुओ को गुमराह करने में लगा हैँ उन्होंने लोगो को ऐसे फर्जी हिन्दू नेताओं से सावधान रहने को कहा, इस अवसर पर जिला प्रमुख आनंदप्रकाश गोयल, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष अलोक अग्रवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी, महानगर प्रमुख देवेंद्र चौहान, जिला उपप्रमुख मांगतराम सोनकर नरेन्द्र ठाकुर अमित गुप्ता संजीव वर्मा, शिवसेना महानगर प्रमुख ओमकार पंडित कार्यालय प्रभारी शैलेन्द्र विश्कर्मा, युवा जिला प्रमुख हेमंत शर्मा, योगेंद्र बिहारी नगर उपप्रमुख राजेंद्र तायल, अमित शर्मा बॉबी, रोहन धीमान, रोहित धीमान, आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरा पुत्र इमरान व पुत्रवधू शाहीन मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। आवारा लोगों की संगत में रहकर आवारा हो गये है। आये दिन मेरे साथ आमादा फिसाद होते है। मैने अपने पुत्र व पुत्रवधू की नाजायज हरकतो को देखते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। यदि कोई मेरे पुत्र व पुत्रवधू से कोई लेन-देन या वह किसी से आमादा फिसाद होता है तो वह स्वयं उसका जिम्मेदार होगें। उनके किसी भी कृत्य-अपकृत्य की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी।

**श्रीमति मेहपरीन पत्नी स्व.श्री मौ.अकबर निवासी ग्राम रथेडी**
**थाना नई मंडी**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट ने वृद्धा आश्रम में वृद्धाओं के साथ केक काटकर मनाया मदर्स डे



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी व रेखा व राजू सैनी के नेतृत्व में वृद्धा आश्रम में बुजुर्ग महिलाओं की सेवा करते हुए केक काट कर धूमधाम से मदर्स डे मनाया गया। इस मदर्स डे पर वृद्धा आश्रम में रहने वाली महिलाओं को जरा भी महसूस नहीं हुआ कि वह एक वृद्धा आश्रम में रहकर अपनी गुजर बसर कर रही हैं। इस दौरान क्रांतिकारी शालू सैनी ने वृद्ध महिलाओं को अपने हाथों से भोजन खिलाया और आशीर्वाद लिया। वहीं क्रांतिकारी शालू सैनी ने लोगो से अपील की है कि अपने बुजुर्गों की सेवा करे क्योंकि खुद दुख दर्द सह कर अपनी संतान को काबिल बनाने के लिए दिन रात एक कर देने वाले केवल माता पिता ही होते है, जो बिना किसी स्वार्थ के अपना सब कुछ बच्चों पर न्योछावर कर देते हैं और जब बुढ़ापे में बच्चों के सहारे की जरूरत पड़ती है तब उन बच्चों को ही बुजुर्ग माता पिता बोझ दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ कल युगी बच्चे होते हैं जो अपने बूढ़े मां बाप को वृद्धा आश्रम में रहने को मजबूर नहीं करते बल्कि खुद ही छोड़कर आते हैं। उन्होंने कहा कि घर के अंदर बुजुर्गों का खाट पर बैठ कर खाना खाते रहना ही काफी है क्योंकि बुजुर्ग मां बाप घर का वो गहना होता है जिसकी कीमत खो जाने के बाद ही पता चलती है। क्रांतिकारी शालू सैनी हर रोज एक अलग ही कार्य करती है जो सब के दिलों को छू जाते हैं। अब ये दिल से की जाने वाली सेवा कहे या फिर उनके प्रति लोगों की श्रद्धा। क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए न जाने कितनी मुहिम चलाकर महिलाओं को निशुल्क लाभ पहुंचाया है। समाज सेवा करना तो सब चाहते है मगर अपनी जेबें गरम करने और खुद की सेवा करने के लिए, मगर क्रांतिकारी शालू सैनी द्वारा आज तक किसी भी सेवा के लिए किसी से मदद मांगने के लिए हाथ नहीं फैलाए फिर भी जनपद के अलावा समूचे राज्य सहित पड़ोसी राज्यों में भी जन जन के लबों पर नाम रहता है।

# कैबिनेट मंत्री ने समीना फरीदी की मौत पर शोक जताया



**पुरकाजी।** कस्बे के समाजसेवी इसरार फरीदी की पत्नी समीना फरीदी की 4 मई को सड़क दुर्घटना में मुजफ्फरनगर अल्लामा इकबाल मेडिकल कॉलेज के पास मौत हो गई थी।

सोमवार को कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने इसरार फरीदी के निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम परिवार के साथ खड़े हैं इस मौके पर प्रधान धीर सिंह, मनोज चौहान, सतविंद बेदी ,चौधरी तहसीन एडवोकेट, नौशाद फरीदी, नफीस फरीदी, सरताज फरीदी, सरताज भडाना, अमित गोयल, अमन एडवोकेट, ताज फरीदी, इंतजार चौधरी, विशाल फरीदी, छागा ठेकेदार मुख्य लोग शामिल रहे

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरापुर।** पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

रामराज थानाध्यक्ष सुनील कसाना ने बताया कि हीरा सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी राठौड़ा कलां, थाना हस्तिनापुर, जनपद मेरठ पर सन 2019 में थाना राम. राज में हत्या के प्रयास व अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा विच. ाराधीन है। हीरा सिंह लंबे समय से न्यायालय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया और नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। यह कार्रवाई पुलिस प्रशासन की सक्रियता और कानून व्यवस्था को सुखद़ बनाए रखने के संकल्प को दर्शाती है।

**सूचना**

सिद्धार्थ पी.जी. व विधि (लॉ) महाविद्यालय आखलौर खेडी, ग्राम-आखलौर खेडी, तहसील- देवबन्द, जनपद- सहारनपुर- 247554 (उ.प्र.) भारत (सम्बंद्धता:- माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, पुँवारका, सहारनपुर) में विभिन्न रिक्त पदो पर नियुक्ति हेतु योग्य पुरुष / महिला अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं जिनका विस्तृत विवरण वेबसाईट

**www.sdcollegeakhlorkheri.com**
**पर देखें।**
**सम्पर्कसूत्र-9411670619**
**( चेयरमैन )**

# एमडीए की कार्रवाई को ठेंगा दिखा रहे भूमाफिया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** एमडीए की बुलडोज़र कार्रवाई के बावजूद भी भूमाफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि प्रशासन की सख़्ती उनके सामने बौनी नजर आ रही है। ताज़ा मामला सामने आया है एक ऐसी अवैध कॉलोनी का, जिसे कुछ ही दिन पहले

मुजफ्फरनगर और खतौली विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने अपनी टीम के साथ मिलकर ध्वस्त कर दिया था। कार्यवाही के दौरान कॉलोनी के निर्माण को पूरी तरह से अवैध बताया गया था, और बिना किसी अनुमति के बनाई गई इन रिहायशी इकाइयों को जमींदोज़ कर दिया गया था। लेकिन चौंकाने वाली बात ये है कि अब उसी स्थान पर भूमाफियाओं ने दोबारा से निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, और वो भी बिना किसी वैधानिक अनुमति के। यह घटनाक्रम कई सवालों को जन्म दे रहा है क्या एमडीए की कार्रवाई सिर्फ दिखावा थी? क्या प्राधिकरण की आंखों के सामने ये सब हो रहा है या फिर कहीं अंदरखाने कोई समझौता तो नहीं हुआ? बता दे कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण अधीक्षण अभियंता विनित अग्रवाल के निर्देशन में खतौली प्राधिकरण की टीम जेई भरतपाल और जयकरण द्वारा बुढाना मार्ग बिजली घर के पीछे अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुय जमींदोज़ कर दिया गया था हैरत की बात तो यह है कि कार्रवाई के मात्र चार दिन बाद ही भूमाफियाओं ने एमडीए की कार्रवाई को दर किनारे कर दोबारा निर्माण शुरू कर दिया है। और



विभागीय अधिकारी अभी तक अनजान बने हुए है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भूमाफिया खुलेआम निर्माण करा रहे हैं और एमडीए आंख मूंदे बैठा है। कुछ लोगों ने तो यह तक कहा कि हर बार की तरह यह भी एक मिलीभगत का हिस्सा हो सकता है, जिसमें कार्रवाई महज़ औपचारिकता बनकर रह जाती है।

## शहीद लेफ्टीनेंट विनय की याद में पेड़ लगाया

**चरथावल।** नगर के शेखजादगान पूर्वी पीरशाह विलायत के मोहल्ले वासियों ने चौक में जम्मू कश्मीर में आतंवादी हमले में शहीद हुए नोसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल एवं अन्य शहीदों की याद में पेड़ लगा कर उन्हें खिराजे-ए-अकीदत पेश की मोहल्ले वासियों ने कहा लेफ्टिनेंट विनय नरवाल एक जांबाज़ ऑफिसर थे वे सदा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे आज हमने उनके नाम पर एक पेड़ लगा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी हैं साथ ही उन्होंने कहा हमने आज एक पेड़ लगाया है और लोगों को भी शहीदों के नाम पर एक एक पेड़ लगाने के लिये जागरूक करेंगे साथ ही पेड़ कि देखभाल सभी मोहल्ले वासी स्वंय करेंगे साथ ही उन्होंने युवाओं से भी अपील करते हुए कहा शहीदों के नाम पर सभी मिलकर अभियान चला कर एक पेड़ अवश्य लगाये। इस अवसर पर पीरजी इमरान अरशद आशु रज़ा सालिक आफताब आलम नन्हे मियाँ फरीद अख्तर शावेज़ वकील मलिक सय्यद सलमान पत्रकार आदि मोहल्ले वासी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: खालापार में 40 फुटा रोड का उद्घाटन करते सांसद हरेन्द्र मलिक।

# केन्द्रीय रेल एवं जलशक्ति राज्यमंत्री ने किया आईपीएल मिल का निरीक्षण

■ अधिकारियों व कर्मचारियों का बढाया मनोबल

**मुजफ्फरनगर।** केन्द्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने सोमवार को उप्र के कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ रोहाना स्थित इंडियन पोटाश लिमिटेड, डिस्टिलरी व सीबीजी. (कंम्प्रेस्ड बॉयो गैस) इकाई का दौरा किया। इस दौरान उन्होने फ्यूल बचाने की योजना तथा देश के विकास में कम्पनी का बहुत बड़ा योगदान बताते हुए कम्पनी के अधिकारियों व कर्मचारियों का मनोबल बढाया। इसके साथ प्रधान प्रबंधक रमेश शर्मा के समक्ष आईपीएल में उत्पादों के विषय में प्रकाश डालते सभी को बधाई दी। केन्द्रीय रेल राज्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री वी. सोमन्ना ने मिल परिसर का निरीक्षण किया।

साथ ही डिस्टलरी व सीबीजी यूनिट के सौंन्दर्गीकरण पर आईपीएल की भूरि-भूरि प्रसंशा की और स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत आईपीएल की यूनिटों में स्वच्छता प्रणाली को देखकर इकाई प्रमुख व डिस्टलरी प्रधान प्रबन्धक को धन्यवाद दिया। इस मौके पर डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीडीओ कमल किशोर, एडीएम एनबी सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एसडीएम निकिता शर्मा, यूनिट हैड लोकेश कुमार, प्रधान प्रबंधक डिस्टलरी रमेश कुमार शर्मा, एचआर हैड आरके तिवारी, भरत कुमार आदि मौजूद रहे।

# रेलवे राज्य मंत्री वी. सोमन्ना को रेलवे के फुटपाथ का विस्तार करने के लिए दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने जनपद में पधारे भारत सरकार के जल शक्ति एवं रेलवे राज्य मंत्री का बुके देकर स्वागत किया तथा मंत्री जी को एक ज्ञापन दिया।

जिसमें मांग की गई की मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर बने ओवर फुटपाथ ब्रिज जो कि अभी तक रेलवे के अंदर ही उतरता है उसका विस्तार करके शहर की तरफ उतारा जाए जिससे शहर से नई मंडी और नई मंडी से शहर आने जाने वालों को भारी सुविधा मिलेगी तथा जो लोग रेलवे लाइन क्रॉस करके जाते हैं और एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है उससे भी बचा जा सकेगा इसके लिए हमने एक पत्र माननीय सांसद हरेंद्र मलिक जो को दिया था जिस पर उन्होंने अपनी सहमति जताते हुए रेलवे बोर्ड को अपना पत्र लगा करके उसकी संस.ूती की तथा उत्तर प्रदेश में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी को भी इस आशय का एक पत्र हमने दिया था उन्होंने भी इस पर अपनी सहमति वक्त की थी तथा एक पत्र नगर पालिका की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप जी को भी लिखा था उन्होंने भी अपना सहमति पत्र हमें दे दिया था तथा माननीय जिलाधिकारी का भी सहमति पत्र जो कि उन्होंने रेलवे विभाग को भी लिखा था उन सभी पत्रों की कॉपी लगाकर हमने माननीय राज्य मंत्री रेलवे सोमन्ना जी को दी उन्होंने मौके पर ही रेलवे इंजीनियर से पूछा कि क्या यह मामला आपके संज्ञान में है उन्होंने



भी अपनी सहमति व्यक्त की माननीय राज्य मंत्री भारत सरकार ने कहा कि जल्दी इसका कार्य कराया जाएगा, ज्ञापन देने वालों में संजय मित्तल, मुदित जैन, सुभाष मित्तल, अमित राय जैन, नीरज गांधी, दिनेश बंसल, रमेश चंद शर्मा आदि काफी व्यापारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बुद्ध के आदर्शों पर चलने वाला देश है हिन्दुस्तान: प्रमोद

**मुजफ्फरनगर।** बुद्ध पूर्णिमा पर आंदोलन जन कल्याण के संयोजक और ईंट निर्माता कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने गांव आदमपुर मोचड़ी शिव मंदिर में पीपल के पेड़ के नीचे किसानों व साथियों के साथ भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए प्रमोद कुमार ने कहा कि हमारा देश बुद्ध के आदर्शों पर चलने वाला है लेकिन पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की भ्रष्ट और व्यापारी फौज अपनी करतूतों से देश को युद्ध के लिए उकसा रही है। कहा कि जब दुनिया बारूद के ढेर पर बैठी हो ऐसे में भगवान बुद्ध के आदर्शों से ही मानव कल्याण और दुनिया में शांति कायम की जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा देश हमेशा से पाकिस्तान के साथ बेहतर रिश्तों का पक्षधर रहा है लेकिन शांति कभी भी एक तरफा प्रयास और संयम से हासिल नहीं की जा सकती। इस मौके पर पूर्व प्रधान सुरेश सैनी, मुकुल राणा, जगदीश मास्टर, राज बल सैनी, ध्यान सिंह सैनी, गयान सिंह, सतपाल सैनी, मन्नू सैनी आदि मौजूद रहे।

### वैशाखी पूर्णिमा पर हजारों लोगों ने लगाई गंगा में डुबकी

**मीरापुर।** वैशाखी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा बेराज पर लोगो ने गंगा स्नान कर गरीब लोगो को दान, भोजन वस्त्र व खाद सामग्री दी। शुक्ल पक्ष की वैशाखी पूर्णिमा के अवसर पर गंगा बेराज पहुंच कर लोगो ने बडी संख्या में गंगा स्नान किया तथा गंगा स्नान के बाद गंगा के किनारे हवन, सत्य नारायण की कथा व भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर गरीब लोगो को दान दाताओं ने दान में भोजन, वस्त्र व खादय सामग्री प्रदान की। गंगा बेराज पर बडी भीड के कारण कई बार जाम की स्थिति भी बनी रही।

### तीन बच्चों की मां नकदी व जेवर लेकर फरार

**छपार।** तीन बच्चों की मां दोबारा अपने प्रेमी के संग फरार हो गई और घर में रखें हजारों रुपए नगद व सोने चांदी के गहने भी अपने साथ ले गयी। गांव रेई निवासी सिकंदर की पत्नी आरती आरती ने थाने में तहरीर देते हुए बताया उसकी जेठानी अंजलि थाना देवबंद के गांव लाल वाला निवासी रजत के साथ घर से फरार हो गई और घर में रखें 73 हजार रूपए व उसके सोने चांदी के गहने भी अपने साथ ले गयी। तीन दिन पूर्व ही वह वापस लौटी थी। पीड़िता ने आरोपी जेठानी से अपने सोने चांदी के गहने वापस कराने की पुलिस से गुहार लगाई है।

### ऑल इंडिया दर्जी बिरादरी इत्तफाक कमेटी के सदर बने अख्तर

**बुढ़ाना।** ऑल इंडिया दर्जी बिरादरी इत्तफाक कमेटी बुढ़ाना की एक मीटिंग कस्बे के मौहल्ला मंडी दक्षिणी में स्थित हकीम मुहम्मद अख्तर के आवास पर आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता कमेटी के नायब सदर मास्टर इरशाद और संचालन मास्टर समीउल्ला ने किया। जिसमें ऑल इंडिया दर्जी बिरादरी इत्तफाक कमेटी बुढ़ाना का सर्व सम्मति से गठन किया गया। जिसमें ऑल इंडिया दर्जी बिरादरी इत्तफाक कमेटी बुढ़ाना के सदर हकीम मुहम्मद अख्तर, नायब सदर मास्टर इरफान, महासचिव मास्टर शकील, संगठन मंत्री मास्टर अमानतुल्ला, कोषाध्यक्ष मास्टर शादाब, लीगल एडवाइजर मास्टर शाहनवाज, सदस्य मास्टर ग"यूर, मास्टर इलियास, मास्टर इमरान, मास्टर सनाउल्ला, मास्टर साजिद, मास्टर शहजाद और मास्टर एहसान को बनाया गया। प्रोग्राम का आगाज हम्दो सलात से हुआ। बाहर से आए मेहमानो का स्वागत कमेटी ने नायब सदर मास्टर इरशाद की अध्यक्षता में फूल माला पहनाकर किया। कार्यवाहक सदर मुस्तकीम चौतरा, मास्टर ताहिर शोरम, महासचिव डॉक्टर उमर मलकपुर और कोषाध्यक्ष मास्टर इकबाल असारा ने सदर हकीम मुहम्मद अख्तर, नायब सदर मास्टर इरफान और महासचिव मास्टर शकील को पगड़ी पहनाकर एजाज बख्शा। यहां राष्ट्रीय प्रवक्ता मास्टर फरमान कांधला, सचिव मास्टर मुहम्मद अहमद कांधला, मास्टर इनाम शामली, मास्टर दीन मुहम्मद उर्फ दिन्ना टपराना आदि लोग मौजूद रहे। यह मीटिंग सदर हकीम मुहम्मद अख्तर की दुआ पर सम्पन्न हुई।

### डॉक्टर्स एंड पैथ लैब एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**मीरापुर।** डॉक्टर्स एंड पैथ लैब एसोसिएशन मीरापुर की मासिक बैठक राज हॉस्पिटल में संपन्न हुई। बैठक में मौजूद समस्त चिकित्सकों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा करते हुए, हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी चिकित्सकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार व वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. परवीन शर्मा ने भारत सरकार से सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि ऐसे कृत्यों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। उन्होंने भारतीय सुरक्षा बलों की वीरता और बलिदान को भी नमन किया। बैठक में एसोसिएशन से जुड़े डॉक्टरों की समस्याओं और उनके समाधान पर भी विचार-विमर्श किया गया। अंत में सभी चिकित्सकों से अपील की गई कि वे चिकित्सा पेशे को केवल व्यवसाय न मानते हुए, जनसेवा और मानवता की भावना के साथ निभाएं। बैठक की अध्यक्षता डॉ. आरिफ कुरैशी ने की तथा संचालन डॉ. ताहिर कमर ने किया। बैठक में डॉ. नौशाद मालिक, डॉ. मनोज, डॉ. आबिद रिजवी, डॉ. शाहनवाज मेवाती, डॉ. मुसव्विर, डॉ. जितेंद्र, डॉ. अमजद खान, डॉ. लोकेश समेत दर्जनों चिकित्सक उपस्थित रहे।

# राणा पब्लिक स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** मरहूम लियाकत अली व मरहूमा आमना ख़ातून की याद में बुधपूर्णिमा के पावन अवसर पर राणा पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन राणा पब्लिक स्कूल एवं अलकनंदा ब्लड बैंक मुजफ्फरनगर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय लोकदल के ज़िलाध्यक्ष सन्दीप मलिक और विधालय के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राष्ट्रीय लोकदल नूर सलीम राणा के द्वारा किया गया। शिविर में नगर के गणमान्य लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और रक्तदान किया आयोजन सफल रहा और सभी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अब्दुल वारिस राव थाना भवन,हाजी जिया उर रहमान भटटे वाले,वरिष्ठ अधिवक्ता मुनावर हुसैन, वरिष्ठ अधिवक्ता असद जमा,वरिष्ठ



अधिवक्ता मुर्तज़ा राणा,पैग़ाम ए इंसा. नियत संस्था के अध्यक्ष आसिफ़ राही ,गौहर सिद्दीकी , दिलशाद पहलवान, जफरयाब शाहिद आलम उर्फ़ पप्पी पूर्व महानगर अध्यक्ष किसान यूनियन टिकैत, गुलाब चौधरी ग्राम प्रधान वहलना ,बबलू कुमार ग्राम प्रधान सधावली, बाबू अंसारी पूर्व प्रधान सधावली, शान जैदी वहलना, हिलाल जैदी सधावली,जुनैद राणा पूर्व प्रधान सूजडू, महताब राणा प्रधान सूजडू, गुलफाम उर्फ़ पप्पू राणा सूजडू, हाजी फैज उर्फ़ पप्पू राणा,शादाब राणा सूजडू, शादान राणा सूजडू,नफीस इंजी. नियर सूजडू,डा. कामरान राणा सूजडू, डाक्टर वसीम राणा सूजडू, एव समस्त स्टाफ़ अमन रोलिंग मिल प्रा लि व राणा पब्लिक स्कूल का सहयोग रहा।

## फेक आईडी बना परिचितों से मांग रहा है रकम

**बुढ़ाना।** एक अज्ञात ठग कस्बे के एक शिक्षक की फेक आईडी बनाकर उनके परिचितों से रकम मांग रहा है। शिक्षक ने बुढ़ाना कोतवाली में अज्ञात ठग के विरुद्ध तहरीर देकर बुढ़ाना पुलिस से कड़ी कार्यवाही की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के शिक्षक सुशील सैनी ने सोमवार के दिन बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने कई वर्षों से फेस बुक आई डी बना रखी है। अब किसी अज्ञात ठग ने उसकी एक फेक फेसबुक आईडी पर अपना फोटो लगा लिया है और उनसे जुड़े लोगों से सुशील सैनी बनकर रकम की मांग कर रहा है। बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# एमएमसी कृषि विज्ञान परीक्षा में श्रीराम कॉलेज के छात्रों ने मारी बाजी



**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के छात्रों ने एमएससी कृषि विज्ञान (एग्रोनामी) प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में मारी बाजी।

मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के द्वारा घोषित एमएससी कृषि विज्ञान (एग्रोनामी) प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में श्रीराम कॉलेज के कृषि विज्ञान (एग्रोनामी) प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत विधार्थियो ने उच्चतम अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। आज एमएससी कृषि विज्ञान( एग्रा.ेनामी प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची तैयार की गई जिसमें वंशधामा ने 76.8 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान, विवेकधामा ने 75.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा विशाल कुमार ने 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता एव शिक्षकों को देते हुये उनका धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि सफलता प्राप्त करने में शिक्षकों ने बहुत सहयोग दिया है। जिसके कारण किसी भी विषय को समझने में कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती है। उन्होनें विभाग के सभी अध्यापकों को उनके सतत प्रयासों के लिये सराहना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की सफलताओं के आक.ाश को छूने की आशा व्यक्त की।

इस अवसर पर कृषि संकाय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आर्शीवाद देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि विद्यार्थियों ने शिक्षकों का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर श्री राम कॉलेज की प्राचार्या डा प्रेरणा मित्तल तथा श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हमारे महाविद्यालय के छात्रों ने अथक प्रयास किया है जिसका परिणाम यह है कि आज हमारे महाविद्यालय की जिले में उत्कृष्ट पहचान बन गयी है, जो बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ-साथ इस महाविद्यालय के शिक्षकों भी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सभी जानकारियाँ उपलब्ध कराई हैं। इस अवसर पर श्री राम कॉलेज के निदेशक डॉ अशोक कुमार के साथ कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ नईम, डॉ. प्रवीण मलिक, डॉ अंजली, डा संतोष, डा रत्नाकिरण वानखेडे, राज कुमार, सूरज सिंह, आबिद अहमद आदि ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** स्थानीय आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल ।2 रोड मुज़फ्फरनगर में बुद्ध पूर्णिमा एवम् मातृ दिवस के पावन अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में क.।.ट कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर रीना सैनी जी उपस्थित रही।

कार्यशाला में सभी पाल्यो की माताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था द्य जिसमे सभी माताओं ने बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता की। कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया इसके पश्चात् उपस्थित माताओं को समर्पित गीत ' माँ ओ मेरी माँ ' छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया द्य इसके पश्चात् अन्य बालकों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया।

मुख्या वक्ता रीना सैनी ने अपने



उद्‌बोधन में सभी माताओं को शारी.रिक एवम् मानसिक स्वास्थ्य की उपयोगिता एवम् समाज के विकास में माताओं की सहभागिता विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला विभिन्न स्वास्थ्य वर्धक खेलो में सभी माताओं ने बढ़चढ़ कर सहभागिता की। इस विशेष अवसर पर कुछ माताओं ने अपने अनुभव भी साझा किये द्य विद्यालय द्वारा कराये गए मदर्स डे फोटो प्रतियोगता के विज.ेताओं को प्रधानाचार्या सोनिका आर्य जी ने पुस्कृत किया। संस्था की प्रधानाचार्या ने अपने उद्‌बोधन में सभी उपस्थित माताओं का धन्यवाद प्रेषित करते हुये कहा कि बिना उनकी सहभागिता एवम् सहयोग के किसी भी बच्चे का सर्वागीण विकास असंभव हैं कार्यक्रम का सफल संचालन पूजा मुद्‌गल ने किया।

# बुद्ध पूर्णिमा पर गर्मी में बांटा ठंडा शर्बत



**बुढ़ाना।** कस्बे के चंधेडी रोड पर आज सोमवार के दिन बुद्ध पूर्णिमा पर एक स्टाल लगाकर आते जाते राहगीरों को भयंकर गर्मी में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना ईकाई रजिस्टर्ड के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के नेतृत्व में ठंडा रूह अफजा शरबत पिलाया गया। जिसे पीकर राहगीरों ने सभी व्यापारियों का धन्यवाद किया और भयंकर गर्मी में ठंडा पीकर राहत दी।

इस दौरान यहां पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने बताया कि हर महीने पूर्णिमा आती है। जिसमें सत्य नारायण की पूजा करने से और सत्य नारायण की कथा सुनने से धर्म लाभ होता है। सनातन धर्म में प्राचीन काल से कथा करवाना और कथा सुनने की परम्परा सदियों से चली आ रही है। सनातन धर्म हमें अच्छे सस्कार देता है। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से व्यापारी नेता संजीव कुमार संगल, रवि प्रजापति, सूफियान कुरैशी, नसीम भटियारा, नीरज त्यागी और मोहित शर्मा आदि व्यापारियों की मौजूदगी रही।

# विद्युत उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा सरकारी योजना का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सरकार लाखों रुपए जनता की भलाई के लिए खर्च करते हुए योजनाएं लाती है लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों की मनमर्जी के चलते जनता को परेशान ही किया जाता है।

गर्मी के मौसम में बिजली की कटौती होने से कस्बा बुढ़ाना व क्षेत्र की जनता आए दिन परेशान होती है। अगर देखा जाए तो कुछ विद्युत कर्मचारी फॉल्ट जोड़ने के नाम पर कई घंटे तक भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं करते। जिसके चलते बिजली विभाग को योगी सरकार का जरा सा भी डर नहीं है। बुढ़ाना के बिजली घर में पिछले साल बड़ा ट्रांसफार्मर रखा गया था और तमाम कस्बे की लाइन भी बदल दी गई थी इसके बाद भी लाइट कई कई घंटे तक ही गायब रहती है। कस्बा बुढाना के कुछ बारातघरों में बारात आने पर चोरी की बिजली कुछ कर्मचारियों के द्वारा चोरी से तार डालकर चलवाई जाती है। इन बारातघरों में इतनी लाइट उपयोग होती है जितना कि कस्बे के एक वार्ड में।

जिसकी पूर्व में भी वीडियो वायरल हुई मगर बिजली विभाग की मिली भगत के चलते उच्च अधिकारियों के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई ब्लकि वीडियो वायरल करने वालों को ही खरी खोटी सुना दी गयी थी। कस्बे के जागरूक व्यक्तियों से जानकारी तो यह भी मिल रही है कि प्राइवेट व्यक्ति जो बिजली विभाग में कार्य करते हैं वह अपने पूरे मोहल्ले में चोरी की लाइट जलवाते हैं और किराए पर रिक्शा आदि भी चार्ज कराते हैं। बिजली विभाग अपना खर्च देखकर उपभोक्ताओं पर रुपए बढ़ाता है इसकी भी चर्चा जोरों पर है। यह सब बिजली विभाग की मिलीभगत के चलते होता है। जिसमें चोरी करने वालों का बिल भी बिजली उपभोक्ताओं को ही भरना पड़ रहा है।

उधर पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना कागज़ों में चल रही है। कस्बा बुढाना में जनता को इसका लाभ कहीं पर भी नहीं मिल रहा है। बिजली विभाग की मनमानी के चलते आवेदकों के कागजातध भी पूरे नहीं किए जा रहे। किसी का बिल गलत आ रहा है तो उसको सही नहीं किया जा रहा है। किसी का मीटर खराब है तो उसको सही नहीं किया जा रहा है। किसी का कनेक्शन उसके पूर्वजों के नाम है तो उसका भी नाम बदला नहीं जा रहा है। कागजों की पूर्ति करने के नाम पर बिजली विभाग जनता का उत्पीड़न कर रही है। इसीलिए पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। यही हाल बैंकों का है। वहां पर भी कागजों की पूर्ति के नाम पर जनता को परेशान किया जा रहा है। कस्बे की जनता उत्पीड़न झेलकर कुछ भी नहीं कर पा रही है और ना ही किसी विभाग के द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार किया जा रहा है। जिससे कस्बे की जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है। बस कागजों में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना चल रही है। क्या उच्च अधिकारी इस और ध्यान देंगे?

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# व्यापारी को मिली रंगदारी की चिट्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार सवेरे दुकान खुलते ही व्यापारी को रंगदारी की चिट्ठी मिलने से हड़कंप मच गया। बदमाशें द्वारा व्यापारी को 20 लाख रूपये की रंगदारी न दिए जाने पर व्यापारी सहित बच्चों की हत्या करने की धमकी दी गई है। सूचना मिलते ही व्यापारी नेता मौके पर एकत्रित हो गए और उन्होने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बदमाशों द्वारा दुकान में डाली गई चिटठी को कब्जे में लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है।





शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला ब्रहमणान निवासी सुमित बंसल सोमवार सवेरे करीब 9 बजे शहर के फव्वारा चौक स्थित प्रिया मोबाईल की दुकान को खोलने के लिए पहुंचे। दुकान खुलते ही सुमित बंसल को एक कम्प्यूटर से लिखी रंगदारी की चिटठी प्राप्त हुई। जिसमें बदमाशों द्वारा 20 लख रूपए की रंगदारी मांगी गई है। साथ ही रंगदारी के चिठी में बदमाशों ने थानाभवन में करोडों की जमीन खरीदने, एक अन्य प्लॉट खरी. दने और कैराना में बहुत मोटी कमाई करने जैसी बातों को दर्शाया है। यही नही बदमाशों ने चिटठी में रोजाना कैराना से शामली आने की भी बात लिखी है। कहा कि अगर हमारी बात नही मानी और पुलिस के पास गया तो तुझे कोई बचा नही पाएगा। बच्चों की जिंदगी प्यारी है तो रकम का इंतजाम कर ले। बदमाशों ने रंगदारी कैसे लेनी है इसके लिए अगली चिटठी का इंतजार करने की बात कही है। पुलिस को बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई है।

व्यापारी को रंगदारी की चिठी मिलने की सूचना से वही पुलिस विभाग में भी हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर शामली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और रंगदारी की चिठी को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली है। व्यापारी सुमित बंसल के भाई दीपक बंसल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

# नीचे से लेकर ऊपर तक शिकायत, फिर भी नहीं बन रही सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** झिंझाना ऊन थाना भवन मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का बड़ा कारण बना है क्षेत्र वासियों द्वारा अधिकारियों से लेकर मंत्री से भी गुहार लगा चुके हैं लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है 4 वर्ष पूर्व टेंडर छोड़ा गया था धरना प्रदर्शन तथा दर्जनों बार शिकायत की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हो पाई नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बृजेश वशिष्ठ ने इस संबंध में मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ,मुख्यमंत्री ,केंद्रीय मंत्री आदि को पत्र लिखकर सड़क निर्माण कराने की मांग की है। झिंझाना ऊन थाना भवन मार्ग के निर्माण हेतु 13 सितंबर 2021 को रवि कंस्ट्रक्शन कंपनी मुजफ्फरनगर को 31 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण व सुद्रडीकरण कार्य का टेंडर छोड़ा गया था यह सड़क निर्माण एजेंसी को दिसंबर 2022 में पूरी करनी थी लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हो पाया जितनी सड़क बनी है वह भी मानक के अनुरूप नहीं बनी है लगातार क्षेत्रवासी शिकायत कर रहे हैं समाजसेवी संस्था जन उत्थान सेवा समिति द्वारा भी तहसील कार्यालय पर 22 दिनों तक धरना दिया था जिसमें मंत्री बृजेश राणा ने सड़क बनवाने का आश्वासन दिया था लेकिन वह भी झूठा साबित हुआ यह मुद्दा दो बार विधान परिषद में भी उठाया जा चुका है लेकिन सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया है क्षेत्र के लोग शिकायत करते हैं उस पर अधिकारी फर्जी रिपोर्ट लगा देते हैं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बृजेश वशिष्ठ ने दर्जनों बार अधिकारियों को शिकायत की लेकिन हर बार फर्जी रिपोर्ट लगाकर कार्य प्रगति पर दिखा दिया जाता है धरना प्रदर्शन के बाद ठेकेदार को एक वर्ष के लिए डीबार किया गया लेकिन सड़क का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। सड़क निर्माण न होने से सरकार की छवि भी खराब हो रही है। सड़क में जगह-जगह गहरे गहरे ग्ग्ढे बने हैं आए दिन हादसे होते हैं कस्बा झिंझाना में सड़क की खराब हालत के चलते दुर्घटना में कई लोग जान गवा चुके है। अब एक बार फिर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बृजेश वशिष्ठ ने मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ,एमएलसी मों. हत बेनीवाल , चंद शर्मा ,दिनेश गोयल, वीरेंद्र सिंह ,धर्मेंद्र भारद्वाज, किरण पाल कश्यप ,विधायक प्रसन्न चौधरी व मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग,जिलाधिकारी को पत्र लिखकर सड़क के शीघ्र निर्माण कराने तथा इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करा कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# तेज आंधी व बूंदाबांदी से आम की फसल को हुआ नुकसान



**शामली।** देर रात्रि आई तेज आंधी और बूंदाबांदी से आम की फसल को नुकसान पहुंचा है। रात्रि में तेज आंधी के साथ की शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से नागरिकों को परेशानियों का सामना भी करना पडा। बारिश न होने से गर्मी बरकरार रही। रविवार देर रात्रि करीब 9 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ। आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी चली। तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी भी होने लगी। ऐसा अंदेशा लग रहा था कि झमाझम बारिश होगी, लेकिन कुछ समय बाद आंधी शांत होने के साथ साथ मौसम भी पूरी तरह से साफ हो गया। तेज आंधी आने से कई स्थानों पर विद्युत फाल्ट आए जिस कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही और भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। वही दूसरी ओर तेज आंधी से किसानों की आम की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। पेड पर लगे कच्चे काम टूटकर जमीन पर गिर पडे।

# दो ट्रकों की भिड़ंत के बाद एक पलटा, मार्ग अवरुद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार सवेरे शहर के मेरठ-करनाल हाईवे पर दो ट्रक की हुई भिडंत में प्याज से भरा ट्रक सिंभालका बाईपास पर पलट गया। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक बाल बाल बच गए, जबकि हाईवे पर ट्रक पलटने से यातायात अवरूद्ध रहा। बाद में ट्रेफिक पुलिस ने किसी तरह ट्रक को खाली कराकर हाईवे से हटवाया और यातायात सुचारू हो सका।



सोमवार सवेरे करीब 5 बजे राजस्थान के धोलपुर निवासी ट्रक चालक किशन अपने ट्रक में प्याज भरकर बदनावर से पानीपत मंडी में जा रहा था।

बताया जाता है कि जब वह सिंभालका बाईपास हाईवे पर पहुंचा तो वह रास्ता पूछने के लिए रूका और वापस मोडने लगा। इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक चालक हरप्रीत सिंह ने अपनी नियंत्रण खोते हुए प्याज से भरे ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे प्याज से भरा ट्रक हाईवे पर पलट गया। हादसे में दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दोनों के चालक बाल बाल बच गए। सूचना पाकर ट्रेफिक पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवे पर पलटे ट्रक से यातायात प्रभावित होने पर बेरियर लगाकर रास्ता डायर्वट कराया गया। दोपहर बाद तक ट्रक खाली होने पर ही हाईवे से हटाया जा सका। हादसे में दोनो ट्रकों में लाखों रूपये का नुकसान हुआ है।

## दो वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

झिंझाना। कस्बे के मौहल्ला ताडवाला से अज्ञात चोर द्वारा बाइक चोरी के मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था, जिसमे, पुलिस द्वारा दो वाहन चोरों अजय कुमार पुत्र जनेश्वर निवसी ग्राम अगडीपुर थाना झिंझाना,विशाल पुत्र राजवीर निवासी ग्राम मलकपुर थाना कैराना को चोरी की गई मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार किया। पुलिस पकड़े गए दोनो आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालानी कार्रवाई की है।

## एक नजर

### मनोज बने आलकला कैराना सैक्टर अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को बहुजन समाज पार्टी की एक बैठक कैराना में आयोजित की गई। जिसमें दीपक कुमार को कैराना विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से मनोज कुमार को आलकला कैराना को सैक्टर अध्यक्ष, अमित कुमार को महासचिव बनाया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी देवीदास जयंत ने सभी नवनियुक्त पदा. धिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से पार्टी को मजबूत करने का आहवान किया। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से बसपा की ज्यादा से ज्यादा सीटे निकालकर मायावती को मुख्यमंत्री बनाना होगा। इस अवसर पर हरपाल कश्यप, सुनील जाटव, विनोद कुमार जयंत, वीर सिंह मालैंडी, प्रदीप कोरी, तोफीक सिददीकी, रोशनलाल, गौरव शर्मा, जयपाल कश्यप, आकाश कुमार, विशाल कुमार, सुमित कुमार, तुषार आदि मौजूद रहे।

### पुलिस चौकी के लिए बड़ा कांबोज कूलर स्टैंड सहित किया भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्व सेवा सम्मान समिति ने बड़ी माता मंदिर के बाहर नई पुलिस चौकी के लिए एक बड़ा कांबोज कूलर स्टैंड सहित भेंट किया और प्रसाद स्वरूप रूह अफजा मीठे शरबत कि सेवा कि जिससे सैकड़ों लोगों ने अपनी प्यास बुझाई इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि वीरेन्द्र कसाना प्रभारी कोतवाली शामली और चौकी प्रभारी खूब सिंह रहे। सहयोगी पुलिस बल आशीष सागवान, जितेंद्र सोम, कृष्ण पाल उपस्थित विशिष्ट अतिथि प्रदीप विश्वकर्मा, वीरेन्द्र संगल, सुरेंद्र बंसल, संस्थापक अध्यक्ष गिरधारी लाल नारंग, सत्र संयोजक अजय गर्ग, संदीप विश्वकर्मा, अध्यक्ष मनुज कांबोज, सचिव भूपेंद्र खन्ना, राजेश जैन, सुशील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### रामड़ा में आतंकवाद के विरोध में रक्तदान शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कांग्रेस पार्टी एवं भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से आतंकवाद के विरोध में गांव रामड़ा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 20 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सोमवार को क्षेत्र के गांव रामड़ा में युवा कांग्रेस व भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के कार्यकर्ताओं द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ भाकियू (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष सोनू शर्मा ने किया। इस दौरान करीब 20 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शामली से पहुंची सर्वोदय ब्लड बैंक की टीम के द्वारा रक्त संग्रह किया गया। वहीं, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आतंकवाद के विरोध में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें लोगो ने स्वेच्छा से खूनदान किया है। आतंकवाद के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का पूर्ण समर्थन सरकार के साथ है। उन्होंने लोगो से बढ़चढ़कर रक्तदान करने का आ]वान किया है। इस अवसर पर नासिर चौधरी, वीशू शर्मा, सीमा देवी, अफसर चौधरी, वाजिद अली, कमल किशोर शर्मा, रविन चौधरी, विशाल शर्मा, दीपक शर्मा, राकेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# वीर सैनिकों को कॉलेज की छात्राओं का नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कालेज में सोमवार को छात्राओं ने ऑपरेशन सिन्दूर लिखकर भारत के वीर सैनिकों को नमन किया। इस दौरान छात्राओं ने भारत के वीर जवानों की सराहना करते हुए भारत माता की जय के जयकारे लगाए।




सोमवार को सत्यनारायण इण्टर कॉलेज की छात्राओं ने ऑपरेशन सिन्दूर लिखकर भारत के वीर सैनिकों को बधाई दी। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि गत कई वर्षों से पाकिस्तान के द्वारा भारत पर आंतकवादी हमले किए जाते रहे हैं। परन्तु वो ए भूल गया कि यह नया भारत है जो देश के दुश्मनों को उनके घर में घुस कर मारता है। हमें अपने देश की जल, थल एवं वायु सेना पर गर्व है। इस ऑपरेशन को आर्मी लेफ्टिनेन्ट कर्नल सोफिया कुरेशी एवं वायु सेना की विंग कमाण्डर व्योमिका सिंह के निर्देशन में चलाया गया जो कि भारतीय महिलाओं के शौर्य को प्रदर्शित करता है। छात्राओं के द्वारा आज विद्यालय में ऑपरेशन सिन्दूर लिखकर सेना को बधाई देना भी इसी का प्रतीक है। धनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, महेश नारायण गौड़, प्रियांक शर्मा, लक्ष्मी गर्ग, नीतू अग्रवाल, कीर्ति गर्ग, कविता मित्तल, मोहित मित्तल, अरविन्द कुमार, हरीश नामद. व मौजूद रहे।

# बसपा कैराना विस प्रभारी बने दीपक कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सोमवार को बसपा सुप्रीमों एवं प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देशानुसार संगठन की सेक्टर बैठक कस्बे के मोहल्ला आलकलां में आयोजित हुई। इस दौरान पार्टी के पूर्व कैराना विधानसभा अध्यक्ष रहे राजकुमार के पुत्र दीपक कुमार को कैराना विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा, मनोज कुमार को सेक्टर आलकलां का अध्यक्ष तथा अमित कुमार को महासचिव बनाया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के शामली जिलाध्यक्ष सुनील कुमार जाटव ने कहा कि वर्तमान सरकार से जनता त्रस्त है। दिन-प्रतिदिन प्रदेशभर में पार्टी का जनाधार बढ़ता जा रहा है।



ऐसे में सभी ने एकजुटता के साथ मेहनत करके बहन कुमारी मायावती को पांचवी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। इस अवसर पर जिला प्रभारी देवीदास जयंत, हरपाल कश्यप, विनोद जयंत, वीरसिंह, प्रदीप कोरी, तौफीक सिद्दीकी, रोशन लाल आर्य, गौरव शर्मा, जयपाल कश्यप, आकाश कुमार, विशाल कुमार, सुमित, तुषार आदि मौजूद रहे।

# कोतवाल ने गांव तीतरवाड़ा में ग्रामीणों के साथ की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सोमवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह क्षेत्र के हिन्दू-मुस्लिम आबादी वाले मिश्रित गांव तीतरवाड़ा में पहुंचे। जहां पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ में बैठक आहूत की। कहा कि गांव में विगत दिनों से आपरा. धिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। इन घटनाओं में अधिकतर युवाओं की संलिप्तता देखने को मिल रही है। ऐसे में माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपने बच्चों के साथ में सामंजस्य स्थापित करें तथा उन्हें सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करें। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि शुरुआत में अपराध की दुनिया युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करती है, परन्तु यह ऐसी दलदल है, जिसमें धंसने के बाद व्यक्ति बर्बादी के कगार पर पहुंच जाता है। ऐसे लोगो का सामा. जिक स्तर पर बहिष्कार होता है और कानून भी उन्हें दंडित करता है। उन्होंने प्रबुद्ध ग्रामीणों को गांव के युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए आगे आने का आ]वान किया है। साथ ही, कानून के साथ खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाने की चेतावनी दी है। इस दौरान तीतरवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी एसआई राकेश गौतम व ग्रामीण मौजूद रहे।

# चेक बाउंस के आरोपी को छह माह का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने चेक बाउंस के आरोपी को दोष सिद्ध पाए जाने पर छह माह के साधारण कारावास व छह लाख रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अर्थदंड की समस्त राशि एक माह के अंदर मुकदमें के वादी को देने के आदेश दिए है।

नसीम अहमद एडवोकेट व कुर्बान राणा एडवोकेट ने बताया कि उनके मुवक्किल शराफत अली पुत्र इब्राहिम निवासी ग्राम कुरमाली थाना बाबरी जनपद शामली (मुजफ्फरनगर) ने बाबरी थाने पर ईंट बनाने वाली फर्म कैडी ब्रिक्स सप्लाई सोनता, मुजफ्फरनगर व उसके पार्टनर अनवार अहमद व अन्सार अहमद पुत्रगण जलालुद्दीन निवासी ग्राम कैडी, थाना बाबरी जिला शामली (मुजफ्फरनगर) तथा शौकीन अली पुत्र यासीन निवासी मोहल्ला मंसूर खान, निकट इंदिरा मूर्ति कस्बा व थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर के खिलाफ चेक बाउंस के आरोप में धारा-138 एनआई एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कराया था।

विवेचक ने मामले की तफ्तीश करके आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। यह मामला कैराना स्थित अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में विचाराधीन था। मामले में आरोपी बनाए गए अन्सार अहमद व शौकीन अली की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। अदालत ने दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के तर्क-वितर्क सुनने के पश्चात आरोपी अनवार अहमद को दोषी करार देते हुए छह माह के साधारण कारावास व छह लाख रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने जुर्माने की समस्त राशि निर्णय सुनाए जाने के एक माह की समयावधि के भीतर मुकदमें के वादी शराफत अली को दिए जाने का आदेश दिए है। साथ ही, जुर्माना अदा न करने पर दोषी को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए है।

## महिलाओं पर अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर घूमती हुई महिलाओं पर अश्लील हरकत कर अश्लील गाने गाने के मामले में एक अभियुक्त रिहान उर्फ मुशर्रफ पुत्र मुस्तफा निवासी ग्राम आमवाली थाना झिंझाना को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। मामले में पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही कर रही है।

# नीट, जेई व यूपीएससी के लिए निःशुल्क काउंसलिंग वर्कशॉप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** द हिंद गुरु इंटरनेशनल स्कूल, गढ़ी पुख्ता में नीट, जी और यूपीएससी की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक निशुल्क काउंसलिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर लाभ उठाया।

यह वर्कशॉप द हिंद गुरु एकेडमी, ओखला (नई दिल्ली) द्वारा आयोजित की गई, जिसमें शामली, थानाभवन, गढ़ी पुख्ता और आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। वर्कशॉप में दिल्ली से आए अनुभवी एवं विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ्स की डेमो क्लासेज ली गईं। वर्कशॉप में भाग लेने वाले विद्यार्थी अत्यंत उत्साहित, प्रसन्न और प्रेरित दिखाई दिए। उनके उत्साह को देखते हुए द हिंद गुरु एकेडमी और स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर नूर नवाज खान ने कहा कि यह पहल उनके स्वर्गीय पिता अहसनुल्लाह खान के सपनों को साकार करने की दिशा में एक प्रयास है।

उन्होंने कहा कि उनके पिता की यह ख्वाहिश थी कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी न्यूनतम खर्च में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त कर सकें, ताकि वे डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर या चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर देश सेवा कर सकें। नूर नवाज खान ने यह भी घोषणा की कि अब नियमित रूप से इन कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसे उपस्थित अभिभावकों ने सराहा और खुले दिल से स्वागत किया। दिल्ली से



पधारे ख्यातिप्राप्त शिक्षकों में शामिल थे नीट व जी में ऑल इंडिया रैंक 1, 2 व 3 दिलाने वाले केमिस्ट्री के द्विजेश सर और फिजिक्स के व्यास सर। ग्रामीण विद्यार्थियों का उत्साह देखकर ए दोनों शिक्षकों ने भी कहा कि वे इस ह्कच्ची मिट्टी को सोनाह्न बनाने के लिए दिल से प्रेरित हैं। इस अवसर पर शामली के पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल जी की पत्नी सीमा निर्वाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्रधानाचार्या रिया चौधरी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में मेहनत करने वाले समस्त स्टाफ को धन्यवाद व शुभकामनाएं दीं।

# एक ही आरोपी पर थोप दी छेड़छाड़ की दो घटनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बीते छह मई को एक लाईब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने आई युवती के साथ छेडछाड की घटना करने वाले आरा. पी को पकडने का दावा पांच घंटे में ही फुर्र हो गया। दरअसल केरटू में हुई घटना में पीडिता ने नामजद शिकायत पर उच्चाधिकारियों को आरोपी के पकड़ने की सूचना देते हुए प्रेस नोट जारी करा दिया। जिसमें पकडे गए आरोपी से एसपी शामली व एसओजी द्वारा भी पूछताछ की गई, लेकिन इसके विपरीत चौसाना पुलिस की बहादुरी उस समय धराशाई हो गई जब पकड़े गए आरोपी भरत पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम जैनपुर थाना झिंझाना के परिजनों ने भरत को बेकसूर बताते हुए पुलिस से गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने एक ना सुनी तो उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की मदद से पड़ताल की। ऊन तिराहे पर घंटों निगरानी करके आरोपी की पहचान कर ली। सकौती गांव से आरोपी को पकड़ लिया गया। कब्जे से तमंचा व बाइक को बरामद किया गया। आरोपी की पहचान अक्षित पुत्र मोहित निवासी कमालपुर के रूप मे हुई। वहीं, दूसरी ओर आरोपी भरत को केरटू में महिला से छेड़छाड़ के आरोप में जेल भेजा है। वही थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया दोनों आरोपी ने छेड़छाड़ की है। सच उस समय बाहर आया जब भरत के परि. जनो ने चौसाना की छात्रा के आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक गोकशी करने वाले आरोपित को अवैध हथियार, कार सहित गिरफ्तार किया है। मुक. दमा पंजीकृत कर न्यायाल में पेश किया है।

कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि वे पुलिस बल के साथ गांव पिठौरी के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तो पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग को देख गांव लंढौरा की तरफ से एक कार आ रही थी। पुलिस द्वारा कार को रोकने का इशारा किया तो कार सवार गांव पिठौरी की तरफ जनता मार्ग पर भागने लगे तो पुलिस ने उनका पीछा किया तो हड़बड़ाहट में गांव पिठौरी के कच्चे रास्ते में कार फंस जाने के कारण कार में सवार दो व्यक्ति कार को वही छोड़कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करते हुए भागने का प्रयास करने लगे तो पुलिस ने भी अपनी आत्मरक्षा के लिए जवाबी फायरिंग की गई तो पुलिस द्वारा बचाव फायरिंग में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा दूसरा व्यक्ति जांगल के रास्ते से फरार होगया। पुलिस ने फरार हुए व्यक्ति की तलाश के लिए कांबिंग की गई मगर वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा पुलिस ने घायल व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और उसकी तलाशी ले तो उसके कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस व एक खोखा तथा गोकशी के उपकरण और एक सेंटरों कार बरामद हुई। पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस ने घायल आरोपित को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने पकड़े गए आरोपित गो. कश का नाम फैजान पुत्र अब्दुल खालिक निवासी गांव रेहड़ी मो. हिद्दीनपुर कोतवाली थाना बेहट बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसे न्यायालय में पेश दिया है।

## बाइक की टक्कर लगने से साइकिल सवार की मौत

**नागल।** सीडकी झबरेडा मार्ग पर थाना क्षेत्र के गांव बोहडूपुर के निकट बाइक की टक्कर लगने से साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे गांव बोहडुपुर निवासी श्यामलाल पुत्र हरफूल साइकिल पर सवार होकर अपने खेत पर जा रहा था। सड़क पार करते समय झबरेडा की तरफ से आ रहे बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मारी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसे चिकित्सक को दिखाया गया लेकिन उसने दम तोड दिया। सूचना मिलने पर पंहुची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस टक्कर मारने वाले बाइक चालक की खोज कर रही है।

# बेखौफ चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र में बेखौफ चोरो में दिन दहाडे ही बंद पड़े हुए एक मकान का ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है।

मिली जानकारी के मुताबिक अज्ञात चोरों द्वारा दिन के समय ही रिश्तेदारी में मौत होने जाने पर गये हुए एक दम्पत्ति के घर का ताला तोड नकदी व आभूषण सहित लगभग सात लाख रुपये की चोरी कर ली गई है। घटना पुलिस चौंकी पठेड़ क्षेत्र के अन्तर्गत पडने वाले ग्राम रघुनाथपुर की है। गांव निवासी पीड़ित इन्तजार पुत्र स्व. इलियास ने बताया है कि उसकी बुआ की मौत हो गयी थी, जिस कारण वह शनिवार को अपने परिवार सहित कस्बा चिलकाना के मोहल्ला गढी में मृतका के जनाजे में शामिल होने के लिए अपने घर का ताला लगाकर चला गया था।

शाम के समय जैसे ही वह घर लौटा तो उसने कमरे का ताला टूटा हुआ पाया व अलमारी का दरवाजा खुला हुआ था। अलमारी में रखी चालीस हजार की नकदी व छः तोले सोने के कुंडल, झुमकियां व कड़ो के साथ लगभग एक किलो वजन के चांदी के आभूषण अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिये गये है, जिनकी कीमत लगभग सात लाख रूपये बतायी जा रही है। पीडित ने थाना पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों का पता लगाकर कानूनी कार्यवाही करते हुए उसकी नकदी व आभूषण बरामद कराये जाने की मांग की है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोपी दबोचा



**नकुड़/अम्बेहटा।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना एक युवक को भारी पड़ गया। पुलिस ने ऐसे ही एक मामले में युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भड़काऊ और आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी। जिससे क्षेत्र का सौहार्द कभी भी प्रभावित हो सकता था। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान अब्दुल मलिक पुत्र हाजी खालिद के रूप में हुई है।एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि आरोपी की पोस्ट पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाई। तथा साइबर सेल की सहायता से युवक की डिजिटल गति. विधियों की जांच की गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जहां उसने टिप्पणी करना स्वीकार किया। पुलिस ने युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

पुलिस ने अपील की है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करें। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट की सूचना तत्काल पुलिस को दें। ऐसे में अफवाहें और उकसावे वाली भाषा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गायब किशोर का शव मिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर से दो दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुए आठ वर्षीय किशोर का शव बेहट थाना क्षेत्रान्तर्गत गांव सलेमपुर गदा के रजवाहे से मिला है। शव की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, परिजनों ने किशोर की हत्या की आशंका जताते हुए जांच किये जाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि सुलतानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला निवासी महिला नगमा पत्नी दिलशाद ने रविवार को थाना पर तहरीर देते हुए बताया था कि उसका आठ वर्षीय पुत्र सरफराज विगत शनिवार को दोपहर के समय घर से खेलने के लिए गया था। जो कि देर शाम तक भी वापस नही लौटा, जिसकी तलाश उनके द्वारा आसपास व रिश्तेदारियों में करने के बाद भी कुछ पता नही चल पाया है। तहरीर मिलने पश्चात पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोर की तलाश आरम्भ कर दी थी।

आज सोमवार को दोपहर के समय कोतवाली बेहट से चिलकाना थाना प्रभारी निरिक्षक कपिल देव को सूचना मिली कि गांव सलेमपुर गदा के निकट से बहने वाले आलमपुर रजवाहे के घघरोली एवं सलेमपुर गदा के बीच में लगाए गए बांध में एक किशोर मृत अवस्था में पाया गया है जिसने काली पैंट एवं पीली टीशर्ट पहनी हुई है। शव को बेहट पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरिक्षक कपिल देव द्वारा सरफराज के परिजनों को शिनाख्त के लिए मौके पर ले जाया गया, जहां परिजनों ने मृतक किशोर की पहचान सरफराज के रूप में की।

सरफराज की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, मृतक किशोर सरफाज चार भाई बहनो में से दूसरे नम्बर का था। जो कि प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र था। मृतक का पिता दिलशाद मेहनत मजदूरी का कार्य करके परिवार का लालन पालन करता है। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है। मृतक किशोर के परिजनों ने थाना पहुंचकर हत्या की आशंका जताई है उन्होंने पुलिस से मामले की जांच किये जाने की मांग की है।

## बाबा गोरखनाथ का जन्म दिवस मनाया



**चिलकाना।** नगर में गौरक्षा दल व गुरु गोरखनाथ के भक्तों द्वारा गुरु गोरखनाथ के जन्म दिवस पर गोगा महाडी पर खीर का प्रसाद वितरित किया।

सोमवार को नगर के बस स्टैंड के निकट स्थित गोगा महाडी पर गौ रक्षा दल व गुरु गोरखनाथ के भक्तों द्वारा गुरु गोरखनाथ जी के जन्म दिवस के अवसर पर खीर के प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुंदर लाल भगत जी, आयुष रोी. हला, अनिल पटवारी, मोहित उपाध्याय, सुनील मोगा, गौरव सैनी, वासु उपाध्याय, प्रियांशु राजपूत, निखिल गोयल, सचिन जैन, कृष्ण सैनी, रवि कश्यप, प्रदीप उपाध्याय, मोहित रोहिला, महिपाल सैनी, ओंक. ार गुप्ता आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शंका मानव के विनाश का कारण: राजेश्वर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के ग्राम पटनी शिव मंदिर में चल रही श्री रामकथा में प्रवचन करते हुए दिव्य योगी राज राजेश्वर महाराज ने कहा कि शंका मानव के विनाश का कारण बनती है।

सोमवार की कथा में महाराज ने बताया है कि किसी भी स्थिति में शंका का समाधान समय रहते कर लेना चाहिए। अन्यथा सती जैसी दशा हो जाती है सती ने अपनी भक्ति के बल से नव जीवन पाकर पार्वती रूप में पुनः शिव से विवाह कर अपने जीवन को सार्थक किया। उन्होंने कहा कि शिव का सर्वस्व जीवन श्री राम की भक्ति को समर्पित है। किसी व्यक्ति या वस्तु के प्रति वफादारी, प्यार, देखभाल, समर्पण एवं इष्ट देवता के प्रति श्रद्धा ही भक्ति कहलाती हैं।

भक्ति शब्द का प्रयोग किसी के प्रति समर्पण के लिए किया जाता है, स्कन्द पुराण के अनुसार माता पार्वती के पसीने से बेलपत्र के पेड़ की उत्पत्ति हुई थी। एक समय माता पार्वती को ललाट पर बहुत पसीना आ रहा था। उन्होंने अपनी उंगलियों से पसीना पोछकर उसकी बूंदों को छटक दिया ओर ये बूंदें मंदराचल पर्वत पर जाकर गिरी, तो इन बूंदों से बेलपत्र के पेड़ की उत्पत्ति हुई।

बेलपत्र में माता पार्वती का प्रतिर्. बंब होने के कारण यह भगवान शिव का प्रिय है, बेलपत्र के तीन पत्ते त्रिदेव का प्रतीक हैं, तीन पत्ते वाले बेलपत्र में सत, रज और तम तीनों गुण होते हैं, बेलपत्र का वृक्ष औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है, ओर जड़ों को गिरजा का स्वरूप माना गया है। जिस पर राम का नाम लिखकर अर्पित करने से भगवान शिव अति प्रसन्न होते हैं। कथा के मुख्य यजमान विपिन सैनी, पत्नी सोनिया सैनी, नितिन गोयल, जूली सैनी, सीमा सैनी, अदिति गुप्ता व कन्हैया शर्मा रहे।

## विद्युत लाईन बनी परेशानी



**बिहारीगढ।** क्षेत्र के गाँव गणेशपुर का एक किसान विधुत विभाग की अनदेखी से बहुत परेशान हैं पीड़ित किसान अनुज कुमार ने बताया कि दून कॉलेज सुन्दरपुर के सामने उसके खेत के उपर से 209 नम्बर सरकारी नलकूप गणेशपुर की बिजली की लाइन गुजर रही है जिससे उसे खेती करने मे बडी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले बिजली के तार टूटकर उसके खेत मे गिर जाने से 20 कुन्तल भूसा जल कर राख हो गया है। दमकल की गाडी ने मौके पर जाकर भूसे में लगी आग को बुझाया। इस दौरान तीन बार 1912 पर शिकायत के बावजूद भी फतेहपुर विधुत विभाग के जेई को घटना की सूचना दी गई लेकिन हेरा फेरी के चक्कर मे कोई काम नही हो पाया। परेशान किसान अनुज कुमार दहशत के चलते खेत की जुताई और बुआई भी नही कर पा रहा।

# दो माह पूर्व हुई लूट का खुलासा




**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने दो माह पूर्व दुमझेडी गांव में हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के लिए बता दें कि विगत 5 मार्च को राजेन्द्र पुत्र मामचन्द निवासी ग्राम दुमझेडी थाना चिलकाना थाना पर तहरीर देकर बताया था कि रात्रि के समय दो अज्ञात बदमाश उसके घर में घुसकर महिला को हथियारों के बल पर आतंकित करते हुए सोने की नथली व दो जोडी कुंडल आदि लूटकर फरार हो गये थे। पुलिस द्वारा पीडित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गयी थी। थाना प्रभारी निरिक्षक कपिल देव ने जानकारी देकर बताया है कि घटना की जांच के दौरान प्रकाश में आये फरार आरोपी नदीम पुत्र सत्तार कुरैशी निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को मुखबिर की सूचना पर नाल्हेड़ा के जंगल से गिरफ्तार करते हुए आरोपी के कब्जे से 4320 रूपये भी बरामद किये गये हैं।

पुलिस पुछताछ पर आरोपी ने बताया है कि 4/5 मार्च की रात्रि में उसने अपने साथी के साथ मिलकर गांव दुमझेडी निवासी राजेन्द्र पुत्र मामचन्द के घर महिला को डराकर दो जोडी कुंडल व एक नथली की लूट की थी। जिसे उन्होने राह चलते व्यक्ति को बारह हजार रूपये में बेचकर छः छः हजार रूपये बांट लिये थे। जिसमे से कुछ रुपये उसने खर्च कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओ मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायलय के समक्ष पेश कर दिया है, वहीं दूसरे फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

# बोर्ड परीक्षा 2025 के मेधावियों को प्रदान की ट्राफी

**गंगोह।** श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह मे बोर्ड परीक्षा 2025 के मेधावियों को पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ साथ इस विद्यालय के 30 छात्र छात्रा जो अभी हाल ही मे घोषित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती मे चयनित हुए उन्हें भी स्मृति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का आरम्भ माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विद्यालय की छात्रा इशु, राधिका, मानवी आदि ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। बोर्ड परीक्षा 2025 मे श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग मे इशू पांचाल, अंशिका, आयुषी प्रजापति और वाणिज्य वर्ग मे प्रियांशी सैनी, जाहनवी, वंश तथा कला वर्ग मे तुलाक्षी, परी, लवी, हाई स्कूल मे नितिका, अभिषेक, वंशिका को क्रमानुसार प्रथम्, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 1500, 1000, 500 रूपये की पुरस्कार राशि और ट्रॉफी देकर विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। इण्टरमीडिएट के उपरोक्त सभी मेधावी छात्र छात्राओं को नगर के समाज सेवी जंग. बहादुर अग्रवाल द्वारा प्रद्वत रू 1100, 750, 500 की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। इण्टरमीडिएट के सभी संकायों के प्रत्येक विषय मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 15 छात्र छात्राओं को नगर के समाज सेवी व विद्यालय के संरक्षक स्वर्गीय श्रीकान्त गुप्त व नगर के चिकित्सक डा. कमल कांत गुप्ता द्वारा अपने माता पिता की पुण्य स्मृति मे स्थापित श्री जयभगवान प्रकाशवती चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक विषय मे 501 रूपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।




विद्यालय के द्वारा हाई स्कूल के दस सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले तथा कक्षा 12 के सभी संकायों मे प्रथम् तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय द्वारा उपहार स्वरूप बैग देकर सम्मानित किया गया। इस विद्यालय के 30 छात्र छात्राएं जो पुलिस विभाग मे चयनित हुए हैं, उन्हे विद्यालय प्रबन्ध समिति के द्वारा स्मृति पत्रक देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक नीरज अग्रवाल ने कहा कि इस विद्यालय ने आरम्भ से ही नये-नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। प्रतिवर्ष जनपद स्तरीय टॉप-10 मेधावियों की सूची मे विद्यालय के छात्रध्छात्रा चयनित होते है। एक साथ 30 छात्र छात्राओं का चयन पुलिस मे होना विद्यालय के लिए गौरव की बात है। मुख्य अतिथि विधायक किरत सिंह ने कहा कि 30 छात्रों का पुलिस मे चुना जाना विद्यालय और समाज के लिए गौरव की बात है, साथ ही यह वर्तमान सरकार की पारदर्शी और ईमानदार नीति का परिचायक भी है। सीओ रूचि गुप्ता, राकेश तायल, समाज सेवी योगेन्द्र गर्ग व विद्यालय के अध्यक्ष उमेश गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# दोष सिद्ध होने पर दुष्कर्म में दो को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-14 ने दुष्कर्म के मामले में दो अभियुक्तों को दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता मेघराज सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 मार्च 2019 को वादिया की लिखित तहरीर पर अभियुक्त विक्रम उर्फ विक्की पुत्र राजू निवासी शुक्रताल व मिनाक्षी पुत्र मांगेराम निवासी जलालपुरा थाना नकुड़ व रिंकू पुत्र राजकुमार निवासी जंधेड़ा थाना रामपुर मनिहारान द्वारा वादिया की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ धारा-363, 376, 324, 120बी, 34 भादवि 3/4 पोक्सो एक्ट में थाना नकुड़ में मुकदमा दर्ज किया गया था। उपरोक्त विवेचना अभियोग एसटी नं.- 83/2019 पर न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-14 जनपद सहारनपुर में विच. ाराधीन रहा। शासकीय अधिवक्ता मेघराज सैनी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में ऑपरेशन कनवीशन में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासों के चलते न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-14 जनपद सहारनपुर ने आज अभियुक्तों विक्रम उर्फ विक्की पुत्र राजू एवं रिंकू पुत्र राजकुमार को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 1 लाख 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# गीता ज्ञान एकेडमी में मनाया रेड डे



**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेड़मी में रेड डे दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चे लाल रंग की पौशाकों में सबके मन को सम्मोहित कर रहे थे।

कार्यक्रम शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार, कोर्डिनेटर पारूल अग्रवाल व उप प्रधानाचार्य दीपक सैनी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि रेड़ डे दिवस के माध्यम से नन्हें-नन्हें बच्चों को लाल रंग के महत्व को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। इस वैज्ञानिक युग में बच्चों को पता होना चाहिए कि लाल रंग किस प्रकार सूचना का प्रतीक होता है। अनजान खतरे की सूचना लाल रंग के माध्यम से कैसे दी जाती है। किस प्रकार लाल रंग का प्रयोग सड़क हाद. सों से बचने के लिए किया जाता है। अच्छी सेहत के लिए लाल रंग के रसीले फलों का सेवन बहुत आवश्यक होता है। बच्चों के बीच लाल रंग के सेब के प्रति विशेष आकर्षण देखा गया। उप प्रधानाचार्य ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया, उन्हें लाल रंग के बारे में विस्तार से बताया। कोर्डिनेटर ने सभी का आभार व्यक्त किया। छोटे-छोटे बच्चों ने रेड कलर के गानें की धुन पर नृत्य की धमाक. ेदार प्रस्तुति देकर धमाल मचाया। बच्चे लाल रंग की पौशाकों में सबके मन को सम्मोहित कर रहे थे। इस अवसर पर पूजा, अंजली गर्ग, मीनाक्षी सैनी, अंबाली मौजूद रहे।

## मातृ दिवस पर वृद्ध आश्रम में की सेवा




**गंगोह।** इनर व्हील क्लब द्वारा मातृ दिवस के उपलक्ष मे मानव मंदिर वृद्ध आश्रम में जाकर सेवा कार्य कर उन्हें प्रेमपूर्वक भोजन कराया व खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई।

क्लब अध्यक्ष ने नीरा शर्मा ने बताया कि मातृ दिवस के उपलक्ष मे क्लब ने मानव मंदिर वृद्ध आश्रम सहारनपुर में जाकर सेवा कार्य कर उन्हें प्रेमपूर्वक भोजन कराया व खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होने कहा कि मानवता की सेवा ही जीवन का सर्वोत्तम कार्य है के सिद्धांत पर संस्था द्वारा वर्षपर्यन्त सेवा कार्य किए जाते रहे हैं। कार्यक्रम में सचिव नेहा गोयल, रीना गर्ग, सुनीता चौधरी, संतोष, नमिता, अनुराधा शर्मा, आदित्य शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मजदूर ने किया आत्महत्या का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मजदूर ने स्टेशन पर रेलवे ओवरब्रिज से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। इसमें वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। रेलवे पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेन्टर रेफर कर दिया गया। जनपद प्रतापगढ़ के सिंहवी गांव निवासी 45 वर्षीय नरेश कुमार क्षेत्र में रहकर मजदूरी करता है। सोमवार को दोपहर के समय नरेश रेलवे स्टेशन पहुंचा और खुदकुशी के इरादे से स्टेशन पर बने ओवरब्रिज पर चढ़ गया। वहां लगी लोहे की जाली पार कर उसने जैसे ही कूदने का प्रयास किया, तभी वह विद्युत लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। इससे स्टेशन पर यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान वहां मौजूद रेलवे पुलिस ने बाम. ुश्किल नरेश को नीचे उतारा और सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस पूछताछ में नरेश ने बताया कि वह घरेलू कलह से परेशान होकर खुदकुशी करना चाहता था। वहीं, स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति सुबह से प्लेटफार्म पर इधर उधर टलह रहा था। बाद में ओवरब्रिज पर चढ़ा और करंट की चपेट में आकर झुलस गया।

## दवा कारोबारी भाइयों से की मारपीट

**देवबन्द।** स्कूटर की टक्कर लगने को लेकर युवकों ने दवा कारोबारी भाईयों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

मोहल्ला पठानपुरा निवासी अयान ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह और उसका चचेरा भाई खैरुल बशर दवा एजेंसी चलाते हैं। सोमवार को दोनों स्कूटर पर पेमेंट इकट्ठा कर वापस लौट रहे थे। जब वह मोहल्ला लहसवाड़ा में पहुंचे तो रास्ते में खड़े एक युवक के स्कूटर की मामूली टक्कर लग गई। इसको लेकर वह गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अपने कई साथियों को बुला लिया और उनके साथ मारपीट शुरु कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। अयान का आरोप है कि उक्त लोग उनसे करीब 40 हजार रुपये की नकदी भी छीनकर ले गए। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# भगवान बुद्ध के उपदेशों का करना चाहिए अनुसरण: सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बुद्ध पूर्णिमा पर जाटव नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन पर रोशनी डाली और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पूर्व सभासद राज. कुमार जाटव ने जब तक शिक्षित वर्ग आगे आकर धर्म के प्रचार प्रसार में अपनी भूमिका नहीं निभायगा तब तक हम शत प्रतिशत सफलता हासिल नहीं कर सकेंगे। शिक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेशों का अनुसरण करने से ही आत्मा स्वच्छ व सुंदर विचारों से आलोकित होगी। साथ ही समाज का भी कल्याण व उत्थान होगा। कहा कि यदि हमारे विचार श्रेष्ट होंगे तो हमारे द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य समाज के हित में होगा।

अध्यक्षता प्रवीण जाटव व संच.



ालन शिवकुमार ने किया। इस मौके पर अनार चंद गौतम, अरविंद आर्य, राकेश कुमार, दिलीप कुमार, बिजेंद्र कुमार, यशपाल सिंह व वेद प्रकाश जाटव आदि रहे।

**वहीं**, जीटी रोड स्थित सैनी सराय में बुद्ध पूर्णिमा पर आायोजित कार्यक्रम में सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम किशन सैनी एडी ने सिद्धार्थ जी का जीवन परिचय



देते हुए कहा कि 29 वर्ष की आयु में ही संसारिक जीवन त्याग कर तपस्या एवं ध्यान में लिन होकर पीपल के पेड़ के नीचे ज्ञान की प्राप्ती हुई। उन्होने उनके बताए रास्ते पर चलने का आहवान किया। इस अवसर पर डा. संदीप सैनी ,सोनू सैनी, सचिन सैनी, सुरेंद्र सैनी, मांगाराम सैनी, राज. कुमार सैनी आदि समाज के लोग शामिल रहे।

# ट्यूबवेल की मोटर फूंकने का आरोप लगाकर की मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खेत में लगी ट्यूबवेल की मोटर फुंकने के विवाद के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त दरोगा और उसके पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल पिता पुत्र को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गांव मकबरा निवासी रिटायर्ड दरोगा बाबूराम पुत्र रकम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि सोमवार की सुबह वह अपने पुत्र राहुल को लेकर गांव में ही स्थित अपने खेतों पर गया था। आरोप है कि वहां पर मौजूद उसके भाई और भतीजों ने ट्यूबवेल फुंकने की बात कहते हुए उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गए। तहरीर में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। उधर, स्कूटर की साइड लगने को लेकर हुई कहासुनी के बाद कुछ युवकों ने दवा कारोबारी मोहल्ला पठानपुरा निवासी अयान व उसके चचेरे भाई खैरुल बशर को मारपीट कर घायल कर दिया गया। आरोप यह भी है कि उक्त युवकों ने उनके पास मौजूद करीब 40 हजार रुपये की नकदी भी छीन ली। अयान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि जांच के उपरांत तथ्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षकों को सम्मानित किए जाने पर जताया हर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शिक्षा के क्षेत्र में सेवायें देने वाले सेवानिवृत शिक्षको को सहारनपुर में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किये जाने पर साहित्यकारो व सामाजिक संगठनो से जुड़े लोगो ने हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

उर्दू टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन यूनिट सहारनपुर के तत्वावधान में सहारनपुर में ईद गाह रोड़ स्थित इस्लामिया इण्टर कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवायें देने वाले सेवानिवृत अध्यापक मौहम्मद सरवर उस्मानी, सय्यद वजाहत शाह, निगार अंजुम को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किये जाने पर नगर के साहित्यकारो व सामाजिक संगठनो से जुड़े लोगो ने हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। हर्ष जताने



वालो में शाह फैसल मसूदी, नजम उस्मानी, आरिफ सिद्दीकी, महताब आजाद, नबील मसूदी, अरशद सिद्दीकी, अहमद कमाल, अफजाल कुरैशी, ताहीद गौड, रिहान कुरैशी मुख्य रूप से शामिल रहे।

# मजलिस-ए-आमला की बैठक में विभागाध्यक्षों ने पेश की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम में मजलिस-ए-आमला (वर्किंग कमेटी) की आयोजित बैठक में पूर्व शूरा की कार्रवाई की समीक्षा के साथ ही विभिन्न कार्यों पर चर्चा की गई। दारुल उलूम के अतिथि गृह में आयोजित एक दिवसीय मजलिस-ए-आमला की बैठक में (वर्किंग कमेटी) के सदस्यों ने पिछले मजलिस-ए-शूरा की कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागाध्यक्षों ने अपनी अपनी रिपोर्ट पेश की। जिस पर सदस्यों ने संतुष्टि जताई। कई विचाराधीन मुद्दों पर आमला सदस्यों के बीच लंबी चर्चा हुई। निर्माण एवं प्रशासनिक मामलों में गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में आमला के सदस्यों ने मजलिस-ए-शूरा के सदस्य व पूर्व मोहतमिम मौलाना गुलाम मोहम्मद वस्तानवी और मौलाना आकिल सहारनपुरी के इंतकाल पर दुख जताते हुए उनके लिए दुआएं मगफिरत की। इस मौके पर संस्था के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी, जमीयत उलमा-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी, पूर्व राज्यसभा सांसद मौलाना महमूद मदनी, मौलाना रहमतुल्ला कश्मीरी, मौलाना अनवार बिजनौरी, मुफ्ती इस्माईल मालेगांव और मौलाना महमूद राजस्थानी आदि मौजूद रहे

## सौरभ राजपूत हत्याकांड मामले में पुलिस ने कोर्ट में दाखिल की एक हजार पेज की चार्जशीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र में सौरभ राजपूत हत्याकांड तीन मार्च को हुई थी जिसमें मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला दोनों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था पुलिस को मामले की जानकारी 18 मार्च को मिली। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। देश को हिला कर रख देने वाले सौरभ राजपूत हत्याकांड में आरोपियों को सलाखों के पीछे और अंजाम तक पहुंचाने के लिए पुलिस लगातार उन पर कार्यवाही में जुटी हुई थी। इसी कड़ी में पुलिस की तरफ से आरोपी मुस्कान और साहिल के खिलाफ कोर्ट में एक हजार पेज की चार्जशीट सबमिट की गई है। जिसमें लगभग 50 लोगों को गवाह बनाया गया है।

# महर्षि वाल्मीकि सरोवर में शव मिलने से सनसनी

## नगर पंचायत ने बनवाया था सरोवर, वोट भी चलाते हैं लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर पंचायत के समीप महर्षि वाल्मीकि सरोवर में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को बाहर निकालकर शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया मगर शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। नगर पंचायत के समीप नगर पंचायत द्वारा महर्षि वाल्मीकि सरोवर बनाया गया था जिसमें लोग वोट भी चलाते थे इस सरोवर में सोमवार शाम एक व्यक्ति का शव पानी में तैरता दिखाई दिया जिसकी सूचना लोगों ने थाना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तथा शिनाख्त करने का प्रयास किया मगर उसकी कोई शिनाख्त नहीं हो सकी थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया की इस व्यक्ति की उम्र लगभग 45 वर्ष है जिसने लाल टी-शर्ट तथा काले रंग का लोअर पहन रखा है शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस मैं रखवाया जा रहा है। शव मिलने की सूचना से देरशाम तक क्षेत्र में चर्चा रही।

## न्यायपालिका को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में अहम योगदान कर गए खन्ना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश के प्रधान न्यायधीश संजीव खन्ना आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं उनका कार्यकाल बहुत बड़ा नहीं रहा लेकिन निर्णय बड़े रहे। उन्होंने न्यायधीशों की सम्पत्ति की सूचना सार्वजनिक करने की पहल की है। जिसका आने वाले समय में अच्छा परिणाम देखने को मिल सकता है। इसके अलावा हाईकोर्ट के न्यायधीश यशवंत वर्मा के मामले को उन्होंने दबाने के बजाय उसे उजागर किया जांच रिपोर्ट उजागर की और माना की जस्टिस वर्मा भ्रष्टाचारी है और उन्हे इस्तीफा देने की सलाह दी।



जब जस्टिस वर्मा इसके लिए तैयार नहीं हुए तब सीजेआई खन्ना ने अभूतपूर्व निर्णय लेते हुए भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष को जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने हेतू पत्र लिखा। जब वह सीजेआई बने तो चर्चा चल रही थी कि कार्पोरेट जगत से आते है इसलिए आम आदमी की सुनवाई नहीं होगी लेकिन इसके विपरीत उनके समय में भी आम आदमी से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर लगातार संज्ञान लिया गया। यही नहीं कुछ मीडिया घरानों ने यह भी चर्चा चलाई थी कि श्री खन्ना के चाचा जी को पूर्व प्रधानमंत्री इंदि. रा गांधी ने समुचित सम्मान नहीं दिया था। जिसका अर्थ निकल रहा था कि वह सरकार के पक्ष में कार्य करेंगे। लेकिन यह एक इत्तेफाक ही रहा कि उनके कार्यकाल में सरकार के लगभग हर कदम की आलोचना देश की सर्वोच्च अदालत में होती दिखाई दी। सीजेआई पद की एक गरिमा होती है। यह उन्होंने साबित करके दिखाया बहुत थोड़े कार्यकाल में बहुत ज्यादा की अपेक्षा नहीं करनी चाहिये लेकिन जो श्री खन्ना कर गये वह भी कम नहीं है। शाह टाइम्स परिवार उनके दीर्घआयू की कामना करता है साथ ही अपेक्षा करता है कि आने वाले सीजेआई बीआर गवई भी सुप्रीमकोर्ट की गरिमा को नये आयाम देंगे।

# नहर में डूबे धर्मवीर का नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के समीप मध्य गंगा नहर में डूबे हुए युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है पीएसी के गोताखोर मोटर बोट से उसकी तलाश कर रहे हैं वहीं दर्जनों ग्रामीण रविवार रात से ही मौके पर जमे हुए हैं। किना नगर थाना भावनपुर निवासी धर्मवीर पुत्र पीतम सिंह उम्र 22 वर्ष रविवार दोपहर अपने साथियों के साथ मध्य गंग नहर में नहाने आया था जहां बैठकर सभी दोस्तों ने एंजॉय किया तथा पूठी रेगुलेटर के पास नहर में नहाने लगे इसी बीच धर्मवीर नहर में डूब गया इससे दोस्तों में अफरा तफरी मच गई सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने प्राइवेट गोताखोर बुलाकर उसकी तलाश की मगर पूरी रात उसका कोई सुराग नहीं लग सका थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह भी फोर्स के साथ तभी से मौके पर जमे हुए हैं। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि नहर में पानी कम कर दिया गया है वहीं हर पुल पर निगरानी की जा रही है पीएसी के गोताखोर भी सोमवार से मोटर बोट द्वारा युवक की तलाश कर रहे हैं वहीं युवक के नहर में डूबने से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है तथा दर्जनों ग्रामीण व रिश्तेदार मौके पर जमे हुए हैं।

## किठौर तिराहे पर दृष्टि आई क्लीनिक ने लगाया आंखों का शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के किठौर तिराहे पर दृष्टि आई क्लीनिक द्वारा एक दिवसीय निशुल्क आंखों के शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 250 मरीजों की निशुल्क जांच कर दवाई वितरित की गई। शिविर का उद्घाटन चेयरमैन हिटलर त्यागी व इमाम मोहम्मद आरिफ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

शिविर में 250 मरीजों की जांच हुई जिसमें 45 मरीजों को मोतिया बिंद पाया गया। वहीं डाक्टर तौफीक राजा खान ने बताया कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन व चश्मा में छूट दी जाएगी। इस मौके पर कारी स्माइल, बिलाल कुरैशी, तनवीर खान, अनस, साहिल, अमन, महावीर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## जावेद अली के शतक से जीता सिवालखास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में जमालपुर मार्ग पर स्थित नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर पर चल रहे याद ए हकीम मुस्तकीम क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को सिवालखास व मवाना की टीम के बीच मैच खेला गया।

जिसमें सिवालखास ने मवाना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। टूर्नामेंट के आयोजक डॉ. खुशनसीब व अध्यक्ष साईम रिजवी ने जानकारी देते हुए बताया कि अवेंजर्स किंग मवाना ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 163 बनाए। अवेंजर्स किंग मवाना की ओर से आकिब ने 57 व गौरव कुमार ने 54 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सिवालखास चैंपियन की तरफ से ओपनर बल्लेबाज जावेद अली ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए 38 बोल में शतक लगाया। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में महज 40 गेंद में 102 रनों की नाबाद पारी खेली जिसमें 12 छक्के व चार चौके शामिल हैं। सिवालखास चैंपियन टीम ने 13.1 ओवर में एक विकेट खोकर 164 रन का स्कोर बनाकर जीत हासिल की। जावेद अली को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोज. कों ने उन्हें ट्रॉफी व पुरुस्कार राशि देकर सम्मानित किया। सिवालखास चैंपियन टीम के ओनर आजम रिजवी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मास्टर रिहान, डॉ. बिलाल, मोहन सैनी, शाही अब्बास, मुन्ना, हाफिज अजमल, रमीज रिजवी, बिलाल रिजवी, शादाब कुरैशी, मोहित शर्मा, यादराम जाटव आदि मौजूद रहे।

# सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्ट्डीज में हुआ बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम

■ **प्रेम करूणा, मैत्री व सद्भावना एवं शांति के भाव से समाज के भेदभाव होंगे समाप्त: डॉ. अतुल कृष्ण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्ट्डीज में बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बोधि उपवन स्थित प्राचीन बोधि वृक्ष के नीचे बौद्ध विद्वानों द्वारा विशेष पूजा अर्चना व ध्यान क्रिया की गई एवं विवि परिसर में भिक्षुओं द्वारा आध्यात्मिक यात्रा निकाली गई। साथ ही कार्यक्रम में बुद्ध के जीवन, उनके उपदेशों और धम्म के सिद्धांतों पर गहन चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के सलाहकार डॉ. हिरो हितों ने की। उन्होंने बुद्ध के जीवन दर्शन, करुणा, अहिंसा और शांति के संदेश पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं विभाग अध्यक्ष डॉ. चंद्र कीर्ति भंते ने बुद्ध पूर्णिमा को आत्मचिंतन, सेवा और मानवता की ओर अग्रसर होने का पावन अवसर बताया। डॉ. हिरो हितों ने अपने उद्बोधन में कहा



कि तथागत बुद्ध का मार्ग आज भी समसामयिक है और वर्तमान समाज को हिंसा, असहिष्णुता और अज्ञानता से मुक्त कराने में सहायक हो सकता है। उन्होंने बताया कि सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्ट्डीज द्वारा तथागत बुद्ध की शिक्षा व आदर्शों से मानव कल्याण की दिशा में विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन किया जा रहा है। सुभारती में देश विदेश के विद्यार्थी तथागत बुद्ध की शिक्षा से लाभान्वित हो रहे है। आयोजन के अंत में बुद्ध वंदना और ध्यान सत्र का आयोजन हुआ, जिसने उपस्थित सभी जनों को शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस विशेष अवसर पर सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने समस्त देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की मंगलकामनाएं दी। उन्होंने प्रेम, करूणा, मैत्री, सद्भावना, समन्वय एवं शांति के भाव को समाज में फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने और सभी के साथ समानता का व्यवहार करने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर कुल. पति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णा मूर्ति ने बुद्ध पूर्णिमा की सुभारती परिवार की ओर से सभी को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. पल्लबी मुखर्जी, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. मुकेश मेहता, डॉ. शरणपाल सिंह, भंते विमल बोधि, डॉ. पिंटू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## नानू फतेहपुर गांव में बौद्ध पंचशील के परिवार ने राहगीरों को पिलाया शरबत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** भीषण गर्मी को देखते हुए सोमवार को नानू फतेहपुर गांव में बौद्ध पंचशील जनकल्याण समिति द्वारा बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास से मनाई गई। जिसमें समिति के द्वारा राहगीरों को मीठा जलपान भी कराया गया तथा सभी को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं भी दी। समिति के अध्यक्ष प्रवीण राजवंश ने कहा कि तथागत बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक है बुद्ध के विचार पूर्णत: वैज्ञानिकता पर आधारित वास्तविक सत्य है जो तर्क की कसौटी पर खरे उतरते है। बुद्ध ने कहा कि जीवन मे दु:ख सत्य है जिसमें जन्म, मृत्यु, बीमारी और असंतोष शामिल है। दु:ख का कारण है और इस दु:ख का अंत भी किया जा सकता है जिसके लिए दु:ख निवारण मार्ग है बुद्ध ने दुखो को दूर करने के लिए अष्टांगिक मार्ग बताया तथा जीवन को सुखमय बनाने के लिए पंचशील के सिद्धांत को अपनाने को कहा। जिसमें अहिंसा, चोरी न करना, व्यभिचार न करना, झूठ न बोलना तथा नशा न करना। अमित सागर ने कहा कि बुद्ध के अनुसार इंसान जैसा सोचता है वह वैसा ही बन जाता है कोई मुनष्य बुरी सोच के साथ बोलता या काम करता है तो उसे कष्ट ही मिलता है। वहीं कोई व्यक्ति शुद्ध विचारों के साथ काम करता है तो उसे जीवन मे खुशियां मिलती है।

# लावड़ पुलिस चौकी पर एक महीने में दूसरी बार एसएसपी ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** एसएसपी विपिन टाडा ने मात्र एक महीने के अंदर दो बार लावड़ चौकी पर कड़ी कार्यवाही की जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। आपको बता दें कि लगभग एक माह पहले क्षेत्र में गौकशी की बढ़ती घटनाओं को लेकर एसएसपी विपिन टाडा ने पूरी लावड़ चौकी सहित इंचौली थाना प्रभारी अतुल कुमार को भी निलंबित कर दिया था। जिसके बाद नितिन पांडेय को इंचौली थाना प्रभारी व इंद्रेश विक्रम सिंह को लावड़ चौकी प्रभारी बनाया गया था। लेकिन मात्र 15 दिन बाद ही कस्बे में एक दलित परिवार की महिलाओं पर लाठीचार्ज करने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

जिसमें कुछ पुलिसकर्मी दलित समाज की महिलाओं को दौड़ा दौड़ाकर पीट रहे है। इस घटना की जांच एसपी क्राइम कर रहे हैं। इस घटना को लेकर तमाम विपक्षी पार्टियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की ओर हर संभव मदद का आश्वाशन दिया। इस दौरान कांग्रेस नेता सैय्यद रिहानुद्दीन, सपा विधायक अतुल प्रधान, बदर अली आदि ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर उनका हाल चाल जाना।

वहीं रविवार को कस्बे में आजाद समाज पार्टी के नेता वाईज अब्बास रिजवी व शाहजेब रसूलपुर काफी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ रविवार की देर शाम पीड़ित सुशील व सुनील के परिवार से मिले, उन्होंने आसपा के अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद से वीडियो कॉल पर उनकी बात कराई उन्होंने लगभग आठ मिनट चली वार्ता में कहा कि वो पीड़ित परिवार के साथ है और कहा कि अगर उच्च अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की तो वो बड़ा आंदोलन करेंगे।

वहीं देर रात एसएसपी ने लावड़ चौकी प्रभारी इंद्रेश विक्रम सिंह, उप निरीक्षक पवन सैनी, उप निरीक्षक सुमित गुप्ता, कांस्टबल वसीम व इंचौली थाना प्रभारी नितिन कुमार पांडेय को लाइन हाजिर कर अपनी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दे दिया।

**सूचना**

मैंने अपना नाम रविन्द्र कुमार जैन से बदलकर रविन्द्र जैन रख लिया हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

रविन्द्र जैन पुत्र पवन कुमार
निवासी मौहल्ला चाहपारस
हाल निवासी मौहल्ला कायस्थवाड़ा
देवबन्द जिला सहारनपुर

# पांच दिन के अंदर विराट कोहली-रोहित का टेस्ट से संन्यास

## ● नौ खिलाड़ी दोनों की जगह लेने को तैयार, विराट कोहली को रिप्लेस करने के लिए श्रेयस नंबर-1



**नई दिल्ली, वार्ता।** पांच दिन के भीतर भारत के दो सुपर स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। अब टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा।


विराट कोहली के जाने से टीम में मिडिल ऑर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं। श्रेयस अय्यर- भारत से तीनों फार्मेट में डेब्यू कर चुके श्रेयस टेस्ट में कोहली को रिप्लेस करने के नंबर-1 दावेदार हैं। वे वनडे टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन टेस्ट में खराब प्रदर्शन के कारण फिलहाल बाहर हैं। वे 14 टेस्ट में 1 शतक और 5 फिफ्टी लगा चुके हैं। श्रेयस के नाम 15 फर्स्ट क्लास शतक भी हैं। रजत पाटीदार- इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में पाटीदार ने ही कोहली को रिप्लेस किया था। तब विराट निजी कारणों से सीरीज नहीं खेल सके थे। हालांकि, पाटीदार 3 मैचों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन को देखते हुए वे इंग्लैंड सीरीज के लिए एक बार फिर स्क्वाड में जगह बना सकते हैं। रजत के नाम 13 फर्स्ट क्लास सेंचुरी हैं। सरफराज खान- भारत के लिए पिछले साल ही टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज 1 शतक और 3 फिफ्टी लगा चुके हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी मैच में मौका नहीं मिला। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सरफराज का औसत 65.61 का है। वे घरेलू पिचों के एक्सपर्ट माने जाते हैं, ऐसे में विदेशी कंडीशन में उनका कोहली को रिप्लेस कर पाना मुश्किल है। ध्रुव जुरेल- 24 साल के जुरेल भारत के लिए 4 टेस्ट खेल चुके हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अपनी टेक्निक से सिलेक्टर्स का ध्यान खींचा। युवा जुरेल विकेटकीपंग भी कर लेते हैं, ऐसे में प्लेइंग-11 में शामिल होने का ज्यादा आप्शन देते हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए मैनेजमेंट उन पर भी इन्वेस्ट कर सकता है। करुण नायर-घरेलू क्रिकेट के पिछले सीजन में अपनी परफार्मेंस से सबका ध्यान खींचने वाले करुण को इंग्लैंड में भी खेलने का अनुभव है। कोहली के रिप्लेसमेंट के रूप में वे अच्छा आप्शन हैं। घरेलू मैदान पर भारत के लिए तिहरा शतक लगाने के साथ वे 23 फर्स्ट क्लास सेंचुरी भी लगा चुके हैं। रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। पिछले 6 साल से वे रेड बाल में ओपनिंग कर रहे थे। ओपनिंग पोजिशन पर उनकी जगह केएल राहुल परमानेंट हो सकते हैं। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की थी। शुभमन भी ओपनिंग करने लौट सकते हैं। इनके अलावा भी 4 युवा प्लेयर्स रोहित की जगह लेने के दावेदार हैं। साई सुदर्शन-23 साल के सुदर्शन आईपीएल में अपनी परफार्मेंस के बाद चर्चा में हैं। वे भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी-20 खेल चुके हैं। उनकी टेक्नीक और स्किल को देखते हुए रवि शास्त्री जैसे एक्सपर्ट्स उन्हें टेस्ट टीम के लिए फिट बता चुके हैं। सुदर्शन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 7 शतक लगा चुके हैं और उन्हें इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट का अनुभव भी है। देवदत्त पडिक्कल-24 साल के पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौका मिला था। उन्होंने नई गेंद के सामने बेहतरीन बैटिंग की थी। 2 टेस्ट के अलावा वे 2 टी-20 भी खेल चुके हैं। वे इंडिया-ए टीम से लगातार फर्स्ट क्लास मैच खेलते रहते हैं। इस फार्मेट में 6 शतक लगाकर वे 2815 रन बना चुके हैं। अभिमन्यु ईश्वरन- ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित पहला मैच नहीं खेल सके, उनकी जगह स्क्वाड में ईश्वरन को ही मौका मिला था। उन्हें अब तक इंडिया डेब्यू का मौका नहीं मिला, लेकिन फर्स्ट क्लास के 101 मैचों में वे 27 शतक लगा चुके हैं। )तुराज गायकवाड- व्हाइट बाल क्रिकेट में भारत से डेब्यू कर चुके गायकवाड भी रोहित को रिप्लेस करने के उम्मीदवार हैं। हालांकि, वे घरेलू क्रिकेट में रेड बाल से ज्यादा प्राथमिकता व्हाइट बाल को देते हैं। देखना अहम होगा कि उन्हें स्क्वाड में शामिल करने के बारे में विचार होता है या नहीं। गायकवाड के नाम 7 फर्स्ट क्लास शतक हैं। रोहित और कोहली के बाद टेस्ट टीम में रवींद्र जडेजा ही इकलौते सीनियर प्लेयर बचे, जिनका करियर 12 साल से ज्यादा है। माना जा रहा है कि जडेजा अगर 1-2 साल में इस फार्मेट से रिटायर नहीं हुए तो उन्हें भी चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की तरह साइडलाइन कर दिया जाएगा। ईशांत शर्मा, उमेश यादव और )f(मान साहा भी कुछ प्लेयर रहें, जिन्हें रिटायरमेंट से पहले ही टीम से बाहर कर दिया गया था। टीम इंडिया ने युवा प्लेयर्स पर इन्वेस्ट करना शुरू कर दिया है। ऐसे में नंबर-1 टेस्ट आलराउंडर पर भी गाज गिर सकती है। जडेजा के अलावा टेस्ट टीम में जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल ही थोड़े अनुभवी हैं। दोनों ने 45 से ज्यादा टेस्ट खेल लिए हैं। बुमराह 31 और राहुल 33 साल के हैं।

# मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाए: अनुष्का

## ● विराट कोहली के संन्यास लेने पर गंभीर बोले- शेर जैसे जुनून वाले कोहली को मिस करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** 14 साल तक टेस्ट में भारत के लिए खेलने वाले विराट ने 123 मैचों में 9230 रन बनाए। इनमें 30 शतक शामिल हैं। पूरा क्रिकेट जगत विराट के रिटायरमेंट पर प्रतिक्रिया दे रहा है।

रवि शास्त्री बोले- विश्वास नहीं हो रहा टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने कहा कि विश्वास नहीं हो रहा। आप माडर्न डे लीजेंड हैं, टेस्ट क्रिकेट में आपकी कप्तानी ने फार्मेट की दिशा बदल दी। सुखद यादों के लिए धन्यवाद, मैं इन्हें हमेशा याद रखूंगा। शास्त्री ने आगे कहा कि कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को जुनून और आक्रामकता के साथ जिया और इस फार्मेट में भारत की पहचान को नई ऊंचाई दी। अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर विराट के साथ फोटो शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा, श्वे रिकार्ड और माइलस्टोन के बारे में बात करेंगे। लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाए, वो संघर्ष जिन्हें किसी ने नहीं देखा और वह अटूट प्यार जो आपने टेस्ट क्रिकेट को दिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे। आपको इन सबके माध्यम से विकसित होते देखना एक विशेषाधिकार रहा है। अनुष्का ने आगे इस पोस्ट में लिखा, श्मैंने हमेशा कल्पना की थी कि आप टेस्ट क्रिकेट में किसी अलग तरह से संन्यास ले लेंगे, लेकिन आपने हमेशा अपने दिल की बात सुनी है।



### संक्षिप्त खेल समाचार

## पाक सुपर लीग को दोबारा शुरू करने पर विचार: पीसीबी

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद स्थगित की गई पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को दोबारा शुरू करने पर विचार कर रहा है। पीसीबी का मानना है कि अगर टूर्नामेंट के शेष मैचों के लिए विदेशी खिलाड़ी नहीं भी आ पाए तो भी वह लीग शुरू करने के लिए तैयार है। बांग्लादेश को इस महीने के अंत में टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करना है और बोर्ड इससे पहले ही टूर्नामेंट का फाइनल कराना चाहता है। पीसीबी सूत्र ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के एलान के बाद पीसीबी 16 मई से पीएसएल दोबारा शुरू करने की योजना बना रहा है। सूत्र ने कहा, फाइनल लेकर पीएसएल में हमारे आठ मैच शेष हैं और रणनीति यह है कि विदेशी खिलाड़ी के बिना भी 15-16 मई से टूर्नामेंट दोबारा शुरू किया जाए और इसे खत्म किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि कुछ विदेशी खिलाड़ी अभी दुबई में हैं, जबकि कुछ अपने घर के लिए रवाना हो गए हैं।

## भारत की पुरुष व मिश्रित रिले टीमें विश्व चैंपियशनिप क्वालीफिकेशन से चूकी

**चीन, वार्ता।** भारत की पुरुष और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें विश्व एथलेटिक्स रिले 2025 से आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने में विफल रहीं। शनिवार को अपना पहला अवसर चूकने के बाद आज हुई स्पर्धा में टीमों को इस सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए अपनी हीट में शीर्ष तीन में जगह बनाने की आवश्यकता थी। मिश्रित 4गुणा 400 मीटर रिले में भारत की टी संतोष, रूपल, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:14:81 का समय निकालकर हीट 2 में 4वां स्थान हासिल किया।

## ● 14 साल तक लाल गेंद के खेल में दिखाया जलवा ●

# एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आएंगे विराट

### बोर्ड ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 14 साल तक लाल गेंद के खेल में अपना जलवा दिखाने के बाद अंतत: सोमवार को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। अब केवल कोहली एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आयेंगे। कोहली ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा कि टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनने के 14 साल हो गए। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा।

इसने मुझे परखा, गढ़ा। मैं इसे जिंदगी भर याद रखूंगा। उन्होंने कहा इस प्रारूप से दूर जाना आसान नहीं है, लेकिन यह सही लगता है। कोहली ने जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उनकी शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम ने कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की और भारत को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुँचाया। उन्होंने कहा कि मैंने इसमें अपना सबकुछ झोंक दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं अधिक लौटाया है। उन्होंने अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइनिंग ऑफ'। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोहली को धन्यवाद कहा। बोर्ड ने लिखा टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी। भारतीय टीम में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 30 शतक, 31 अर्द्धशतक और सात दोहरे शतक बनाये। उन्होंने 123 टेस्ट मैच की 210 पारियों में 46-85 की औसत से की मदद से 9230 रन बनाए। इस दौरान नाबाद 254 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। उन्होंने 68 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी भी की, जिसमें 40 में भारत की जीत और 17 में हार का स्वाद चखने को मिला, जबकि 11 मैच ड्रॉ भी हुए।

कोहली ने 2016 और 2019 के बीच शानदार प्रदर्शन किया और उस दौर के सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज उभरकर सामने आये। उन्हें टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए वर्ष 2017 और 2018 में टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गया। हालांकि 2020 की शुरुआत में उनका फॉर्म कमजोर हुआ, लेकिन उन्होंने 2023 में फिर से वापसी की। सफेद जर्सी में उन्होंने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेला था। इस सीरीज में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं इस खेल का, अपने साथ खेलने वाले हर साथी का और हर उस व्यक्ति का दिल से शुक्रगुजार हूं, जिसने इस सफर में मुझे सराहा।



# तन्वी शर्मा ने जीता डेनमार्क चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

### ● तन्वी ने फाइनल मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-13 व 21-10 से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** उभरती हुई भारतीय शटलर तन्वी शर्मा ने महिला एकल के फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया की नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को हराकर डेनमार्क चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने फाइनल में मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को 21-13, 21-10 से हराया। तन्वी का यह बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल चैलेंज स्तर का दूसरा खिताब है। खेले गए मुकाबले की शुरुआत में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी संघर्ष करती दिखीं, और इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी ने 6-2 की बढ़त बनाई। हालांकि, तन्वी ने धैर्य रखते हुए स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया और मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। तन्वी ने सेमीफाइनल में इंडोनेशियाई शटलर मुटियारा आयु पुष्पितसारी पर 23-21, 19-21, 21-19 से हराया था।

# करिश्मा सानिल ने एथलेटिक्स वूमेंस गाला की भाला फेंक स्पर्धा में जीता सोना

### करिश्मा सानिल ने 53.33 मी. के प्रयास के साथ तीन एथलीटों में शीर्ष स्थान हासिल किया

**दुबई, वार्ता।** भारत की करिश्मा सानिल ने एथलेटिक्स वूमेंस गाला 2025 में जहां शानदार प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, एंसी सोजन और शैली सिंह लंबी कूद स्पर्धा में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। रविवार को मदर्स डे पर दुबई पुलिस क्लब स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा में 24 वर्षीय करिश्मा सानिल ने 53.33 मीटर के प्रयास के साथ तीन एथलीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। यूएई की अलियाज्या तारेक (31.04 मीटर) थ्रो के साथ दूसरे और भारत की हर्षिता सेहरावत की (16.77 मीटर) थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रही। वूमेंस लंबी कूद में एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता भारतीय एथलीट एंसी सोजन 6.54 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भारत की शैली सिंह 6.48 मीटर की लम्बी कूद लगाकर तीसरे स्थान के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतिस्पर्धा में अरब गेम्स की चैंपियन एसरा ओविस ने 6.66 मीटर की लम्बी कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। एंसी सोजन और शैली सिंह ने शुक्रवार को इसी स्थान पर यूएई ग्रां प्री 2025 एथलेटिक्स मीट में भी हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में शैली सिंह ने 6.44 मीटर की कूद के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि एंसी सोजन 6.33 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य स्पर्धाओं में रविवार को भारत की मौमिता मोंडल (24:61 सेकेंड) ने दक्षिण अफ्रीका की तमजिन(24:15 सेकेंड) में 200 मीटर रेस में 2वां हासिल किया।

## अनाहत, वीर, रमित की हार से विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में भारतीय अभियान समाप्त

शिकागो, वार्ता। विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में अनाहत सिंह, वीर चोटरानी और रमित टंडन की हार के साथ ही भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। लेकशोर स्पोर्ट एंड फिटनेस सेंटर में रविवार को खेले गए दूसरे दौर में 28 मिनट तक चले मुकाबले में भारत की शीर्ष रैंक वाली महिला खिलाड़ी अनाहत को मिस्र की फैरूज अबोएलखिर के हाथों 3-1 (11-7, 8-11, 11-4, 11-3) से हार का सामना करना पड़ा। 17 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने पहले दौर के पांच सेट में अमेरिका की मरीना स्टेफनोनी को हराकर इस स्पर्धा के एकल में जगह बनाई थी।

# भारत-पाक सीजफायर के बाद गुजरात का अभ्यास शुरू

## 16 या 17 मई से फिर हो सकता है आईपीएल, 9 मई को रोक दिया गया था



**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। टीम के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जाकर प्रैक्टिस की। हालांकि, आईपीएल को दोबारा शुरू करने के लिए अभी आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं है। माना जा रहा है कि आईपीएल 16 या 17 मई से फिर से शुरू हो सकता है। 9 मई को आईपीएल को रोक दिया गया था भारत-पाक के बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल को 9 मई को एक हफ्ते के लिए रोक दिया गया था। फाइनल सहित 16 मैच बचे हुए है। वहीं 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच को भी बीच में ही रोक दिया गया था। पंजाब ने पहले बैटिंग करते हुए 10.1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 122 रन बना लिए थे। हमलों के बीच मैच रोकना पड़ा था। गुजरात पाइंट्स टेबल में टॉप पर आईपीएल रोके जाने तक लीग स्टेज के 57 मैच खत्म हो चुके थे। 58वां मैच बीच में रोका गया। 57 मैच के बाद पाइंट्स टेबल में गुजरात टाइटंस और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सबसे ज्यादा 16-16 पाइंट्स रहे। बेहतर रन रेट के कारण जीटी टॉप पर रही। आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। मौजूदा सीजन के बचे मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जा सकते हैं। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। नया शेडयूल जल्द जारी होगा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि लीग के बाकी मुकाबले अगले हफ्ते से शुरू होंगे। इन्हें चार वेन्यू पर कराया जाएगा। जल्द ही वेन्यू फाइनल किए जाएंगे। लीग बेंगलुरु और लखनऊ मैच के साथ फिर से शुरू होगी। वहीं, पीटीआई ने एक सूत्र के हवाले से लिखा कि फाइनल मैच कोलकाता से बाहर हो सकता है। पिछले शेडयूल में प्लेआफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाने थे। फाइनल मैच भी कोलकाता में होना था। आईपीएल 2025 जीतने की दावेदार गुजरात टाइटंस शुरुआत से ही आईपीएल 2025 को जीतने की बड़ी दावेदार रही है। अभी इस टीम के 3 खिलाड़ी आरेंज कैप की रेस में हैं। साई सुदर्शन (509 रन), शुभमन गिल (508) और जोस बटलर (500 रन) बना चुके हैं। दूसरी ओर पर्पल कैप भी फिलहाल गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी के पास है। गुजरात के प्रसि( कृष्णा 20 विकेट लेने के साथ पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं। गुजरात के अभी 3 मैच बाकी हैं और वह टेबल के टॉप-2 में जगह पक्की कर सकती है।

# एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषित

### ● एफआईएच प्रो लीग का यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन एंटवर्प और बर्लिन में खेला जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने 14 से 29 जून तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में प्रतिस्पर्धा करने के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम घोषणा कर दी है।

एफआईएच प्रो लीग का यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में खेला जायेगा। इस लीग भारत, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के बीच दो-दो मैच खेले जायेंगे। भारत 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम का कप्तान सलीमा टेटे को बनाया गया है जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर टीम की उप-कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम हैं। चयनित डिफेंडरों में सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री शामिल हैं।

मिडफील्ड में वैष्णवी विठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान और नेहा शामिल हैं, जबकि हमलावर मिडफील्डर सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे हैं। फॉरवर्ड लाइन में दीपिका, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा शामिल हैं। अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में गोलकीपर बंसरी सोलंकी और डिफेंडर अजमीना कुजूर शामिल हैं।

# भाईचारे में विश्वास रखती है बसपा: मेघराज

## दलित समाज की तरह पिछडा समाज भी बहुजन मिशन पर चले तो प्रदेश में बनेगी बसपा सरकार: सरफराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के पूर्व एमएलसी मेघराज जरावरे ने कहा कि बसपा भाईचारे में विश्वास रखती है।

मेघराज जरावरे ने यह बात पार्टी कार्यालय पर भाईचारा बनाओ संगठन की समीक्षा बैठक में कही। उन्होने कहा कि बहुजन समाज पार्टी भाई चारे में सबसे ज्यादा विश्वास करती है, 2007 में पिछड़े समाज मे भाईचारा बनाकर सरकार बनाई जिसकी आज बहुत जरूरत है।

सरफराज राइन ने कहा पिछड़ा समाज यदि दलित समाज की तरह बढ़चढ़कर हिस्सा ले ले तो बहुजन समाज पार्टी की सरकार को कोई बनाने से कोई नहीं रोक नही सकता।



बैठक में ब्लॉक प्रमुख महेरबान आलम के छोटे भाई शहजाद आलम के आकस्मिक निधन पर बहुजन समाज पार्टी ने 2 मिनट का मौन धारण कर दु:ख प्रकट किया। कार्यक्रम को जिला संयोजक अजब सिंह व सुशील कुमार जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह व संचालन सुशील कुमार ने किया।

इस मौके पर सुनेश प्रधान, अमित प्रधान, जोरा सिंह, मोदी कुमार, सुशील बोद्ध अंकुश सैनी, अशोक सैनी, नीलकमल, अमित प्रधान, प्रदीप सैनी, नीरज बोद्ध, अरुण सैनी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# पूरी ताकत से लड़ेंगे चुनाव: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष व राला. द के उत्तराखण्ड प्रभारी चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि पार्टी उत्तर प्रदेश में पूरी ताकत के साथ जिला पंचायत चुनाव लडेगी।

हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक में चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता जल्द से जल्द सदस्यता अभियान पूरा करे। तत्पश्चात अगले साल होने वाले जिला पंचायत के चुनावों की तैयारी में जुट जाए। इस बार पूरे प्रदेश में जिला पंचायत चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल का परचम लहराना है। हमारे कार्यकर्ता गांव गांव,कस्बों में जाकर चुनाव की तैयारियां शुरू कर दे। और अपने अपने क्षेत्र में जनसंपर्क में जुट जाए। जो प्रत्याशी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे है वो अपने नाम पार्टी जिलाध्यक्षों को सौंप दे ताकि वो समय से केंद्रीय कार्यालय को भेजे जा सकें।

इस दौरान खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, चौ विजय, आरिफ मलिक, नरेंद्र सिंह, यूसुफ, मेहरबान आदि उपस्थित रहे।

# पार्षद फहाद के प्रयास से सीसी निर्माण शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी पार्षद फहाद सलीम के प्रयासों से कई सालों से टूटी पडी गली का आज सीसी निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

वार्ड नं 44 रांगड़ो का पुल से लेकर फैज ए आम स्कूल होते हुए मस्जिद लुंगीग्रान तक तेलियो वाली गली व आस पास की विभिन्न गलियों मैं पहले पानी की लाइन डालने का कार्य पार्षद फहाद सलीम द्वारा कराया गया जिससे घर घर पानी का कनेक्शन करवाकर घर-घर पानी पहुंचाने का कार्य किया गया। आज काफी वर्षो से क्षतिग्रस्त सड़क व नाली कार्य का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के नगर निगम पार्षद फहाद सलीम, चौधरी जावेद अख्तर, मुजाहिद अजीज, फिरोज अनवर, मोहम्मद याकूब, मोहम्मद नाईम, मोहम्मद तोकीर, निशात नियाजी,आवामी खिदमत के सदर अमानत रशीद, आवामी खिदमत संस्था के सचिव जलालुद्दीन सिद्दीकी, दानिश मालिक, आसिफ मालिक उर्फ सेठी, मजीद पहलवान, हाजी फारूक, सलमान मालिक, कलीम कुरैशी, गुफरान कुरैशी, मोहम्मद जैद, मोहम्मद खालिद उर्फ संजय, असद कुरैशी, मोहम्मद सलीम, मो फराज, मौहम्मद चाँद, मुजम्मिल, तनवीर कुरैशी, मौहम्मद वासिक द्वारा फीता काटकर किया गया।

# अभद्र व्यवहार पर भाकियू का टोल प्लाजा पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** चमारीखेड़ा टोल पर रविवार देर शाम भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा मंडल अध्यक्ष के साथ टोल मैनेजर द्वारा कथित अभद्र व्यवहार से भाकियू कार्यकर्ता भड़क उठे। नाराज पदाधिकारी और कार्यकर्ता तत्काल टोल पर पहुंचे और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर फतेहपुर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराया।

भाकियू टिकैत के जिला मंत्री केहर सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि संगठन के कार्यकर्ताओं को टोल पर रोका गया, तो वे बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करेंगे और अपनी मांगें मनवाकर ही दम लेंगे।



केहर सिंह ने बताया कि पिछले दो महीनों से टोल कर्मचारी भाकियू कार्यकर्ताओं को जानबूझकर रोक रहे हैं और अपनी हठधर्मिता पर अड़े हैं। इससे कार्यकर्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान गुस्साए कार्यकर्ताओं ने टोल मैनेजर को घेर लिया और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। दबाव में टोल मैनेजर को माफी मांगनी पड़ी, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया। इस घटना ने क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा कर दी, लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। भाकियू टिकैत ने चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शन में मंडल महासचिव डॉ. राजबीर सिंह, सोबिंद्र काम्बोज, मुजफराबाद ब्लॉक अध्यक्ष बबली काम्बोज, मनोज चौधरी, प्रदीप चौधरी, सुमित काम्बोज, जुनेद अंसारी, मुकेश काम्बोज, श्रवण सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। यह घटना टोल प्रबंधन और किसान संगठन के बीच बढ़ते तनाव को दर्शाती है, जिस पर प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देना होगा।

# श्रद्धाभाव से आयोजित हुआ जिन मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** नगर के सहारनपुर मार्ग स्थित श्री दिगंबर जैन गुरु तीर्थ निर्मलायतन भवन में धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ जिनमंदिर शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जैन आचार्य 108 नयन सागर महाराज के पावन सानिध्य में सोमवार की सुबह 6 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नगर के सहारनपुर मार्ग स्थित निर्मलायतन भवन में विशालकाय जिन मंदिर का निर्माण किया जाएगा। जिसकी कई दिनों से तैयारियां जोरों शोरों से की जा रही थी। सोमवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालुओं ने हिस्सेदारी और शिला रखे जाने में अपना सहयोग भी दिया। इसके अलावा तीन यंत्र भी मंदिर के निर्माण में स्थापित किए जायेंगे, जिन्हें




महाराज श्री के आशीर्वाद से श्रद्धालुओं में वितरित किए गए। यंत्र और रत्न शिला रखे जाने के लिए समय के अभाव को देखते हुए दान राशि फिक्स की गई। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने अपनी इच्छा से दान राशि स्वीकार करते हुए यंत्र और रत्न शिला, स्वर्ण शिला, निर्मलसागर शिला आदि प्राप्त की और जिन मंदिर निर्माण की नींव रखे जाने में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैन आचार्य 108 नयन सागर महाराज ने कहा कि जो लोग सोशल मीडिया पर अथवा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जैन मुनि, जैन धर्म का उपहास करते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उपहास करना आसान है लेकिन जैन मुनि के त्याग और तपस्या को समझना बहुत मुश्किल है। 24 घंटे में एक बार जल ग्रहण करना, भीषण सर्दी में भी बिना कपड़ों के रहना, केश लोच करना आदि बहुत सी ऐसी त्याग तपस्या हैं, जो हर किसी के वश में नहीं। उन्होंने मंच के माध्यम से साफ संदेश दिया कि यदि साधु संतो की इज्जत है तो ही देश की इज्जत है, समाज की इज्जत है।

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। नानौता, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर, जलालाबाद, शामली, बागपत, मेरठ, बड़ौत, मुजफ्फरनगर, दिल्ली और एनसीआर सहित दूर दराज से श्रद्धालु कार्यक्रम में पहुंचे और धर्मलाभ अर्जित किया।

# सपा कार्यालय पर मनाई बुद्ध पूर्णिमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी कार्यालय पर बुद्ध पूर्णिमा पर्व मनाते हुए भगवान बुद्ध को नमन किया गया।

जिलाध्यक्ष चौ अब्दुल वाहिद द्वारा उपस्थित सभी सपाइयो को भगवान बुद्ध के पदचिन्हो पर चलने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, विशेष प्रदेश कार्यकरणी सदस्य रतन सिंह यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल



सलमानी, पूर्व मंत्री मांगे राम कश्यप, विजेश कुमार शर्मा, नगर विधानसभा अध्यक्ष काशिफ, अदनान प्रधान महानगर अध्यक्ष, अलवी, प्रदेश सचिव अधिवक्ता सभा जमाल साबरी, अधिवक्ता सभा अध्यक्ष एड शाहजमा,वरिष्ठ नेता डॉ फुरकान गौरी, चौ अब्दुल गफूर,प्रधान जिन्दा हसन,विशाल यादव, चौ महरबान ताहर पुर, महानगर उपाध्यक्ष मुस्तकीम राणा, महानगर सचिव हिना सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष हसीन कुरैशी, योगेंद्र शर्मा,चौ जुमला सिंह प्रधान, महेन्द्र राकेश, रवि सहारनपुर कश्यप, शाहिद मंसूरी, दानिश मलिक,उमेश कुमार, कुलदीप हंस वेदपाल पटनी मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

## श्रद्धा से मनाई बुद्ध जयंती

**सहारनपुर।** हिंदू जागरण मंच महानगर के कार्यकर्ताओं ने भगवान बुद्ध की जयंती बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई।

पारसपुरम स्थित महानगर कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रांत सह प्रचार प्रमुख रजत गोयल ने कहा कि भगवान बुद्ध के सूत्र बुद्धम् शरणम् गच्छामि, धम्मम् शरणम् गच्छामि, संघम् शरणम् गच्छामि आज भी बहुत प्रासंगिक है, लेकिन हमें शांति और अहिंसा के साथ-साथ पारित्रणाय साधूनाम विनाशाय च दुष्कृताम को भी ध्यान में रखना चाहिये। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष बीर सिंह चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं को बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सबको भगवान बुद्ध के सिद्धांतों एवं आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर सतपाल, विनोद, ऋषिपाल, रामकुमार, जयपाल सुमेर. चंद आदि उपस्थित रहे।

# मिट्टी का तेल डालकर लगाई आग, मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** मानसिक तनाव के चलते कस्बे के एक व्यक्ति ने अपने ऊपर तेल डाल कर आग लगा ली।सूचना लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में व्यक्ति को राजकीय मेडिकल कॉलेज पिलखनी रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम करीब 5 बजे कस्बे के मोहल्ला अफगनान पुर्वी निवासी मनोज पुत्र बलजीतघ ने मानसिक तनाव के चलते अपने ऊपर तेल डाल आग लगा ली। पड़ोसियों का कहना है मनोज नशे का आदि है। ओर इसकी पत्नी अपने मायके गई हुई है सूचना लगते ही मौके पर पहुंची थाना सरसावा पुलिस ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए एंबुलेंस 108 द्वारा राजकीय मेडिकल कॉलेज पिलखनी रेफर किया।

इस संबंध में थाना प्रभारी निरक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि एक व्यक्ति ने अपने ऊपर तेल छिड़क आग लगा ली जिससे वह झुलस गया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।शव का पंचनामा तैयार कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।घटना को लेकर अभी तक थाना में किसी प्रकार की तहरीर नहीं आई।

# उप खनिज का परिवहन करते 16 वाहन जब्त

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशानुसार बिना रॉयल्टी के उप खनिज का परिवहन करने वाले 16 वाहनों को जब्त कर पुलिस की सुपुर्दगी में दिया गया है। जबकि फरार 2 वाहन चालकों और उनके स्वामियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर खनन अधिकारी एवं खनन निरीक्षक द्वारा रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में खनिज चौकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना रॉयल्टी के उपखनिज (बालू, मिट्टी आदि) का परिवहन करते हुए 16 वाहनों को पकड़कर संबंधित थानों में निरूद्ध किया गया। यह कार्रवाई थाना कुतुबशेर, कोतवाली देहात, रामपुर

**■ जिलाधिकारी के निर्देश पर कई थाना क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई**

मनिहारान, ट्रांसपोर्ट नगर चौकी तथा थाना गागलहेड़ी क्षेत्र में की गई। अधिकांश पकड़े गए वाहनों पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी हुई थी। इस दौरान दो वाहन ट्रांसपोर्ट नगर चौकी से फरार हो गए। इन दोनों वाहनों के चालकों एवं स्वामियों के विरुद्ध थाना जनकपुरी में अलग से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रशासन द्वारा बताया गया कि उपरोक्त वाहनों से संबंधित चालकों और मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# डूडा कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देश की सरकारे भले ही भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी जैसे मुद्दों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का दावा करती क्यों न करती हो, लेकिन सच यही है कहीं ना कहीं रिश्वतखोर सुपरमैन कर्मचारी सरक. ारी विभागों में बैठकर आखिरकार अपनी जड़ें जमाने में सफल हो ही जाते हैं।

आपको बता दें रिश्वतखोर सुपरमैन कर्मचारियों के द्वारा भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी को इतनी सफाई से अंजाम दिया जाता है की सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र जी को भी शर्म आने लगे, बरहाल मामला डूडा विभाग से संबंधित एक कर्मचारी का है, जहाँ पूर्व में भी जिन पीड़ित महिलाओं के द्वारा इस कर्मचारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा चुके हैं, आपको यह भी बताते चलें इस कर्मचारी के द्वारा डूडा विभाग से संचालित योजनाओं के महिलाओं समूह के कार्य की देखरेख का जिम्मा सौंपा गया है, इससे पहले भी इस कर्मचारी पर अनेक पीड़ित महिलाओं के द्वारा रिश्वतखोरी के आरोप लगाए गए जा चुके थे, हालांकि इस कर्मचारी के अथक प्रयासों के चलते मामले को रफा दफा कर दिया गया था या फिर यूँ कहें कुछ समय के लिए मामले को दबाने में यह कर्मचारी सफल भी हो गया था, लेकिन रिश्वतखोरी का जिन अपने चिराग से निकल पीड़ित महिलाओं को इंसाफ दिलाने के लिए एक बार फिर से सीधे थाने जा पहुंचा, जहां पुलिस ने शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर डूडा कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही जांच के पश्चात इस कर्मचारी के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भी शासन को भेजी जाएगी। अब सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसे कर्मचारियों को रिश्वतखोरी का द्वार कौन दिखता है, किसके संरक्षण में ऐसे कर्मचारी फल फूल रहे हैं तथा सरकारी विभागों में बैठकर बड़ी ही सफाई से अपने भ्रष्ट रवैया को अंजाम दे रहे हैं।

## शिविर में 30 दिव्यांग बच्चों के नेत्रों की जांच

**सहारनपुर।** बाबा साहब छात्रावास में आयोजित जागरूकता शिविर में 30 दिव्यांग बच्चों के नेत्रों की जांच की गई और उन्हें प्राथमिक उपचार भी दिया गया।

डॉ. श्रोफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मनानी व एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से बाबा साहब छात्रावास में आयोजित जागरूकता शिविर का शुभारंभ पश्चिमी एकता व्यापारी व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर रवि कुमार ने किया। इस शि. विर में लोगों को दिव्याग् बच्चों का कार्यात्मक मूल्यांकन जांच जांच की गई। इस प्रोजेक्ट को डायरेक्टर डा. सुमन गणेश एंव प्रोग्राम मैनेजर संगीता लावण्या के सौजन्य से सहारनपुर में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर हॉस्पिटल की टीम के सदस्य मयंक गुप्ता (प्रोजेक्ट ऑफिसर), नवीन कुमार, विकास कुमार, डॉ लव राना, फिजियोथैरेपी डॉ शेखर, डॉ विकास कुमार, डॉ पूजा ने शिविर में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं और नेत्र स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

इस दौरान 30 बच्चों की आंखों की जांच भी की गई। इस अवसर पर पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रवि कुमार, संत सूरज दास अशोक कुमार सैनी कमल कुमार रोहित कुमार आर्यन, मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया बाबा गोरखनाथ का प्राकट्य उत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मानकमऊ स्थित गोगा महाड़ी पर आज श्री शिव गोरखनाथ जाहरवीर सेवा समिति द्वारा श्री शिव अवतार बाबा गुरु गोरखनाथ जी का प्राकट्य उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

सुबह से ही वहां पर हवन-यज्ञ, पूजा-अर्चना विधि विधान के साथ की गई। आरती की गई और इस अवसर पर गुरु गोरखनाथ जी की कथा का मंचन भी किया गया। उसके पश्चात वहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुरु गोरखनाथ जी का भोग लगाया और प्रसाद वितरण किया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री शिव गोरखनाथ जाहरवीर सेवा समिति के संरक्षक पंकज उपाध्याय ने बताया कि हर वर्ष यहां पर गुरु गोरखनाथ जी का मेला भरता है। छड़ी पूजन होता है और दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पर जाकर मन्नत मांगते हैं और भगवान उनकी मन्नत पूरी करते हैं। मन्त पूरी होने पर श्रद्धालु यहां पर आकर छड़ी चढ़ाते हैं और इस दरबार की बहुत मान्यता भी है।

इस अवसर पर वहां मौजूद जोगियों द्वारा गुरु गोरखनाथ के भजन भी सुनाये गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक संस्थापक पंकज उपाध्याय, अध्यक्ष विनोद प्रसाद, उपाध्यक्ष पवन सैनी, महामंत्री गोविंद सैनी, महेश रज्जरवाल, दीपक उपाध्याय, गंगा शरण, रविकांत, विजय स्वरूप, अनिल कोरी, रमेश कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# बैठक में नहीं पहुंचे पुराने कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में भाजपा मंडल की समिति के गठन हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुराने कार्यकर्ता व किसी भी मोर्चे के मंडल अध्यक्ष का न पहुंचना चर्चा का विषय बना हुआ है।

नगर के सरसावा रोड स्थित सभागार में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सोनेंद्र राणा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसमें सभी लोगों को समान रूप से स्थान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि मंडल गठन के लिए पूरी पारदर्शिता के साथ नामांकन किए गए हैं। पार्टी के निर्देशानुसार नई मंडल कमेटी का गठन किया जाएगा। नई कमेटी में 40 प्रतिशत नए व 60 प्रतिशत पुराने कार्यकर्ता सम्मिलित रहेंगे। महिला व अनुसूचित जाति के लिए स्थान निश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य करें, तभी पार्टी का वर्चस्व बढ़ सकता है।

बैठक में उपाध्यक्ष के लिए 10, मंत्री के लिए 10 तथा महामंत्री के लिए 4 लोगों ने नामांकन किया। बताते चलें कि पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं व किसी भी मोर्चे के मंडल अध्यक्ष इस बैठक में शामिल नही हुए। पुराने कार्यकर्ताओं का बैठक से दूरी बनाने के कारणों का अभी तक पता नही चल पाया है कि उन्हे बैठक की जानकारी ही नही दी गयी या फिर उन्होने जानबूझ कर बैठक से दूरी बना रखी है। लेकिन यदि पुराने कार्यकर्ताओ की ऐसे ही अनदेखी चलती रही तो वर्ष 2027 मे होने वाले नकुड विधानसभा के चुनाव में भाजपा को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 13 मई 2025

## पीएम का संबोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की सायं आठ बजे देश की जनता को सीधे संबोधित किया। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने पाकिस्तान को सीधे आतंकवाद को लेकर ललकारा साथ ही अपनी सेना को इस बात के लिए बधाई दी कि उन्होंने अपने काम को बहुत ही बेहत तरीके से अंजाम दिया। आतंकवाद के विरुद्ध चलाए ऑपरेशन सिंदूर को उन्होंने महिलाओं के प्रति समर्पित करते हुए कहा कि जो भी हमारी महिलाओं के सिंदूर के साथ खिलवाड़ करेगा उसको बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन रुकने वाला नहीं है। जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का साथ देता रहेगा सिंदूर ऑपरेशन जारी रहेगा। छह-सात मई की रात हमारी भारतीय सेना ने जिस तरह सीमापार जाकर पाक के आतंकियों को धूल चटाई और उनके तमाम ठिकाने ध्वस्त किए जिनमें 100 आतंकियों की जान चली गई। यह देश और दुनिया को बताने के लिए काफी है कि भारत अब चुप रहने वाला नहीं है। उन्होंने सीधे विश्व समुदाय को आह्वान करते हुए यह कहकर चेताया कि कश्मीर पर जब भी बात होगी तो वह उस कश्मीर पर बात होगी जिस पर पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। जाहिर है वह एक तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान को खारिज कर रहे थे जो उन्होंने सीजफायर की घोषणा करते हुए कहा था कि वह कश्मीर के विवाद को सुलझाने के लिए सहयोग देने के लिए तैयार है। जाहिर है यह भारत का स्टैंड नहीं है भारत हमेशा से कहता रहा है कि वह कश्मीर को लेकर तीसरे देश की मध्यस्ता स्वीकार नहीं करेगा। भारत-पाक के बीच बातचीत को लेकर उन्होंने दो टूक कहा ट्रेड और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ जारी नहीं रह सकते। मतलब साफ है यह पाकिस्तान के लिए सीधी चेतावनी है कि वह अगर भारत के साथ बातचीत करना चाहता है। तो उसे आतंकवाद की फैक्ट्री बंद करनी ही होगी। उन्होंने भारत में निर्मित रक्षा उपकरणों का भी जिक्र किया और कहा कि उनकी सटीकता के चलते ही पाक घुटनों पर आया और दुनिया से सीजफायर के लिए गुहार लगाता रहा। उन्होंने भारत के स्टैंड का जिक्र करते हुए कहा कि भारत भी युद्ध नहीं चाहता, लेकिन उन्होंने याद दिलाया कि शांति का रास्ता भी शक्ति के माध्यम से निकलता है इसलिए भारत का मजबूत होना भी बेहद आवश्यक है और भारत इस पर बेहतर तरीके से काम कर रहा है। जिस तरह सीजफायर हुआ उसको लेकर देश के भीतर कई तरह की बाते चल रही है। कुछ लोग इसके पक्ष में दिखाई दे रहे थे तो ऐसे लोगों की कमी भी नहीं जो कह रहे थे कि भारत को सीजफायर पर पाक को पूरी तरह सबक सिखाए बिना सहमत नहीं होना चाहिए था। इन तमाम बातों का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लिया। अपने लगभग 22 मिनट के संबोधन में देशवासियों को पूरी तरह आश्वस्त किया कि देश सुरक्षित हाथों में है।

## देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे



मुसलमानों के शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता और सरकार को इस संबंध में ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए, देश की वर्तमान परिस्थिति में लोगों के व्यापक हित में यह आवश्यक है कि देश के राजनेता, , बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और कानूनी विशेषज्ञ एक साथ बैठकर देश की जनता के समक्ष उपस्थित विभिन्न समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श करें, वर्तमान परिस्थिति में सभी का दायित्व है कि वे इन समस्याओं के समाधान में अपनी भूमिका निभाएं, देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे हैं और सरकार भी देश की जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने में प्रयासरत दिखती है।

**तारिक अनवर, सांसद**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय कौमी तंजीम**

# कोहली का टेस्ट सन्यासः क्रिकेट के सबसे महान अध्यायों में से एक



भारतीय क्रिकेट के महान इतिहास में विराट कोहली का नाम ऐसे चमकता है जैसे कोई सितारा। पिछले चौदह वर्षों में कोहली ने एक ऐसी धरोहर बनाई है, जो न केवल उनके अभूतपूर्व आंकड़ों के लिए बल्कि खेल के प्रति उनकी जुनून, तीव्रता और नेतृत्व क्षमता के लिए भी याद रखी जाएगी। जैसे ही वे टेस्ट क्रिकेट से विदा लेते हैं, यह केवल एक खिलाड़ी का नहीं, बल्कि क्रिकेट के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो आने वाली पीढ़ियों तक चर्चा का विषय रहेगा। विराट कोहली, जिन्हें आधुनिक क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, ने 21वीं सदी में क्रिकेट खेलने का तरीका ही बदल दिया। उनके आक्रामक बल्लेबाजी, प्रेरणादायक नेतृत्व और खेल के प्रति निष्ठा ने क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनकी यात्रा केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों की नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट की वह प्रक्रिया है, जहां टीम की मानसिकता, दृष्टिकोण और दृष्टि उनके नेतृत्व में विकसित हुई।

### संक्रमण के दौर में एक पथप्रदर्शक

जब विराट कोहली ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि वे क्रिकेट की दुनिया में इतनी बड़ी छाप छोड़ेंगे। उस समय भारत क्रिकेट के एक संक्रमण काल से गुजर रहा था। दिग्गज खिलाड़ी जैसे सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण के संन्यास के बाद भारत को एक नए नेता की आवश्यकता थी, और कोहली ने इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाया। कोहली का क्रिकेट में प्रवेश आक्रामकता और सफलता की इच्छा से भरा था। पहले के खिलाड़ियों की तुलना में जो अधिक संयमित और नियंत्रित थे, कोहली का खेल तरीका एकदम अलग था। उन्होंने क्रिकेट के नियमों को तोड़ा और अपने आक्रामक खेल, फिटनेस के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता की आकांक्षा से भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी। जल्दी ही भारतीय टीम फिटनेस और आक्रामकता के एक नए युग का प्रतीक बन गई और कोहली इस बदलाव के सिरमौर थे।

### टेस्ट क्रिकेट में

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट में रिकॉर्ड स्वयं में एक मिसाल है। 27 टेस्ट शतक के साथ, वे वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। भारत के लिए, वे सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 8,000 से अधिक टेस्ट रन और अद्वितीय औसत के साथ, उन्होंने क्रिकेट के इस सबसे कठिन प्रारूप में खुद को साबित किया है। लेकिन कोहली की महानता केवल उनके आंकड़ों में नहीं, बल्कि इस बात में भी है कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को कैसे पुनः परिभाषित किया। उस दौर में जब तेज गेंदबाज और चुनौतीपूर्ण पिचें अक्सर प्रमुख रहती थीं, कोहली ने बिना किसी डर के अपने कौशल का परिचय दिया। चाहे इंग्लैंड की स्विंग करती पिचें हो या भारत की स्पिनिंग पिचें, कोहली ने हर चुनौती का सामना किया। उनकी यात्रा 2014 में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंची, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद खुद को और बेहतर बनाने का फैसला किया। उन्होंने अपने खेल में लगातार सुधार किया और अब वे टेस्ट क्रिकेट के सबसे सशक्त बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं। कोहली ने न केवल रन बनाए, बल्कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के लिए एक नया मानक स्थापित किया।

### नेतृत्वः मैदान पर और मैदान के बाहर एक क्रांति

कोहली का व्यक्तिगत प्रदर्शन भले ही अद्वितीय हो, लेकिन उनका नेतृत्व ही उनकी असली धरोहर है। 2017 में, कोहली ने भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाली और महेन्द्र सिंह धोनी से यह जिम्मेदारी ली। कोहली के नेतृत्व में भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक मजबूत और सफल टीम के रूप में पहचान बनाई। उनकी कप्तानी में भारत ने प्ब्ब टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 का स्थान लंबे समय तक बरकरार रखा।

कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत हासिल की, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई। उनकी कप्तानी में भारत ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया, चाहे वह ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या वेस्ट इंडीज की धरती हो। उनका नेतृत्व न केवल रणनीतिक था, बल्कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में व्यक्तिगत जिम्मेदारी और जवाबदेही का भी माहौल बनाया। कोहली का नेतृत्व भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक लेकर गया।

### टेस्ट क्रिकेटः कोहली की कठोरता की पहचान

टेस्ट क्रिकेट का असली उद्देश्य धैर्य, तकनीक और मानसिकता की परीक्षा लेना है। यह एक खिलाड़ी की चरित्र की वास्तविक परीक्षा होती है। कोहली ने बार-बार यह साबित किया कि उनके पास टेस्ट क्रिकेट में सफल होने की सारी क्षमताएं हैं। उनका समर्पण इस प्रारूप के प्रति हमेशा स्पष्ट था। कुछ क्रिकेटर जहां टी20 लीग और वनडे क्रिकेट की ओर आकर्षित होते हैं, वहीं कोहली ने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता दी। इस खेल में उनकी उपस्थिति यह सुनिश्चित करती थी कि भारत हमेशा एक मजबूत बल्लेबाज के साथ मैदान में उतरे।

कोहली के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक उनकी कठिन परिस्थितियों में बनाए गए शतक हैं। 2014 में एडिलेड में उनका शतक एक बेहतरीन उदाहरण है, जहां उन्होंने भारतीय टीम की गिरावट के बीच अपनी अद्वितीय बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। इसी तरह दक्षिण अफीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके शतक उनके टेस्ट क्रिकेट में अपार योगदान को दर्शाते हैं। लेकिन यह सिर्फ रन बनाने की बात नहीं थी। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को खेलने के तरीके में भी बदलाव किया। उनका मानना था कि टेस्ट क्रिकेट को उत्साह और उद्देश्य के साथ खेलना चाहिए। उनका मानसिकता हमेशा यह थी कि टेस्ट क्रिकेट खेल का सबसे शुद्ध रूप है, और उनका लक्ष्य था कि वे इसमें जितना हो सके योगदान दें। यही कारण है कि जब वे अपने टेस्ट करियर से विदाई ले रहे हैं, तो यह उनके खेल के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा और सम्मान को दर्शाता है।



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

### कोहली का प्रभावः आंकड़ों से कहीं बढ़कर

जब विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से विदा ले रहे हैं, तो इसे केवल उनके आंकड़ों में ही नहीं देखा जाना चाहिए। उनका वास्तविक प्रभाव भारतीय क्रिकेट की संस्कृति पर था। जब कोहली ने भारतीय टीम की कप्तानी संभाली, तो उन्होंने क्रिकेट के प्रति खिलाड़ियों के दृष्टिकोण में एक क्रांति ला दी। उनकी फिटनेस पर जोर, कड़ी मेहनत की प्रतिबद्धता और हर छोटी-से-छोटी बात पर ध्यान देने का तरीका यह दर्शाता है कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनका प्रभाव भारतीय क्रिकेट की युवा पीढ़ी पर गहरा था, जो आज भी उनकी प्रतिबद्धता और आक्रामकता से प्रेरित होकर खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। कोहली केवल एक क्रिकेटर नहीं हैं, बल्कि एक ब्रांड, एक आदर्श और खेल के प्रति एक मिशन के प्रतीक हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि केवल अच्छा क्रिकेट खेलने से ही सफलता नहीं मिलती, बल्कि आपको समर्पित, केंद्रित और महानता की ओर लगातार बढ़ते रहना पड़ता है। उनका मानसिक धैर्य और कार्य नैतिकता भविष्य की पीढ़ियों के लिए मानक बन गया है।

### एक महानता को अलविदा

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक युग का अंत है। उनके योगदान, उनके नेतृत्व और उनके खेल के प्रति समर्पण को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। कोहली के संन्यास के बाद, क्रिकेट की दुनिया उनकी आक्रामकता, उनकी तीव्रता और उनकी शानदार क्रिकेट बुद्धिमत्ता को याद करेगी। लेकिन जो कुछ भी बचा रहेगा, वह यह है कि एक खिलाड़ी ने केवल अपने रन ही नहीं बनाए, बल्कि भारतीय क्रिकेट को एक नई पहचान दी। कोहली ने जो काम किया, वह न केवल आंकड़ों में है, बल्कि उस भावना में है जिसे उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में डाला। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भारत का नाम टेस्ट क्रिकेट में हमेशा सबसे ऊपर रहे।

# ओट्स को रोजाना नाश्ते में खाना हो सकता है नुकसानदायक

नाश्ते को दिन का पहला मील कहा जाता है और इसलिए आप जो भी खाते हैं, उसका सीधा असर आपकी सेहत पर पड़ता है। यही वजह है कि हर किसी को हेल्दी ब्रेकफास्ट करने की सलाह दी जाती है। अमूमन लोग ओट्स को एक हेल्दी नाश्ता मानते हैं। यह कहा जाता है कि ओट्स को वज़न कम करने के लिए काफी अच्छा कहा जाता है। कई बार लोग रोज ही ओट्स खाना शुरू कर देते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि हर दिन ओट्स खाना उतना भी अच्छा ऑप्शन नहीं माना जाता है।

जी हां, इस बात में कोई दोराय नहीं है कि ओट्स हेल्दी होते हैं, लेकिन जब रोज़ाना एक ही चीज़ खाई जाए, जिसमें ना कोई वैरायटी, ना बैलेंस, तो उसका उल्टा असर भी हो सकता है। ओट्स में फाइटिक एसिड होता है, जो मिनरल्स को ठीक से अब्ज़ॉर्ब नहीं होने देता। इसके अलावा ओट्स में प्रोटीन कम होता है, जिससे आपको जल्दी भूख लग जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि हर दिन ओट्स खाने से आपको क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।



### मील हो जाता है बोरिंग

अगर हम रोज़ एक ही चीज़ खाते हैं, चाहे वो कितनी भी हेल्दी हो, तो शरीर उसमें से सिर्फ कुछ ही पोषक तत्व ले पाता है। साथ ही, हर दिन एक जैसा स्वाद मिलने की वजह से तरह-तरह की फूड क्रेविंग्स बढ़ने लगती हैं। ऐसे में कुछ टेस्टी मतलब तला-भुना या मीठा खाने का मन करता है। इससे कहीं ना कहीं आप अपने गोल्स से भटकने लगते हैं।

### फाइटिक एसिड से होता है नुकसान

ओट्स में फाइटिक एसिड मौजूद होता है, जो शरीर में आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे ज़रूरी मिनरल्स को पूरी तरह से अब्जॉर्ब नहीं होने देता। इसलिए, अगर आपको पहले से ही कमजोरी या आयरन की कमी रहती है, तो रोज़ ओट्स खाने से आपकी समस्या बिगड़ सकती है।

### प्रोटीन की कमी

आपका नाश्ता ऐसा होना चाहिए, जिसमें मैक्रो न्यूट्रिएंट्स बैलेंस हों। लेकिन ओट्स में प्रोटीन बहुत कम होता है। अगर आप बिना अंडा, पनीर, सीड्स या प्रोटीन पाउडर के ओट्स खा रहे हो, तो ऐसे में आपको नाश्ते में प्रोटीन मिल ही नहीं रहा। इससे होता ये है कि दो घंटे में फिर से भूख लग जाती है और एनर्जी भी लो हो जाती है।

***डिस्क्लेमरः इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

# भारत व पाकिस्तान से सीजफायर के बाद कई अनसुलझे प्रश्न बाकी हैं



**अशोक भाटिया**

भारत और पाकिस्तान ने सीजफायर का ऐलान कर दिया है। बीते कई दिनों से दोनों देशों के बीच भयंकर तनाव चल रहा है। यह तनाव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से शुरू हुआ, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। आज भारत के विदेश सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सूचना दी कि दोनों देश अब एक दूसरे पर किसी भी प्रकार का हमला नहीं करेंगे। दोनों देश केवल अमेरिकी मध्यस्थता के कारण युद्धविराम के लिए सहमत हुए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत की, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के लिए सहमत हुए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर दोनों देशों को बधाई दी। अमेरिका ने पहले घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम है और बाद में भारत ने इसकी पुष्टि की। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बाद भारत ने घोषणा की थी कि हवाई, थल और समुद्र से हमले रुक जाएंगे, लेकिन विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घोषणा की है कि आतंकवाद के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा।

सीजफायर से दोनों देशों पर हमले रुकेंगे और फायरिंग, ड्रोन और मिसाइलों का प्रवाह रुकेगा, लेकिन क्या पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद नहीं रुकना चाहिए। पहलगाम या पुलवामा में निर्दोष नागरिकों और सुरक्षा बलों की भयावह हत्याओं को अंजाम देने वाले आतंकवादी सामने आने चाहिए। उन्हें किसने प्रशिक्षित किया, उन्हें हथियार और स्वचालित बंदूकें किसने दीं? उन्हें किसने भेजा? उन्हें किसने कहा कि हिंदू पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने गोली मारकर गोली मार दें और पूछें कि उनका धर्म क्या है? नरसंहार के बाद उन्हें किसने छिपाया? किसने उनकी रक्षा की? क्या युद्धविराम के बाद इन सवालों के जवाब मिल पाएंगे? क्या अमेरिका पाकिस्तान को इन सवालों के जवाब देने के लिए मजबूर करेगा? क्या सीजफायर से पाकिस्तान में सुधार होगा? इसकी गारंटी कौन देगा? यदि युद्ध कुछ दिन और जारी रहता तो पाकिस्तान भारत की शक्तिशाली और कुशल सेना के सामने फंस जाता। आंतरिक अशांति पाकिस्तान को और विभाजित कर देती। अमेरिका ने दोनों देशों पर युद्धविराम के लिए दबाव डाला। अमेरिका दो दिन पहले कह रहा था कि जब दोनों देशों के बीच तनाव होगा तो हम शामिल नहीं होंगे, तो अचानक क्या हुआ? युद्धविराम से किसे फायदा होगा? अगर आतंकवाद जारी है तो संघर्ष विराम क्यों, और किसके लिए? पिछले चार दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में प्रवेश किया है और आतंकी शिविरों पर हवाई हमले किए हैं और पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है। 22 अप्रैल, 2025 को आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में प्रकृति का आनंद लेने आए 26 पर्यटकों को गोली मार दी, उनसे उनका धर्म पूछा। परिवार की महिलाओं के सामने अपने पतियों की हत्या कर दी। जाके मोदी से कह दो कश्मीर के स्वर्ग में अपने परिवारों के साथ गई महिलाएं अपने पति के शव के साथ अपने घरों को लौट आईं। आतंकी हमले का बदला लेने के लिए, भारत ने 7 मई की आधी रात के बाद ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन शुरू किया और पाकिस्तान में प्रवेश किया और ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने दुनिया को एक संदेश भेजा। नागरिकों के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, आतंकवादियों के लिए कोई अच्छा नहीं है। पहलगाम नरसंहार के बाद पूरी दुनिया ने देखा कि पाकिस्तान और आतंकियों के बीच का रिश्ता कितना करीब है। भारत ने अक्सर दुनिया के सामने सबूत पेश किया है कि पाकिस्तान और आतंकवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। भारत में आतंकवाद के मास्टरमाइंड मसूद अजहर के रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में पाकिस्तान में वर्दी में पुलिस और सेना के अधिकारी शामिल होते हैं। भारत ने इसकी क्लिप और तस्वीरें दुनिया के सामने पेश की हैं, पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आतंकी ब्रिगेड बनाई जाती हैं, भारत में खून-खराबा करने के लिए उन्हें आधुनिक हथियारों के साथ भारत भेजा जाता है और पाकिस्तान की सरकार उनकी रक्षा भी करती है। आतंकवाद ने न केवल भारत को बल्कि दुनिया के अनगिनत देशों को प्रभावित किया है। आम लोग शांतिपूर्ण जीवन जीना पसंद करते हैं, लेकिन पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद ने भारत में शांति और दैनिक जीवन को बार-बार दागदार किया है। पाकिस्तान उन आतंकवादियों को पसंद करता है जो भारत जाते हैं और बम विस्फोट, रक्तपात और नरसंहार करते हैं। जिनके माता-पिता, जिनके बच्चे, जिनके रिश्तेदार, उनके कुछ पड़ोसी आतंकवाद के शिकार हुए हैं। आतंकवादियों ने बंदूकें उठा ली हैं और भारत में अनगिनत महिलाओं की खोपड़ियां मिटा दी हैं।

लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद उन लोगों में से थे जिन्होंने भारत पर आतंकवादी हमले किए थे। आतंकवादियों ने 13 दिसम्बर, 2001 को भारत के सबसे बड़े संसदीय लोकतंत्र दिल्ली में संसद भवन पर हमला किया। आतंकवादियों ने 2002 में अक्षरधाम मंदिर पर हमला किया। 26 नवम्बर, 2008 को आतंकवादी समुद्र के रास्ते मुंबई आए और हमले को अंजाम दिया। बम विस्फोटों में 166 निर्दोष लोग मारे गए और 300 से अधिक घायल हो गए। मुंबई पुलिस अजमल कसाब को जिंदा पकड़ने में कामयाब रही। उन्होंने पाकिस्तान में ही आतंकवाद की ट्रेनिंग ली थी। भारत ने उसे दुनिया को पाकिस्तान के आतंकी चेहरे के रूप में दिखाया।



**भारत ने 7 मई की आधी रात के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान में प्रवेश किया और ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए**

## सीमाओं की शेरनियां

**वे उठीं जब घने अंधेरों से,**
**ध्वंस की छाया से, मरुस्थल की लहरों से,**
**हर कण में थी बिजली की चमक,**
**हर सांस में था गर्जन का तड़प।**

**सरहदों की सलाखों पर बसी,**
**उनकी आंखों में बसी थी ध्रुव तारा की रोशनी,**
**उनके कदमों में बंधी थी,**
**धरती की धड़कन, पर्वतों की अटलता।**

**वे बसीं उस कोहरे में,**
**जहां दुश्मन की सांसें कांपें,**
**जहां बारूदी सुरंगें भी बिछ जाएं,**
**उनके हौसलों के आगे।**

**रक्त से सींचा है जिन्होंने इतिहास,**
**वो लहरें बनीं अभेद्य दुर्ग,**
**नरम दिलों में फौलाद उगा कर,**
**हर बार खड़ी हैं वे, एक नई परिभाषा।**

**सीमाओं की शेरनियां हैं वे,**
**धरती की हिम्मत, आसमान की ऊंचाई,**
**हर बार लिखेंगी वे नया इतिहास,**
**जब तक सांस है, जब तक तिरंगा है।**



**प्रियंका सौरभ**

# अमेरिका-चीन में बनी ट्रेड डील पर सहमति

## 115 प्रतिशत टैरिफ घटाया, अब यूएस 30 और चीन 10 प्रतिशत टैरिफ एक दूसरे पर लगाएंगे

**जेनेवा।** अमेरिका और चीन के बीच जेनेवा में ट्रेड डील पर सहमति बन गई है। दोनों देशों ने टैरिफ में 115 प्रतिशत कटौती का ऐलान किया है। जिनेवा में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक अमेरिका, चीनी सामानों पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं चीन, अमेरिकी सामानों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। दोनों देशों के बीच टैरिफ में यह कटौती फिलहाल 90 दिनों के लिए हुई है। जिनेवा में दो दिनों की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच यह समझौता हुआ है। चीन के साथ चल रहे ट्रेड वार के बीच इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बड़ी जीत माना जा रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेन्ट और अमेरिकी व्यापार प्रति. निधि जेमीसन ग्रीर ने ट्रेड डील को लेकर हुई बातचीत के बाद मीडिया से बातचीत की। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा-यह घाटा कम करने के लिए अच्छी डील व्हाइट हाउस ने 11 मई को एक बयान में चीन व्यापार समझौते की घोषणा की थी। हालांकि व्हाइट हाउस ने तब इसकी डिटेल नहीं दी थी। चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लीफेंग ने कहा था कि जिनेवा में सोमवार को एक जाइंट स्टेटमेंट जारी किया जाएगा। वहीं, उप वाणिज्य मंत्री ली चेंगगैंग ने कहा कि इसमें दुनिया के लिए अच्छी खबर होगी। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे व्यापार घाटा कम करने के लिए एक डील बताया, जबकि चीनी अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच अहम सहमति बनी है और नए सिरे से आर्थिक बातचीत शुरू करने पर सहमति हुई है। पिछले महीने ट्रम्प ने चीनी सामानों पर 145 प्रतिशत टैरिफ लगा दिए थे, जिसके बदले चीन ने भी अमेरिकी सामान पर 125 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया था। जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सालाना 600 अरब डॉलर का व्यापार लगभग रुक गया था। अमेरिकी व्यापार प्रति. निधि जैमीसन ग्रीर ने पत्रकारों को बताया, दोनों पक्ष बहुत जल्दी एक समझौते पर पहुंच पाए, इससे पता चलता है कि शायद मतभेद उतने बड़े नहीं थे जितना पहले सोचा जा रहा था। हालांकि, इन दो दिनों की बात. चीत से पहले काफी तैयारी की गई थी।



## अमेरिका-चीन के बीच शुल्क कटौती भारत के लिए अवसर

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) ने कहा है कि चीन और अमेरिका द्वारा हाल ही में एक-दूसरे की वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती के प्रस्ताव को दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार के क्षेत्र में तनाव में महत्वपूर्ण कमी को दर्शाता है। फियो इसमें भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों देख रहा है। चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर आयात-शुल्क 90 दिनों के लिए 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने और चीन पर अमे. रिका द्वारा चीनी वस्तुओं पर टैरिफ को 145 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने का पारस्परिक प्रस्ताव, दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव में महत्वपूर्ण कमी दर्शाता है। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने माना कि हालांकि इस तरह के घटनाक्रम वैश्विक व्यापार स्थिरता के लिए मोटे तौर पर सकारात्मक हैं, लेकिन वे भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों चीन-अमे. रिका के इन फैसलों से इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और रसायन जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में अमे. रिका-चीन द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि होने की संभावना है। इससे दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे तीसरे बाजारों में भारतीय निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, जहां भारत ने हाल ही में अमेरिका-चीन व्यापार व्यवधानों का लाभ उठाकर अपनी पैठ बनाई है। हालांकि, भारत इस बदलाव का लाभ फार्मास्युटिकल एपीआई, रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, कार्बनिक रसायन और आईटी-सक्षम सेवा जैसे उन क्षेत्रों में निर्यात को मजबूत करने के लिए उठा सकता है, जो अमेरिका-चीन व्यापार से अपेक्षाकृत अछूते हैं। फियो अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि भारत को अपनी तरजीही व्यापार पहुंच को सुरक्षित और विस्तारित करने के लिए अमेरिका के साथ गंभीरता से बातचीत करनी चाहिए, तथा एक विश्वसनीय वैकल्पिक स्रोत गंतव्य के रूप में अपनी भूमिका पर जोर देना चाहिए। रल्हन ने कहा कि टैरिफ कटौती की अस्थाई प्रकृति के कारण कंपनियां मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं के तहत भारत में विनिर्माण का विस्तार करके भविष्य की अस्थिरता से बचाव कर सकती हैं, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो घटकों और वस्त्रों में। उन्होंने कहा कि फियो इस उभरते परिदृश्य पर नजर रखेगा, तथा भारत के व्यापार हितों की रक्षा और संवर्धन सुनिश्चित करने के लिए नीति निर्माताओं के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

## चीन में भूकंप के तेज झटके

**ल्हासा।** दक्षिण-पश्चिम चीन के शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर में ल्हाजे काउंटी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार सोमवार सुबह 5:11 बजे महसूस किए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गई। भूकंप के कारण किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

भूकंप का केंद्र 28.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.54 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई में केंद्रित था। काउंटी के स्थानीय अधिका. रियों ने न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि भूकंप का जोरदार झटका महसूस किया गया, जिससे कुछ निवासी जाग गए। भूकंप के बाद काउंटी ने तुरंत प्रतिक्रिया उपाय शुरू किए, इसके टाउनशिप ने प्रभाव का आकलन किया। काउंटी से अग्निशमन और बचाव दल को भूकंप के केंद्र पर भेज दिया गया है।



जांच-पड़ताल

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अदुल्ला हाल ही में सीमा पार से हुई गोलीबारी के बाद प्रभावित लोगों की स्थिति का आकलन करने के लिए पुंछ पहुंचे।

# भारत-पाक के बीच खतरा अभी टला नहीं

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक चला संघर्ष 10 मई की शाम 5 बजे थम गया। अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर दोनों के बीच सीजफायर की घोषणा की। इसके बाद दोनों देशों के अधिकारियों की तरफ इसकी पुष्टि की गई। 4 दिनों तक चले संघर्ष के बाद हुए इस सीजफायर पर लेकर दुनियाभर की मीडिया का रिएक्शन भी आया। अमे. रिका मीडिया ने सीजफायर के लिए ट्रम्प को क्रेडिट देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दूसरी तरफ कुछ अखबारों ने सीजफायर के बाद भी खतरे की आशंका जताई। न्यूयार्क टाइम्स ने सीजफायर पर रिएक्शन देते हुए लिखा कि भारत-पाकिस्तान के बीच खतरा अभी टला नहीं है। एलवाईटी के मुताबिक आने वाले समय में ऐसे और भी संघर्ष हो सकते हैं। भले ही दोनों देश जंग की कगार से पीछे हट गए हैं, लेकिन इस संघर्ष में बहुत कुछ नया था। नई मिलिट्री टेक्नोलाजी ने हवाई हमलों को तेज कर दिया है। पहली बार दोनों के संघर्ष में सैकड़ों हथियारबंद ड्रोन भी शामिल हुए। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा कि अमेरिका ने भारत-पाक में संघर्ष विराम कराने में मदद की, लेकिन पूछा कि क्या यह टिक पाएगा। चार रात तक भारत और पाकिस्तान के प्रमुख शहरों के आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते रहे। परमाणु हथियार से संपन्न पड़ोसी देश पूरी तरह युद्ध की तरफ बढ़ रहे थे। फिर अचानक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संघर्षविराम की घोषणा कर दी। सीएनएन ने लिखा-सबसे भयानक लड़ाई के खत्म होने की उम्मीद जगी, भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर लागू होता दिख रहा है। दोनों पक्षों ने इस सहमति पर अपनी प्रतिबद्धता जता रहे हैं। इसकी वजह से दो परमाणु हथियार वाले देशों के बीच दशकों में हुई सबसे बड़ी रुक गई है। फ्रांसीसी अखबार फ्रांस 24 ने 10 मई की शाम हुए सीजफायर और उसी रात सीजफायर उल्लंघन पर प्रतिक्रिया दी। अखबार ने लिखा कि रात भर चली चली झड़पों के बावजूद भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर जारी है। भारत-पाकिस्तान में संघर्ष विराम पर ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। अपने विश्लेषण में द गार्जियन ने लिखा कि भले ही दोनों देश जंग की कगार से पीछे हट गए हैं, लेकिन दशकों विवाद और शत्रुता अभी भी कायम है।



इमरान रजा अपने पिता, बीएसएफ सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज को श्रद्धांजलि देते हुए जिन्होंने जम्मू जिले में ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवा दी।

# इजरायल ने फिर किया गाजा में हमला, 16 लोगों की मौत

## आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं हुईं शिकार

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इजरायल की तरफ से हवाई हमले लगातार जारी है, वहीं ताजा हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है। इसे लेकर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं शिकार बने हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि जबालिया इलाके में एक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए लोगों में कम से कम पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। इसने यह भी बताया कि कई लोग घायल हुए हैं। इस मामले में इजरायली सेना का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है और नागरिकों की मौत के लिए हमास को दोषी ठहराती है क्योंकि उसके लड़ाके घनी आबादी वाले इलाकों में काम करते हैं। नवीनतम हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। बता दें कि, यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर जा रहे हैं। दो महीने पहले युद्धविराम समाप्त करने के बाद, इजरायल गाजा पट्टी में युद्ध को और तेज कर रहा है, जहां भोजन, दवा और अन्य आपूर्ति पर 10 सप्ताह की नाकाबंदी के कारण मानवीय संकट और भी बदतर हो गया है।



## अफगानिस्तान में खदान ढही, तीन की मौत

काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में रविवार को बेशकीमती पत्थरों की एक खदान का एक हिस्सा ढहने से तीन खनिकों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार के अधिकारी मोहम्मद कामगर के हवाले से सोमवार को यहां टोलोन्यूज ने बताया कि कल अश्कशिम जिले में बेशकीमती पत्थरों की खदान में काम कर रहे खनिक अचानक खदान का एक हिस्सा ढह जाने से दब गए। इससे तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि इस वर्ष मार्च के अंत में इसी तरह की एक दुर्घटना में बदख्शां के पड़ोसी तखर प्रांत में दो स्वर्ण खनिकों की जान चली गई थी।

# इजरायल ने यमन बंदरगाहों पर हमले किए

**सना।** इजरायली सेना ने रविवार देर रात पश्चिमी यमन के होदेइदाह प्रांत में तीन बंदरगाहों पर हवाई हमले किए। यमन के विद्रोही समूह हौती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार निकासी की चेता. वनी जारी करने के तुरंत बाद इजरायली सेना की ओर से ए हमले किए गए। हमलों में होदेइदाह, रास इस्सा और अस-सलिफ बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, जो सभी लाल सागर के किनारे स्थित हैं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय निवासियों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि हौती कार्यकर्ता हमलों से पहले ईंधन की खेप प्राप्त करने के लिए बंदरगाहों को तैयार कर रहे थे। हमलों से लगभग 40 मिनट पहले इजरायल ने कथित तौर पर नागरिकों को क्षेत्रों को छोड़ने की चेतावनी दी थी। इससे पहले दिन में, ब्रिटिश समुद्री व्यापार संचालन ने भी जहाजों को हौती-नियंत्रित बंदरगाहों के पास के जल क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी थी। यह हमला मंगलवार को इजरायली हवाई हमलों के जवाब में किया गया, जिसमें सना में दर्जनों लोग मारे गए और राजधानी के हवाई अड्डे को नष्ट कर दिया गया, जिसमें तीन वाणिज्यिक विमान भी शामिल थे। रविवार के हमले हाल के हफ्तों में हौथी-नियंत्रित बंदरगाहों पर इजरायली हमलों की श्रृंखला में नवीनतम हैं, उन क्षेत्रों में ईंधन की बढ़ती कमी के बीच। पिछले हफ्ते, ओमान ने घोषणा की कि उसने हौथियों और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक युद्धविराम समझौता कराया है, जिसके तहत हौथियों ने हौथी ठिकानों पर अमेरिकी हवाई हमलों को रोकने के बदले में लाल सागर में अमे. रिकी जहाजों पर हमलों को निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की। गौरतलब है कि हौती समूह ने शुक्रवार को इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली।

# भारत से तीन मुद्दों पर बातचीत होः आसिफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत में कश्मीर, आतंकवाद और पानी के तीनों प्रमुख मुद्दे शामिल होने चाहिए। जियो न्यूज से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये तीनों मुद्दे ऐतिहास से जुड़े हुए हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। वहीं पाकिस्तान के केंद्रीय मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि भारत की सभी पांच मोर्चे पर हार हुई है। उन्होंने कहा कि भारत न सिर्फ थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के मोर्चे पर हारा है, बल्कि डिप्लोमेसी और मीडिया के मोर्चे पर भी हार हुई है। नकवी ने कहा कि बलूचिस्तान में सक्रिय सभी भारतीय प्रॉक्सी को भी हराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान पर दोबारा हमला करने से पहले दो बार सोचेगा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत में कश्मीर, आतंकवाद और पानी के तीनों प्रमुख मुद्दे शामिल होने चाहिए। उन्होंने कहा कि ये तीनों मुद्दे ऐतिहास से जुड़े हुए हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। आसिफ ने कहा, पाकिस्तान और भारत के लिए इन मुद्दों को हल करने का एक बड़ा मौका है। दोनों देशों के बीच ज्यादातर संघर्ष कश्मीर मुद्दे के कारण हुए हैं। पाकिस्तान के संघीय गृहमंत्री मो. हसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि भारत की सभी पांच मोर्चे पर हार हुई है। उन्होंने कहा कि भारत न सिर्फ थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के मोर्चे पर हारा है, बल्कि डिप्लोमेसी और मीडिया के मोर्चे पर भी हार हुई है। नकवी ने कहा कि बलूचिस्तान में सक्रिय सभी भारतीय प्राक्सी को भी हराया जाएगा।

## इंडोनेशिया में विस्फोट से चार सैनिकों समेत 13 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में सोमवार को इस्तेमाल करने की अवधि समाप्त हो चुके गोला-बारूद को नष्ट किए जाने के दौरान कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंडोनेशियाई सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल वाह्यु युधायाना ने बताया कि यह घटना जकार्ता समयानुसार सुबह 9:30 बजे गरुट रीजेंसी के सागरा गांव में हुई। पीड़ितों में चार सैनिक और नौ नागरिक शामिल हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इंडोनेशियाई सेना के चार कर्मी और समुदाय के नौ सदस्य मारे गए। उन्होंने कहा कि दो छेदों में विस्फोट सफलतापूर्वक किया गया हालांकि, जब टीम तीसरे छेद में डेटोनेटर तैयार कर रही थी, तो एक अप्रत्याशित विस्फोट हुआ।

# 3400 करोड़ का विमान गिफ्ट में मिलेगा ट्रम्प को

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दुनिया का सबसे महंगा तोहफा मिलने वाला है। कतर सरकार ट्रम्प को तोहफा में लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट देने वाली है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर (लगभग 3400 करोड़ रुपये) है। ट्रम्प मंगलवार को कतर के दौर पर जाएंगे। तब इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान किया जा सकता है। यह तोहफा किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा। हालांकि ऐलान के बाद भी ट्रम्प को यह तोहफा अभी नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक इसमें समय लग सकता है। 2029 में राष्ट्रपति ट्रम्प का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस विमान का इस्तेमाल किया जा सकेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प इस विमान को अस्थाई रूप से एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिका. रिक विमान होता है। फिलहाल ट्रम्प का निजी विमान ट्रम्प फोर्स वन एक पुराना 757 जेट है, जो 1990 के दशक का है। इसे 2011 में खरीदा गया था।

कतर का प्लेन अभी के फोर्स वन से कहीं ज्यादा आधुनिक और शानदार है। हालांकि कतर ने इस बात से अब तक इनकार किया है कि प्लेन तोहफा में दिया जा रहा है। बीबीसी के मुताबिक सरकार के प्रवक्ता अली अल-अंसारी ने कहा कि प्लेन के ट्रांसफर को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है। ट्रम्प के कार्यकाल के अंत में यह प्लेन उनकी लाइब्रेरी को दान कर दिया जाएगा। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि तोहफा मिलने के बाद भी ट्रम्प इस प्लेन का तुरंत इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।




सुरक्षा मंजूरी मिलने में कुछ समय लग सकता है। ट्रम्प तोहफा में मिले लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट का इस्तेमाल कुछ सालों बाद ही कर पाएंगे। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान दो बोइंग 747 को आधुनिक बनाने के लिए एक सौदा किया था, जिसका इस्तेमाल नए एयर फोर्स वन विमान के रूप में किया जाता। लेकिन बोइंग के साथ हुए सौदे में बार-बार देरी के कारण बजट से 2 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है। बोइंग ने कहा कि प्लेन की डिलीवरी में साल 2027 तक का वक्त लग सकता है। ट्रम्प इससे नाराज हुए थे। उन्होंने कहा था कि वह विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसके बाद ट्रम्प फरवरी में कतर के 747-8 प्लेन को देखने गए थे। तब यह प्लेन फ्लोरिडा में पाम बीच एयरपोर्ट पर खड़ा था। ट्रम्प ने कहा था कि वे बोइंग से खुश नहीं हैं। वे बहुत लेट डिलीवरी करते हैं, ऐसे में हम एक प्लेन खरीद सकते हैं, या कहीं से हासिल कर सकते हैं।